RNI NO.CHHHIN/2015/62431 ● बिलासपुर, सोमवार 25 सितंबर 2023, ● शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2080

दैनिक **नव प्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

● वर्ष-9 ● अंक- 176 पृष्ठ-12 ● मूल्य-4 रुपए ● रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

नाम शुभ रखने से लाभ नहीं होता। काम अशुभ करोगे और भारत में आकर लाभ उठा लोगे यह नए भारत में हो ही नहीं सकता। कनाडा के मशहूर सिंगर शुभ ने सोशल मीडिया पर भारत का आपत्तिजनक फोटो अपलोड किया। जिसमें भारत के नक्शे से कश्मीर, पंजाब और पूर्वोत्तर को हटा दिया गया है। नतीजतन उसका भारत में इस कदर विरोध हुआ कि यहां होने वाले उनके दस कार्यक्रम निरस्त हो गए। शुभ जैसे अहमकों को जो आ बैल मुझे मार वाली कहावत चरितार्थ करते है उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि देश विरोधियों के लिए भारत ने कोई जगह नहीं है।

वन नेशन वन इलेक्शन की ओर देश

■ दिल्ली में कमेटी की पहली हाई लेवल मीटिंग

नई दिल्ली (ए.)। देश में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की दिशा में कदम आगे बढ़ते जा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित हाई-लेवल मीटिंग ने शनिवार को नई दिल्ली में अपनी पहली बैठक की। इस दौरान मुद्दे पर सुझाव देने के लिए राजनीतिक दलों और विधि आयोग को आमंत्रित करने का निर्णय लिया। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर सिफारिश करने के वास्ते 2 सितंबर को 8 सदस्यीय उच्च-स्तरीय समिति गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की थी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष काश्यप और पूर्व सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी बैठक में मौजूद थे। सीनियर वकील हरीश साल्वे ऑनलाइन तरीके से बैठक में शामिल हुए। बयान में कहा गया कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी बैठक में मौजूद नहीं थे। चौधरी ने हाल में गृह मंत्री शाह को लिखे एक पत्र में समिति का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था। चौधरी ने पत्र में कहा था, 'मुझे उस समिति में काम करने से इनकार करने में कोई झिझक नहीं है, जिसकी संदर्भ शर्तें इसके निष्कर्षों की गारंटी के लिए तैयार की गई हैं। यह पूरी तरह से छलावा है।'

देश को 9 नई वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात

■ पीएम मोदी ने किया 11 राज्यों को वंदे भारत समर्पित

पीक सीजन से पहले बड़ा गिफ्ट

अधिकारियों के अनुसार, बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच काचीगुडा-यशवंतपुर ट्रेन सेवा सबसे कम समय के साथ दोनों शहरों के बीच चलने वाली सबसे तेज़ ट्रेन होगी। इसी तरह, विजयवाड़ा-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल रूट की वंदे भारत ट्रेन इस रूट पर पहली और सबसे तेज ट्रेन होगी।

नई दिल्ली (ए.)। पीएम नरेंद्र मोदी ने 11 राज्यों को बड़ा गिफ्ट देते हुए नौ वंदे भारत एक्सप्रेस देश को समर्पित कीं। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। ये नौ ट्रेनें ग्यारह राज्यों राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में चलेंगी। ये सुपर फास्ट ट्रेनें अपने मार्गों पर सबसे तेज़ ट्रेन होंगी और यात्रियों का काफी समय बचाने में मदद करेंगी।

वंदे भारत देश के हर हिस्से को जोड़ेंगी- प्रधानमंत्री मोदी : वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा, ''वंदे भारत रेलगाड़ियों ने पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी ला दी है।'' भारत में आज आत्मविश्वास का जो वातावरण बना है वैसा पिछले कई दशकों में नहीं हुआ है। देश के कई रेलवे स्टेशनों का संचालन पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा किए जाने के लिए उन्होंने भारतीय रेलवे को बधाई दी और कहा कि उनकी सरकार रेलवे में यात्रा की सुगमता पर लगातार जोर दे रही है। वंदे भारत ट्रेन इसी भावना का एक प्रतिबिंब है। भारतीय रेलवे देश के गरीब और मध्य श्रेणी के लोगों की सबसे भरोसेमंद साथी है। एक दिन में जितने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कायाकल्प पर भी जोर

पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके बावजूद भारतीय रेलवे को आधुनिक बनने पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार भारतीय रेलवे के कायाकल्प पर जोर दे रही है। रेलवे के पहले के बजट में उनकी सरकार ने कई गुना वृद्धि की है और रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में तेजी से काम कर रही है तथा यात्रियों के लिए सुगमता पर जोर दे रही है।

11 राज्यों से होकर गुजरेंगी

ये वंदे भारत एक्सप्रेस राजस्थान, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, बिहार, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेंगी।

भाजपा से हाथ मिलाया तो कर्नाटक में लगा जेडीएस को जोर का झटका

उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

बेंगलुरु (ए.)। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले जनता दल (सेक्युलर) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ हाथ मिलाने का फैसला किया है। इस ऐलान के कुछ दिनों के बाद जेडीएस के कर्नाटक के उपाध्यक्ष सैयद शफीउल्ला साहब ने पार्टी से अपना नाता तोड़ने का फैसला किया है। शफीउल्ला ने कर्नाटक अध्यक्ष को लिखे अपने इस्तीफे में कहा कि उन्होंने जेडीएस और भाजपा के साथ गठबंधन के कारण खुद को पार्टी से अलग कर लिया है।

उन्होंने कहा, मैं बताना चाहूंगा कि मैंने समाज और समुदाय की सेवा करने के लिए कड़ी मेहनत की है। पार्टी की सेवा की है, क्योंकि हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष साख पर विश्वास करती है और उस पर कायम है। हमारे नेता कुमारस्वामी ने भाजपा से हाथ मिला लिया है। इससे पहले भी जब भाजपा के साथ हमारी पार्टी गई थी तो मैंनें उस अवधि के लिए पार्टी से बाहर रहने का विकल्प चुना था।'' उन्होंने आगे लिखा, ''चूंकि पार्टी के वरिष्ठ नेता अब भाजपा के साथ हाथ मिलाने का फैसला कर रहे हैं, इसलिए मेरे पास पार्टी के उपाध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा देने और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। सूत्रों ने बताया कि उनके अलावा जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महाकाल अब अरबपति...

■ उज्जैन के मंदिर ने 8 माह में बनाया कमाई का नया रिकॉर्ड

उज्जैन (ए.)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर की आय अब अरबों रुपये में पहुंच गई है। महाकाल लोक के लोकार्पण के बाद लगातार बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या ने बीते 8 महीनों में कमाई के पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 3 करोड़ 50 लाख श्रद्धालुओं ने इस दौरान महाकाल दर्शन कर महाकाल मंदिर की आय अरबों में पहुंचा दी है। यह आय मंदिर समिति को श्रद्धालुओं द्वारा लिए गए लड्डू प्रसादी, गर्भगृह दर्शन, शीघ्र दर्शन और दान पेटी से प्राप्त हुई है। हालांकि, महाकाल मंदिर समिति का खर्च भी 3 गुना बढ़ गया है।

उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर मंदिर में 11 अक्टूबर 2022 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकाल लोके का लोकार्पण किया था। इसके बाद श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। महाकाल मंदिर प्रशासक संदीप सोनी के अनुसार, जहां पहले 20 से 30 हजार श्रद्धालु रोज आते थे। वहीं अब यह संख्या बढ़कर डेढ़ से दो लाख हो गई है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने लड्डू प्रसादी, शीघ्र दर्शन आदि में जमकर दान किया, जिससे महाकाल की आय में भी जबर्दस्त वृद्धि हुई है। इस बार सावन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इंतजार... राहुल कल रायपुर से बिलासपुर जनरल कोच में जा सकते हैं

राहुल आएंगे प्लेन से, जायेंगे ट्रेन से, लौटेंगे एलटीटी में

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस से प्रधानमंत्री फेस राहुल गांधी सोमवार की सुबह 9 बजे छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। वैसे तो राहुल दिल्ली से रायपुर आएंगे प्लेन से, लेकिन बिलासपुर के तखतपुर में आयोजित कांग्रेस के आवास सम्मलेन में ट्रेन से जायेंगे।

राहुल रायपुर,बिलासपुर तक का सफर ट्रेन में तय कर सकते हैं। फ़िलहाल किस श्रेणी में बैठकर वो यह यात्रा करेंगे इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि उनके रायपुर से इंटरसिटी एक्सप्रेस और वापसी एलटीटी एक्सप्रेस से आना संभावित है।

राहुल दिल्ली से विमान से सुबह 9 बजे माना पहुंचेंगे। फिर 11.15 बजे रायपुर बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से रवाना होंगे। कल बिलासपुर के तखतपुर में कांग्रेस सरकार और संगठन का आवास सम्मेलन आयोजित है। इसे संबोधित करने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आ रहे हैं।

शाम 5 बजे भी वे बिलासपुर से एलटीटी एक्स्प्रेस से रायपुर आकर सवा आठ बजे के विमान से दिल्ली लौट जाएंगे। अभी यह तय नहीं है कि राहुल ट्रेन की जनरल, स्लीपर या एसी बोगी में सफर करेंगे।

उनके साथ सीएम भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम सिंहदेव, स्पीकर चरण दास महंत, पीसीसी चीफ दीपक बैज भी होंगे। विस्तृत कार्यक्रम की प्रतीक्षा है। बता कि राहुल विधानसभा चुनाव और आने वाले लोकसभा चुनाव में आम जनों और हर वर्ग के मतदाताओं से रूबरू होने का लगातार प्रयास कर रहे हैं।

बीते दिनों खेत में रोपा लगाते, कुलियों संग सामान उठाते, ट्रक चलाते और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इसरो चीफ ने बताया विक्रम और प्रज्ञान के जागने की कब तक कायम रहेगी उम्मीद

बेंगलुरु (ए.) चंद्रमा पर सूर्योदय हुए तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर ने फिर से काम करना नहीं शुरू किया है। दोनों अभी तक स्लीप मोड में हैं, जिनको लेकर उम्मीद की जा रही थी कि शुक्रवार को दोनों फिर से जग सकते हैं। दोनों मॉड्यूल्स को इस महीने की शुरुआत में चांद पर रात होने के चलते स्लीप मोड में डाल दिया गया था और चमत्कार की उम्मीद की जा रही थी कि जब चांद पर फिर से उजाला होगा तो दोनों सूर्य की रोशनी से चार्ज होकर फिर से सिग्नल भेजने लगेंगे। हालांकि, शनिवार रात तक ऐसा नहीं हो सका है।

इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ ने 'टाइम्स ऑफ इंडिया' को बताया कि अब तक कोई भी सिग्नल नहीं मिला है, लेकिन मैं यह नहीं कह सकता कि यह नहीं आएंगे। पूरे लूनर डे (पृथ्वी के दिन के हिसाब से 14 दिन) तक इंतजार करेंगे, क्योंकि तब तक सूर्य की रोशनी लगातार पड़ती रहेगी, जिसका मतलब है कि तापमान में बढ़ोतरी होगी।'' उन्होंने आगे बताया कि जब तक तापमान बढ़ रहा है तब तक अंदर सिस्टम के गर्म होने की संभावना है। इसलिए सिस्टम 14वें दिन भी जाग सकता है, यह कब हो सकता है, इसकी भविष्यवाणी करने का कोई तरीका नहीं है।''

इसरो चीफ ने आगे कहा कि हमारे द्वारा किए गए कई प्रयोगों ने हमें डेटा दिया है, लेकिन यह समय

के साथ बदल सकता है। उदाहरण के लिए, चाएसटीई (चांद का सरफेस थर्मो फिजिकल एक्सपेरिमेंट) को एक नए स्थान पर रखा जा सकता है। यदि हम एक और ÷हॉप÷ करते हैं तो हम किसी अन्य स्थान से एक नया डेटासेट प्राप्त कर सकते हैं, जो अच्छा है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि रेडियो एनाटॉमी ऑफ मून बाउंड हाइपरसेंसिटिव आयनोस्फीयर और एटमॉस्फियर को भी एक अलग स्थान से चंद्रमा की जांच करने से लाभ होगा और जहां तक अन्य पेलोड जाते हैं, इसका फायदा एक अलग समय से डेटा प्राप्त करने में होगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख केंद्रों में से एक अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के निदेशक ने कहा था कि चंद्रमा पर सूर्योदय के कारण सौर ऊर्जा से संचालित लैंडर और रोवर के चार्ज होते ही सिग्नल आ जाएंगे। हालांकि, अभी तक कोई सिग्नल नहीं आया है और चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान से संपर्क स्थापित करने की कोशिशें जारी हैं। वैज्ञानिक देसाई ने कहा था कि फिर से एक्टिव होने के 50-50 चांसेस हैं। यदि इलेक्ट्रॉनिक्स ठंडे तापमान से बचे रहते हैं तो हमें सिग्नल प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा, ÷अन्यथा, मिशन पहले ही अपना काम कर चुका है।÷ वैज्ञानिक ने यह भी कहा कि यदि लैंडर और रोवर को फिर से जगाया जाता है, तो चंद्रमा की सतह पर प्रयोग जारी रहेंगे।

■ न्यूज गैलरी

गणेश उत्सव में बुर्का पहनकर कर रहा था डांस, पुलिस ने किया अरेस्ट

वेल्लोर (ए.)। पुलिस को एक शिकायत मिली थी जिसमें कहा गया था कि 21 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दौरान बुर्का पहने और नाचते हुए एक व्यक्ति का वीडियो वायरल हो गया था और कार्रवाई की मांग की गई थी। शिकायत मिलने के बाद एक टीम ने जांच शुरू की और वीडियो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान विरुथमपट्टू के अरुण कुमार के रूप में की। इसके बाद, अरुण कुमार को दो समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सख्त चेतावनी भी दी कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इसमें शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है और आगे की जांच जारी है।

जम्मूतवी एक्सप्रेस में फिल्मी स्टाइल में डकैती

झारखंड/वार्ता। झारखंड के बरवाडीह और लातेहार स्टेशन के बीच एक बड़ी वारदात सामने आई है। यहां संबलपुर से जम्मूतवी जाने वाली जम्मूतवी एक्सप्रेस में फिल्मी स्टाइल में डकैती और लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस दौरान बदमाशों ने फायरिंग भी की है, जिससे कई यात्रियों के घायल होने की भी सूचना है। अपराधियों ने ट्रेन यात्रियों से लाखों की लूटपाट की। इस दौरान यात्रियों से मारपीट भी की। जानकारी के अनुसार यह घटना बीती देर रात की है। अपराधियों ने संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस के एस-9 बोगी में वारदात को अंजाम दिया है। लूटपाट के बाद अपराधी फरार हो गए। वहीं, जब ट्रेन डालटनगंज स्टेशन पहुंची, तो यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। इस कारण ट्रेन डालटनगंज मे करीब दो घंटे खड़ी रही। बाद में घायल यात्रियों का डालटनगंज स्टेशन पर ही प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई। यात्रियों ने बताया कि लूटपाट के दौरान बदमाशों ने आठ से दस राउंड फायरिंग की। पुलिस ने स्लीपर बोगी एस 9 से दो खोखा बरामद कर दिया है। आधा दर्जन अपराधी करीब 35 से 40 मिनट तक लूटपाट करते रहे। बरवाडीह स्टेशन के पास जैसे ही ट्रेन रुकी, सभी अपराधी उतरकर फरार हो गए। लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने कुछ यात्रियों की जमकर पिटाई भी कर दी।

15 से शुरू होगा रियलिटी शो बिग बॉस 17

मुंबई/वार्ता। रियलिटी शो बिग बॉस 17 कलर्स टीवी पर 15 अक्टूबर से शुरू होगा।'बिग बॉस ओटीटी 2 की सफलता के बाद एक बार फिर सलमान खान 'बिग बॉस' के अगले सीजन को होस्ट करने जा रहे हैं। कुछ दिन पहले ही 'बिग बॉस 17' का पहला प्रोमो रिलीज हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया था। कलर्स टीवी पर प्रसारित होने वाला 'बिग बॉस 17' का नया प्रोमो मेकर्स ने जारी कर दिया है। वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है, इस बार टेस्ट होगा प्यार, किसी की होगी जीत तो किसी की होगी हार। प्रोमो में सलमान खान कहते नजर आए कि बिग बॉस में घरवालों को इश्क में कड़े इम्तिहान देने होंगे। एक और प्रोमो में सलमान खान ने बताया कि इस बार बिग बॉस के घर में कई धमाकेदार कंटेस्टेंट्स आएंगे, जो आग से खेलेंगे। इन प्रोमो के साथ एलान किया गया है कि शो 15 अक्टूबर से रात 09 बजे शुरू हो रहा है। आप इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 24 घंटे लाइव देख सकते हैं।

महिला आरक्षण विधेयक धोखा : सिद्दारमैया

बेंगलुरु/वार्ता। । कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने महिला आरक्षण विधेयक की राह में रोड़े 'पैदा' कर महिलाओं को 'धोखा' देने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की है। सिद्दारमैया कहा कि जनगणना, परिसीमन और कानून को प्रभावी होने में लगने वाला अधिक समय जैसी बाधाओं से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का पाखंड उजागर हो गया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक 2026 में जनगणना के बाद ही लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक के लिए 15 साल की समाप्ति तिथि तय की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधेयक लागू होने से पहले ही खत्म हो जाएगा, क्योंकि जनगणना और परिसीमन की बाधाओं को दूर करने में 15 साल लगेंगे। दूसरे शब्दों में कहें तो विधेयक का कार्यान्वयन 2024 या 2029 में नहीं होगा। यहां तक कि 2034 में भी यह प्रभावी नहीं होगा।

यूपी में 10 परिवारों के 70 लोग बने हिंदू

मुजफ्फरनगर/वार्ता। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के बघरा में स्थित योग साधना यशवीर आश्रम में महंत स्वामी यशवीर जी महाराज के सानिध्य में मुजफ्फरनगर जिले के 10 मुस्लिम परिवारों के 70 सदस्यों ने शुद्धि यज्ञ में गायत्री मंत्रों के साथ आहुति देने के बाद हिंदू धर्म को अपनाया। इन परिवारों के सभी 70 सदस्यों के नाम भी बदल दिए गए। अब नाहिद को अरविंद कुमार, नाजिया को कविता तो गुलशन को अक्षय कुमार कहा जाएगा। इसी तरह से परिवार के अन्य सदस्यों के नये नाम रखे गये हैं। योग साधना यशवीर आश्रम में महंत स्वामी यशवीर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में आचार्य मृगेंद्र ब्रह्मचारी ने वेद मंत्रों के साथ विधि-विधान से हवन-पूजन कराकर 10 परिवारों के इन 70 सदस्यों की शुद्धि की। जाकिर का कहना है कि उनके पूर्वज हिंदू ही थे, लेकिन बाद में किसी वजह से उन्होंने 10 वर्ष पूर्व इस्लाम कबूल कर लिया था। अब वह दोबारा हिन्दू धर्म में वापसी कर रहे हैं। आचार्य मृगेंद्र ब्रह्मचारी महाराज जी ने बताया कि अब तक 1,100 मुस्लिम लोगों ने दोबारा हिन्दू धर्म में वापसी की है। प्रदेश में पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में हिंदुओं का उत्पीड़न कर उन्हें डराकर मुस्लिम बनाया जाता था, लेकिन अब प्रदेश में दूसरी बार योगी आदित्यनाथ जी की सरकार बनने और माहौल ठीक होने पर पहले धर्म छोड़ गए लोग पुन÷ हिंदू धर्म में वापसी कर रहे हैं। जो धर्म बदल कर चले गए थे अब उनका स्वाभिमान जाग रहा है और वह वापसी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर के निवासी इन 10 परिवारों के 70 सदस्यों ने बघरा में यशवीर आश्रम में आकर अपने धर्म में पुन÷ वापसी की है। इन सभी लोगों और बच्चों को गंगाजल से आचमन कराकर जनेऊ धारण कराया। इसके बाद लाल धागे में ओम की माला उनके गले में डाली गई। मुख्यत÷ वेद मंत्रों और गायत्री मंत्र से हवन कराया गया।

भाजपा को मुसलमानों पर भरोसा, बनाए जा रहे हैं मोदी मित्र

लोकसभा चुनाव में टिकट की भी तैयारी

नई दिल्ली(ए.)। लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा इस बार मुसलमानों को लेकर भी काफी तैयारी कर रही है। पार्टी का फोकस पसमांदा मुसलमानों पर है। पार्टी का अल्पसंख्यक मोर्चा मोदी मित्र अभियान भी चला रहा है। हाल में त्रिपुरा में हुए एक विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा के मुसलमान उम्मीदवार को जीत मिली है। संकेत है कि पार्टी लोकसभा चुनाव में भी इस बार ज्यादा मुसलमान उम्मीदवारों को टिकट दे सकती है।

भाजपा के सामने फिलहाल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। इसमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान उसके लिए ज्यादा अहम हैं। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में तो किसी मुसलमान उम्मीदवार को टिकट दिए जाने की संभावना नहीं है, लेकिन राजस्थान में वह कुछ मुसलमान उम्मीदवार उतार सकती है। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने हाल में 40 मुस्लिम प्रभाव वाली सीटों का अध्ययन कराया, जिसमें से 15 सीटों पर वह अच्छी स्थिति में मानी जा रही है। इनमें से दो से तीन सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे जाने की चर्चा है। पार्टी ने पिछली बार एक मुसलमान उम्मीदवार खड़ा किया था, जो कांग्रेस नेता सचिन पायलट के खिलाफ लड़ा था।

इसके पहले वर्ष 2013 में चार मुसलमान उम्मीदवार उतरे थे और दो जीते भी थे। लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी ने मुसलमानों के पिछड़े तबके यानी पसमांदा को लक्ष्य कर रखा है। एक साल पहले हैदराबाद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए पार्टी को काम करने को कहा था। इसके बाद पार्टी के अल्पसंख्यक

मोर्चा ने मोदी मित्र नाम से मुसलमानों के बीच अभियान भी शुरू किया है। सूत्रों के अनुसार पार्टी अगले लोकसभा चुनाव में पहले से ज्यादा मुसलमान उम्मीदवारों को टिकट दे सकती है।

उम्मीदवारों का प्रदर्शन

भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में छह मुसलमान उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी नहीं जीता था। 2014 में सात मुसलमान उम्मीदवार खड़े किए थे और सभी हार गए। 2009 में भाजपा ने चार मुसलमान उम्मीदवार उतारे थे और एक शाहनवाज हुसैन ही चुनाव जीत सके थे। हालांकि हाल में भाजपा को मुसलमानों का समर्थन मिलता दिखा है। त्रिपुरा में बीते दिनों हुए एक विधानसभा उप चुनाव में भाजपा का एक मुसलमान उम्मीदवार जीता है। भाजपा ने यह सीट माकपा से छीनी है। इसके पहले उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा ने 395 मुसलमान उम्मीदवार उतारे और लगभग 45 जीते भी। इसे भाजपा काफी सकारात्मक मान रही है।

पाक में ली ट्रेनिंग, कनाडा में बैठे-बैठे करवाता था मर्डर

■ डोजियर में खुली निज्जर की पोल

नई दिल्ली(ए.)। कनाडा में अज्ञात लोगों द्वारा मारा गया खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर भारत में रहकर भी आतंकी गतिविधियों में शामिल था। 1996 में वह भागकर कनाडा चला गया। भारतीय एजेंसियों ने निज्जर का डोजियर तैयार कर लिया है। इसमें कहा गया है कि वह 1980 से ही आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था। जाली पासपोर्ट के सहारे वह कनाडा गया और वहां लो प्रोफाइल में ट्रक ड्राइवर या फिर प्लंबर बनकर रहने लगा। हथियारों की ट्रेनिंग लेने के लिए वह पाकिस्तान भी गया। कनाडा में रहते हुए उसने पंजाब में कई हमले और हत्याएं करवाई थीं।

आतंकी ट्रेनिंग लेने गया पाक

निज्जर जालंधनर के भार सिंह पूरा गांव का रहना वाला था। 80 के दशक में वह खालिस्तान कमांडो फोर्स केसाथ काम करता था। वहीं 2012 में निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स के जगतार सिंह तारा के संपर्क में आया। कई हत्या के मामलों में नाम आने की वजह से निज्जर 1996 में ही कनाडा भाग गया था। कनाडा जाने के बाद ही उसका संपर्क पाकिस्तान के खालिस्तानी संगठन केटीएफ के चीफ जगतार से हुआ। 2012 में बैसाखी जत्था का सदस्य बनकर वह पाकिस्तान गया और वहां पूरी आतंकी ट्रेनिंग ली।

जगतार सिंह तारा के साथ मिलकर निज्जर ने पंजाब में आतंकी हमले कराने की साजिश रची। उसके गैंग में मनदीप सिंह धालीवाल, सरबजीत सिंह, अनुपवीर सिंह और दर्शन सिंह उर्फ फौजी शामिल थे। डोजियर में कहा गया है कि ब्रिटिश कोलंबिया में इन सबको हथियारों की ट्रेनिंग दी गई। 2014 में निज्जर ने सिरसा के डेरा सच्चा सौदा में भी हमला करवाने की साजिश रची लेकिन वह भारत नहीं पहुंच पाया। उसने अपने मॉड्यूल को पूर्व डीजीपी मोहम्मद इजहार आलम और शिवसेना नेता निशांत शर्मा पर हमला करने को कहा।

नेपाल से विदेशियों का इंडिया आने पर प्रतिबंध

झूलाघाट(ए.)। कोरोना के बाद नेपाल से आने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए भारत ने अब तक दरवाजे नहीं खोले हैं। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ और चम्पावत के सीमावर्ती क्षेत्रों में इससे पर्यटन कारोबार प्रभावित हुआ है। साल 2019 तक विदेशी बेरोकटोक भारत प्रवेश करते थे और इनके साथ खूब विदेशी मुद्रा भी आती थी।

कोरोना से पहले धारचूला से लेकर बनबसा तक हर साल औसतन 7 हजार से अधिक विदेशी पर्यटक नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करते थे। संक्रमण के दौरान भारत ने विदेशियों के नेपाल से सीधे प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया।

वर्तमान में कोरोना से जुड़े सभी नियम समाप्त हो गए हैं, लेकिन विदेशियों का आने का प्रतिबंध नहीं हटा है। आज भी विदेशी पर्यटक सीमावर्ती इलाकों से लौटने को मजबूर हैं। गड्डा चौकी स्थित आव्रजन कार्यालय के प्रमुख पद्मराज भट्ट कहते हैं हम रोज बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक यहां से भारत में प्रवेश करना चाहते हैं। कारोबारियों ने कहा पूर्व की तरह बेरोकटोक हो आवाजाही भारत और नेपाल का पर्यटन कारोबार एक दूसरे देश से जुड़ा रहा है। कोरोना काल के बाद भी रोक नहीं हटना गंभीर है। ऐसे में विदेशी पर्यटकों से होने वाली आय प्रभावित हुई है। ऐसे कई लोग दिल्ली, नैनीताल, देहरादून, बद्रीकेदार और केदारनाथ भी जाना चाहते हैं, लेकिन उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मौका मिलते ही महिला पहलवानों से छेड़छाड़ करते थे बृजभूषण सिंह

■ कोर्ट में दिल्ली पुलिस की दलील

नई दिल्ली(ए.)। महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में शनिवार को दिल्ली पुलिस ने अदालत में अपनी दलील पेश करते हुए कहा कि भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जो साक्ष्य और सबूत मिले हैं, वह आरोप तय करने के लिए पर्याप्त हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण सिंह को जब भी मौका मिलता था, वह महिला पहलवानों की लज्जा भंग करने की कोशिश करते थे।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन

मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली पुलिस की दलीलें सुनीं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि बृजभूषण शरण सिंह को पता था कि वह क्या कर रहे हैं और इसलिए उन्होंने शिकायत के जरिए अपने कृत्य को छिपाने की कोशिश की, जिससे उनकी मंशा का पता चलता है।

जबर्दस्ती गले लगाने का आरोप

पुलिस ने एक महिला पहलवान की शिकायत का वर्णन करते हुए कहा कि तजाकिस्तान में एक इवेंट के दौरान बृजभूषण ने शिकायतकर्ता को कमरे में बुलाया और जबर्दस्ती गले लगाया। विरोध करने पर बृजभूषण ने कहा कि पिता की तरह व्यवहार किया था। इससे पता चलता है कि बृजभूषण को पता था वह क्या कर रहे हैं।

परिणीति-राघव की शादी में पत्नियों संग खास मेहमान बने अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान

उदयपुर(ए.)। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा की शादी का जश्न राजस्थान के उदयपुर में शुरू हो गया है। दोनों आज शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। उनके इस खास दिन का हिस्सा बनने के लिए मेहमानों का आना शुरू हो गया है। इस भव्य शादी में सरीक होने के लिए राजनीति, फिल्म, खेल और उद्योग जगत की कई दिग्गज हस्तियों के आज उदयपुर पहुंचने की उम्मीद है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अपनी पत्नी गुरप्रीत कौर के साथ राघव-

परिणीति के विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान केजरीवाल को काली पैंट के साथ नीली शर्ट पहने देखा गया, जबकि भगवंत मान ने ग्रे नेहरू जैकेट के साथ सफेद कुर्ता पायजामा पहना था। उनकी पत्नियां पारंपरिक परिधानों में सजी नजर आई। इस अवसर पर राघव चड्ढा के माता-पिता ने दरवाजे पर केजरीवाल और भगवंत मान का माला पहनाकर स्वागत किया। उनके अलावा 'आप' के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और अभिनेता भाग्यश्री भी इस भव्य शादी में शामिल होने पहुंचे।

मन की बात में पीएम मोदी ने किया चंद्रयान-3 का जिक्र

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोगों, खासकर छात्रों से चल रहे चंद्रयान 3 महाक्विज में भाग लेने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो शो 'मन की बात' के 105वें एपिसोड में कहा, ÷मैं छात्रों से चंद्रयान-3 महाक्विज में भाग लेने का अनुरोध करता हूं, जिससे उन्हें देश के चंद्र मिशन के बारे में जानने में मदद मिलेगी।÷

23 अगस्त को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के बाद भारत ने इतिहास रच दिया था। लैंडिंग के बाद, विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर ने एक के बाद एक चांद पर

कई तत्वों की खोज की। प्रज्ञान ने 14 दिनों तक चांद का भ्रमण किया। क्योंकि अंधेरा होने की सूरत में चांद पर तापमान -200 डिग्री तक चला जाता है।

लैंडर और रोवर - जिनका कुल वजन 1,752 किलोग्राम है - को वहां के परिवेश का अध्ययन करने के लिए एक चंद्र दिन की अवधि (लगभग 14 पृथ्वी दिवस) तक संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। हालाँकि, इसरो को उम्मीद है कि उन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है, अब जब चंद्रमा पर सूर्य फिर से उग आया है, और वे वहां प्रयोग और अध्ययन जारी रखेंगे।

चंद्रयान-3 महाक्विज़ क्या है?

इसरो वर्तमान में अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की उल्लेखनीय उपलब्धि का सम्मान करने वाले समारोहों के हिस्से के रूप में स्न्वतश1 प्लेटफॉर्म पर चंद्रयान 3 महा क्विज़ का आयोजन कर रहा है। चंद्रयान 3 पर इस स्न्वतश1 क्विज़ का उद्देश्य छात्रों को इस चंद्र मिशन के महत्व और सफल परिणामों को समझाना है, जिसने भारत को अंतरिक्ष अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक मंच पर ला खड़ा किया है।

पीएम मोदी की खास अपील

पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा, जब चंद्रयान-3 का लैंडर चंद्रमा पर उतरने वाला था, तो करोड़ों लोग एक साथ अलग-अलग माध्यमों से हर पल इस घटना को देख रहे थे। इसरो के यूट्यूब लाइव चैनल पर 80 लाख से अधिक लोगों ने इस घटना को देखा - जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। यह दिखाता है कि लाखों भारतीय चंद्रयान-3 से कितनी गहराई से जुड़े हुए हैं।''

उद्देश्य

चंद्रयान-3 महा क्विज़ का उद्देश्य भारत के चंद्र मिशन की सफलता का जश्न मनाना और छात्रों को चंद्रयान-3 के बारे में और अधिक जानने के लिए प्रोत्साहित करना है। क्विज़ में 10 प्रश्न शामिल हैं, जिन्हें पांच मिनट या 300 सेकंड में हल किया जा सकता है। प्रश्नों के सफल उत्तर पर उम्मीदवारों को ई-प्रमाणपत्र से पुरस्कृत किया जाता है। सभी प्रश्नोत्तरी प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले उम्मीदवारों के लिए अतिरिक्त नकद पुरस्कार हैं। एक उम्मीदवार केवल एक बार ही इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकता है।

मुख्यमंत्री स्वल्पाहार योजना का सीएम ने किया शुभांरभ

बच्चों को वितरित किए टिफिन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुकमा जिले के छिंदगढ़ में सुकमा जिले के 681 प्राथमिक शालाओं में मुख्यमंत्री स्वल्पाहार योजना का प्रारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को टिफ़िन का वितरण किया। इस योजना के तहत कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को सप्ताह के पाँच दिन अलग-अलग मैन्यू के तहत स्वल्पाहार दिया जाएगा। जैसे सोमवार को पोहा, मंगलवार को दलिया, बुधवार को चना फ्राई, गुरुवार को मूंगदाल और शुक्रवार को वेज पुलाव दिया जाएगा। इससे सुकमा जिले के लगभग 17 हजार बच्चे लाभान्वित होंगे। योजना के तहत स्कूल के रसोइयों को 800 रुपए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदाय की जाएगी।

सीएम भूपेश ने किया आदिवासी विश्राम भवन का लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोंडागांव में आदिवासी विश्राम भवन का लोकार्पण किया। इस आदिवासी विश्राम भवन बनने से क्षेत्र के आदिवासियों को विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम करने में सुविधा मिलेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह भवन छत्तीसगढ़ का सबसे सुंदर भवन बना है। आदिवासी बाहुल्य जिले के मुख्यालय में कोंडागांव में 02 करोड़ रुपए की लागत से सर्व सुविधायुक्त विश्रामगृह भवन का निर्माण किया गया है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे तथा शहर के बीचोंबीच स्थित इस विश्रामगृह भवन में विशाल सभा कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, ठहरने के लिए कमरे, पदाधिकारियों के लिए कक्ष, सभाकक्ष, रसोईघर, शौचालय इत्यादि सुविधाओं के साथ ही 13 दुकानों का निर्माण भी किया गया है। दो मंजिला यह विश्राम भवन विभिन्न अवसरों पर आयोजनों के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा। कोंडागांव जिले में 54 समाजों को सामाजिक भवन निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर आबकारी, वाणिज्यिक, उद्योग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा, छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं केशकाल विधायक श्री संतराम नेताम, अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग विभाग मंत्री श्री मोहन मरकाम, बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री दीपक बैज,जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष बंगाराम सोड़ी, गोंडवाना समाज के अध्यक्ष बुधसिंह नेताम, आदिवासी समाज के विभिन्न पदाधिकारी, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक वाई अक्षय कुमार सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

जुआ खेलते रायपुर पुलिस ने किया 7 लोगों को गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में जुआ, सट्टा एवं क्रिकेट सट्टा पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सरस्वती नगर के नेतृत्व में थाना सरस्वती नगर पुलिस की टीम रेड मारकर 7 आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से नकदी रकम और ताश पत्ति भी जपत की गई है।

रेड कार्यवाही के दौरान कुछ व्यक्ति उक्त स्थान पर ताशपत्ती में रकम का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कुल 7 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 10,980/- रूपये एवं ताशपत्ती जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में अपराध क्रमांक 267/23 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

गिरफ्तार आरोपी

1. गणेश दास मानिकपुरी पिता प्रेम कुमार उम्र 33 साल सा. कृष्णा नगर कोटा रायपुर।
2. सुंदर दीप पिता श्याम दीप उम्र 22 साल सा. मोतीलाल नगर कोटा रायपुर।
3. नौशाद पिता मुस्ताक उम्र 35 साल सा. महंत तालाब के पास कोटा रायपुर।
4. शिव भट्ट पिता जीत राम भट्ट उम्र 31 साल सा. डुमरतालाब रायपुर।
5. परशुतांडी पिता विजय तांडी उम्र 26 साल सा.मोतीलाल नगर कोटा रायपुर।
6. जीवन यादव पिता मोहन यादव उम्र 33 वर्ष सा. महंत तालाब के पास कोटा रायपुर।
7. रमेश सिन्हा पिता रामजी सिन्हा उम्र 32 वर्ष मोतीलाल नगर कोटा थाना सरस्वती नगर रायपुर।

राहुल गांधी आज प्रदेश में 'आवास न्याय सम्मेलन' में होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा सांसद राहुल गांधी 25 सितम्बर को दोपहर 12 बजे बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम परसदा (सकरी) में आयोजित ''आवास न्याय सम्मेलन'' में ''छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना'' का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर सांसद गांधी और मुख्यमंत्री बघेल ''छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना'' एवं ''प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना'' के 1,30,000 हितग्राहियों को 25-25 हज़ार रूपए की प्रथम किस्त की राशि का वितरण, ''मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना'' के 500 हितग्राहियों को एक-एक लाख रुपए के मान से 5 करोड़ की राशि का वितरण करेंगे। गांधी और बघेल सम्मेलन में बिलासपुर जिले के लिए 524.33 करोड़ रुपए की लागत वाले 185 विकास व निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे तथा चयनित 2594 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुकुमारी शैलजा, सांसद दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

श्री लोहाणा युवा मंडल के विशाल भाई ठक्कर निर्विरोध अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। श्री लोहाणा युवा मंडल के अध्यक्ष पद का चुनाव लोहाणा महाजन अध्यक्ष किशन भाई मीरानी एवं युवा मंडल सदस्य के उपस्थिति में कराया गया। जिसमें विशाल भाई ठक्कर निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुने गए। सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव शांतिपूर्ण और पारिवारिक माहौल में हुआ।

बारिश थमते ही सड़कों के गड्ढे भरना शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। बारिश थमते ही नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अंडर ग्राउंड केबलिंग और पाइप लाइन बिछाने के दौरान हुए गड्ढों और टूटी सड़कों के रेस्टोरेशन का काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। नगर निगम कमिश्नर श्री मयंक चतुर्वेदी ने इस काम से जुड़े अफसरों व इंजीनियर्स से कहा है कि तय समय सीमा के भीतर रेस्टोरेशन के सभी काम गुणवत्ता के साथ पूरा करें।गणेश विसर्जन व अन्य पर्व के दौरान नागरिकों को असुविधा न हो इसलिए पहले मुख्य मार्ग के रेस्टोरेशन का कार्य कर सीसी,डामरीकरण व पेच वर्क भी जल्द ही पूरा का लिया जाएगा । भूमिगत केबलिंग व पाईप लाइन कार्य योजना के दौरान टूटी सड़कों और गड्ढों को दुरुस्त करने नगर निगम व रायपुर स्मार्ट सिटी की टीम देर रात तक सड़कों पर उतरकर रेस्टोरेशन का काम पूरा कर रही है। लगातार बारिश की वजह से यह कार्य बाधित हो रहा था, अब बारिश थमते ही कार्यदस्ता त्वरित गति से इस काम में जुट गया है । इस टास्क फोर्स द्वारा महिला थाना चौक क्षेत्र में 90 प्रतिशत, मालवीय रोड में 80 प्रतिशत, सदर बाजार में 70 प्रतिशत एवं लाखे नगर मार्ग में 60 प्रतिशत रेस्टोरेशन का काम पूरा कर लिया गया है। यह रेस्टोरेशन कार्य आवश्यकतानुसार कंक्रीट और डामर से किया जा रहा है। इन सड़कों के अलावा चौक-चौराहों के गड्ढों को भरने का काम भी यह टीम कर रही है। अब तक चौराहों के रेस्टोरेशन के भी 90त्न कार्य पूरे किए जा चुके हैं। विशेष तकनीकी दस्ते की निगरानी में रेस्टोरेशन कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

राज्य सहकारी संघ की आमसभा में सहकारिता को और मजबूत करने का फैसला

रायपुर/नवदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्या. रायपुर की 18वीं वार्षिक आमसभा 23 सितम्बर 2023 को संघ मुख्यालय, चौबे कॉलोनी रायपुर में संपन्न हुई। राज्य संघ द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट, आय-व्यय पत्रक, वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट और प्रस्तुत कार्ययोजना की कार्यावली को सर्वसम्मति से आमसभा में स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2021-22 के वार्षिक लेखा विवरणी, अंकेक्षित ऑडिट रिपोर्ट को भी आमसभा में अनुमोदित किया गया।

आमसभा को संबोधित करते हुए राज्य संघ के अध्यक्ष झुनमुन गुप्ता ने कहा कि संघ ने अपने उद्देश्य के अनुरूप शिक्षा-प्रशिक्षण की अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। हजारों लोगों ने समय-समय पर विभिन्न विषयों में शार्ट टर्म प्रशिक्षण का लाभ लिया है। 16 सप्ताह का डिप्लोमा इन कोऑपरेटिव मैनेजमेंट आनलाइन कोर्स भी संघ द्वारा चलाया गया। विगत वर्ष शार्ट टर्म और डिप्लोमा कोर्स से कुल 6422 लोग लाभान्वित हुए। वर्तमान में चल रहे डिप्लोमा सत्र में कुल 96 प्रशिक्षणार्थी तो लाभान्वित हो ही रहे हैं, साथ ही साथ प्राप्त फीस से संस्था की आय में भी वृद्धि हो रही है। श्री गुप्ता ने सभी सदस्यों से राज्य संघ के निरंतर विकास में अपना सहयोग देने की अपील की। आमसभा में प्रतिनिधियों के सुझाव अनुसार संघ द्वारा प्रकाशित सहकारी समाचार को सभी सहकारी संस्थाओं में वितरित करने और सहकारिता को गांव-गांव तक पहुचाने हेतु सभी जिला पंचायतों में सहकारी समाचार भेजने के संबंध में भी निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ शासी परिषद सदस्य व रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा, राज्य संघ अध्यक्ष झुनमुन गुप्ता, राज्य संघ उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटिया, अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष डोमेंद्र भेडिया, संचालकगण अलेक्जेंडर तिर्की, श्रीमती परिणीता साहू, संदीप श्रीवास्तव, हरीश तिवारी, हेमन्त साहू, अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र, पुरूषोत्तम पटेल, युगल पांडे, श्रीमती शोभा चाहिल, जिला संघ रायपुर से प्रबंधक श्रीमती मंजूषा तिवारी, सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि गण, संघ के प्रबंध संचालक व उप पंजीयक एनआरके चन्द्रवंशी, पंजीयक प्रतिनिधि व उप पंजीयक युगल किशोर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक पांडे आदि शामिल थे। वार्षिक आमसभा को संपन्न करने में संघ के अधिकारी व कर्मचारियों का सहयोग रहा।

अब तक 1033.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 1033.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 24 सितंबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1628.2 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 465 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 768.2 मिमी, बलरामपुर में 925 मिमी, जशपुर में 856.8 मिमी, कोरिया में 914.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 899.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 1182.2 मिमी, बलौदाबाजार में 1189.3 मिमी, गरियाबंद में 908.3 मिमी, महासमुंद में 1022.3 मिमी, धमतरी में 949.2 मिमी, बिलासपुर में 1220.4 मिमी, मुंगेली में 1342.4 मिमी, रायगढ़ में 1209.8 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 974.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1151.7 मिमी, सक्ती में 1020.9 मिमी, कोरबा में 1031.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1108.4 मिमी, दुर्ग में 883 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 904.2 मिमी, राजनांदगांव में 1124.9 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1248.1 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 1074.2 मिमी, बालोद में 995.4 मिमी, बेमेतरा में 927.3 मिमी, बस्तर में 996 मिमी, कोण्डागांव में 1009.7 मिमी, कांकेर में 969.7 मिमी, नारायणपुर में 919 मिमी, दंतेवाड़ा में 1023.5 मिमी और सुकमा में 1370.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

संपादकीय

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान फिर बेनकाब

संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर पाकिस्तान ने बेसुरा कश्मीर राग अलापा। पाकिस्तान ने कश्मीर में जनमत संग्रह कराने की मांग भी की। इसके जवाब में भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को जमकर लताड़ लताई और संयुक्त राष्ट्र में पाक के नापाक इरादों को बेनकाब करके रख दिया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान अक्सर संयुक्त राष्ट्र सहित अंतर्राष्ट्रीय मंचों का दुरूपयोग करता है और हर बार कश्मीर राग ही अलापता है। जबकि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग है पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान पाक अधिकृत कश्मीर को खाली करें। जिस पर वह दशकों से कब्जा जमाए बैठा है। पाक अधिकृत कश्मीर के लोग खुद ही भारत में विलय की मांग कर रहे हैं और अपनी इस मांग को लेकर लगातार आंदोलन छेड़े हुए है। भारत ने पाकिस्तान को आतंकवादियों का सुरक्षित ठीकाना बताते हुए कहा कि कहा कि पाकिस्तान 26/11 के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों पर कार्रवाई करें और भारत में आतंकवाद को हवा देना बंद करें। पाकिस्तान को भारत ने करारा देकर साफ कर दिया है कि भारत अब पाक अधिकृत कश्मीर को लेकर ही रहेगा। जहां तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की बात है तो वे भारत का अभिन्न अंग है और आगे भी रहेंगे। भले ही पाकिस्तान जब तक बेसुरा कश्मीर राग अलापता रहें इससे भारत को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भारत अपनी नीति पर कायम है। इस मुद्दे पर पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं की जाएगी और ना ही किसी का हस्तक्षेप बर्दाश्त किया जाएगा। अब तो पाक अधिकृत कश्मीर की बारी है और जो भारत का है उसे लेकर रहेगा। गैरतलब है कि जब से कश्मीर में 370 का खात्मा हुआ है तब से पड़ोसी देश पाकिस्तान बुरी तरह बौखलाया हुआ। पाकिस्तान खुद की हालत बद से बदतर होती जा रही है। इसके बावजूद वह कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने का मंसूबा बनाए हुए है। कश्मीर में भारतीय सेना ने आतंकवादियों के सफाए के लिए जो आपरेशन ऑलआउट अभियान चलाया है उससे भी पाकिस्तान उससे भी पाकिस्तान बुरी तरह बौखला चुका है। इसके बाद भी वह कश्मीर में अशांति फैलाने से बाज नहीं आ रहा है। और आज भी सीमा पार से आतंकवाद प्रशिक्षण शिविर संचालित कर रहा है। जहां से प्रशिक्षित आतंकवादियों की भारत में घुसपैठ कराने की वह लगातार कोशिश कर रहा है। लेकिन भारतीय सेना और सुरक्षाबल के जवानों की मुस्तैदी के चलते पाक की ये नापाक कोशिशें कामयाब नहीं हो पा रही है। पाकिस्तान की मंशा साफ है कि कश्मीर में अशांति फैले ताकि वह इसे लेकर संयुक्तराष्ट्र सहित अन्य अंरर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ जहर उगल सके और जम्मूकश्मीर के मुद्दे में विश्व समुदाय का हस्तक्षेप कराने की कोशिश करें। इसी कोशिश के चलते उसने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में जम्मूकश्मीर का मुद्दा उठाया है। लेकिन भारत ने उसे मुंह तोड़ जवाब दिया। बल्कि पाकिस्तान को विश्व मंच पर बेनकाब करके रख दिया। अब भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तान को एक आतंकवादी देश घोषित कराने केलिए विश्व समुदाय पर दबाव बनाए। ताकि पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से बाज आए।

भारत की बड़ी जनसंख्या वैश्विक बाजार की आवश्यकता

संजीव ठाकुर

भारत की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या में एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है। विश्व के कई कम आबादी वाले देश जैसे सोमालिया,लिथुआनिया आदि गरीबी, बेरोजगारी, आतंकवाद की समस्या से दो-चार हो रहे हैं और कम जनसंख्या के बावजूद विकास नहीं कर पा रहे हैं ।जबकि बहुत बड़ी जनसंख्या वाले देशों में चीन और अमेरिका विकसित राष्ट्रों की कतार में हैं एवं विकास के शीर्ष पर हैं। भारत के पास सभी संसाधन और विकसित होने के सारे अवयव हैं इसके बावजूद भारत विज्ञान, टेक्नोलॉजी मैं काफी पीछे होकर अशिक्षा, अंधविश्वास ,कृषि कार्यों का निम्न स्तर आर्थिक असमानता की समस्याएं झेल रहा है जो भारत के विकास में बाधक है। भारत में अब आज की व्यवस्था में जनसंख्या नियंत्रण तो होना ही चाहिए इसके साथ जरूरत है संसाधनों के उचित प्रयोग एवं सदुपयोग की।

अब सोचने की हमारी बारी है क्या जनसंख्या नियंत्रण गरीबी दूर करने बेरोजगारी दूर करने दंगा रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ शासन प्रशासन पर ही है ,हम आम नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती जबकि हम जानते हैं कि समस्याओं को उत्पन्न करने में हम ही लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं हम लोग को यह समझना होगा कि समस्याओं से निपटने की हमारी भूमिका उतनी ही अहम है जितनी शासन-प्रशासन की। इसीलिए जनसंख्या नियंत्रण उपलब्ध संसाधनों के समुचित सही दोहन की जिम्मेदारी हम सब पर होती है इसमें समुचित सहयोग प्रदान करना होगा तब जाकर भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आकर खड़ा हो सकता है।

लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

दानिश-विधूडी विवाद में सबकी जुबान जहरीली है

आचार्य विष्णु हरि

दानिश अली और रमेश विधूडी विवाद में बहुत सारी अच्छी बातें भी हुई हैं और रमेश विधूडी को त्वरित सजा भी हुई है, उनकी आलोचना हुई है और उनकी प्रतिक्रिया से उत्पन्न विकार को अस्वीकार्य घोषित कर दिया गया। यह सब कैसे हुआ ? आप कह सकते हैं कि रमेश विधूडी को त्वरित सजा कैसै मिल गयी? सजा सिर्फ जेल की ही नहीं होती है, सजा आलोचना की भी होती है, नापसंदगी की भी होती है, माफी मांगनी भी सजा का अंग ही तो है। कोई एक नहीं बल्कि कई स्तरों पर उसे सजा मिल गयी। सबसे पहले लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें कडी चेतावनी दी दी, लोकसभा अध्यक्ष की चेतावनी बहुत ही महत्वपूर्ण अर्थ रखती है, उनकी चेतावनी कहती है कि आपके बोल अस्वीकार्य और संसदीय परमपरा के विपरीत थे। सिर्फइतना ही नहीं बल्कि लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रमेश विधूडी के बिगडे बोल को लेकर माफी मांगी है। राजनाथ सिंह की माफी यह साबित करती है कि भाजपा के अंदर ऐसी मानसिकता और राजनीतिक सक्रियता को अस्वीकार्य करने की सकरात्मक पहल हुई है। सबसे बडी बात यह है कि भाजपा ने रमेश विधूडी को इस अस्वीकार्य प्रतिक्रिया के लिए नोटिस थमा दिया है। नोटिस का अर्थ यह है कि रमेश विधूडी को संयम का पाठ जरूर पढा दिया गया है। बहुत सारे लोग भी दानिश अली की मुस्लिम समर्थक जहरीली जुबान को जांच की परिधि में रखते हैं।

हमें यह भी देखना चाहिए यह संसदीय इतिहास की पहली और अकेली घटना नहीं है। इस तरह की घटनाओं को लेकर शीर्ष नेतृत्व इतनी गंभीर सक्रियता कभी नहीं दिखायी। कुछ उदाहरण यहां प्रस्तुत है। राहुल गांधी ने लोकसभा में नरेन्द्र मोदी को आंख मारी थी, संसद के अंदर नरेन्द्र मोदी की सीट पर जाकर जबरदस्ती गले मिला था। तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने इस तरह के आचरण को असंसदीय और अस्वीकार्य बताया था। क्या राजनाथ सिंह की तरह सोनिया गांधी ने अपने पुत्र राहुल गांधी की ओर से माफी मांगी थी? क्या भाजपा की तरह कांग्रेस ने राहुल गांधी को कोई नोटिस दिया था? संसद के अंदर आसन पर बैठी महिला सांसद के प्रति अश्लीलता की सीमा लांघने वाले आजम खान के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने नोटिस जारी किया था क्या? आजम खान ने तबतक माफी मागी नहीं थी जब तक उसे लोकसभा अध्यक्ष की ओर से अंतिम चेतावनी नहीं दी गयी थी। अभी-अभी उदयनिधि स्टालिन ने हिन्दुओं के खिलाफ किस प्रकार से जहरीला वातावरण बनाया और हिन्दुओं की भावनाओं को आहत किया है, यह किसी से छिपी हुई बात है क्या? भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव ए राजा ने अपनी ईसाई प्रेम से उत्पन्न विकार से सनातन धर्म के खिलाफकिस प्रकार से जहरीली मानसिकता उगली थी यह भी किसी से छिपी हुई बात है क्या ? स्वामी प्रसाद मौर्या सहित अन्य राजनीतिज्ञ बार-बार सहन शक्ति की लक्ष्मण रेखा को पार करते हैं। संसद के अंदर नरेन्द्र मोदी को तानाशाह कहा गया, संहारक कहा गया और अन्य अस्वीकार्य बातें भी कही गयी। सोनिया गांधी कोई एक बार नहीं बल्कि कई बार नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जहर उगली और नरेन्द्र मोदी को हिन्दूवाद का प्रतीक कही थी।

दानिश अली और रमेश विधुडी यानी कि दोनों की मजहबी-धार्मिक और राजनीतिक समर्पण और सक्रियता से कौन लोग परिचित नहीं हैं? ऐसे दोनों हमारे निकट के परिचित है और मैं इन दोनों को वर्षो से जानता हूं। इनके व्यवहार को भी जानता हूं और इनकी राजनीति को भी जानता हूं। मैं यह कह सकता हूं कि दोनों हिंसक नहीं है, दोनों अशिष्ट नहीं है, दोनों असंसदीय मानसिकताओं के गुलाम नहीं है, दोनों असभ्य नहीं हैं। दानिश अली कभी जेडीएस में थे, पूर्प प्रधानमंत्री एच डी देवगौडा के साथ थे। पिछले लोकसभा चुनाव में दानिस अली बसपा से टिकट पाकर और चुनाव जीत कर एकाएक विख्यात हो गये। दानिश अली का बसपा से टिकट पाना आश्चर्यजनक घटना थी। उनकी पृष्ठभूमि कभी भी बसपा की नहीं रही है, एक सांसद के तौर पर उनकी पहचान बसपा के धाकड़ नेता की नहीं है, उनकी पहचान सिर्फ मुस्लिमवादी नेता की है। जबकि रमेश विधूडी की पहचान भाजपा के कट्टर नेता की है। रमेश विधूडी को भाजपा के अंदर संघर्षशील और गांव-गरीब नेता की पहचान भी है।

जब आप किसी को जानते हैं, समझते हैं तब इनसे संबंधित विवाद या फिर किसी प्रकार की हिंसा को समझ सकते हैं, उसकी पृष्ठभूमि को समझ सकते हैं, उसके वर्तमान की धरातल को समझ सकते हैं, उसके भविष्य की योजना-नीति को समझ सकते हैं। इसलिए दानिस अली और रमेश विधुडी के बीच के विवाद को समझना ज्यादा कठिन नहीं है। दोनों पक्षों की चादर चमक रही है, दोनों पक्षों की राजनीतिक मंसाएं चमक रही हैं, दोनों पक्षों की राजनीतिक हथकंडाएं चमक रहे हैं। कहने का अर्थ यह है कि राजनीतिक रोटियां सेकी जा रही है, वोट बैंक की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं और एक-दूसरे को असभ्य और हिसंक दिखाने की कोशिश हो रही हैं। पर सार्थक और निष्पक्ष मूल्यांकन, मंथन, विवेचना के निष्कर्ष सत्य यह है कि दोनों पक्षों में से किसी का भी दामन स्वच्छ नहीं है। सभी उपलब्ध हुए अवसर का राजनीतिक लाभ लेने के लिए जुबान को शक्ति दे रहे हैं और गति दे रहे हैं। असंसदीय मानसिकताओं का दमन होना ही चाहिए , अशिष्ट आचरण का नाश होना ही चाहिए। पर इसकी चिंता किसी को नहीं है।

क्षणिक उतेजना से निकली हुई वाणी की यह हिंसा है, अशिष्टाचार है, असभ्यता है। दानिश अली भी इसके घेरे में है। दानिश लगी ने अपने अमार्यादित भाषणों से उकसाने का कार्य किया। निशिकांत दूबे सहित कई भाजपा सांसद दानिश अली की कथित जहरीली भाषा की भी जांच की मांग कर रहे हैं? अब विवाद विचारधारा के युद्ध में धकेला जा रहा है। दोनो अलग-अलग विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। दानिस अली का दृष्टिकोण भी एक विचारधारा के प्रति समर्पित हैं। दानिश के संसदीय भाषणों का जब आप समर्ग में देखेंगे और उनका विश्लेषण करेंगे तो पायेंगे कि उनकी विचारधारा किसी भी स्थिति में बसपा की विचारधारा नहीं है। उनकी विचारधारा मुस्लिमवादी है। वे सभी राजनीतिक प्रकल्पों और दृष्टिकोणों को अति मुस्लिमवाद की बुनियाद पर ही देखते हैं, समझते हैं। दानिस अली इस कारण बसपा से कम और कांग्रेस व वामपंथी पार्टियों की विचारधारा के करीब पाये जाते हैं। कांग्रेस, कम्युनिस्टों की तरह ही दानिश अली भाजपा और नरेन्द्र मोदी के प्रति उतेजना फैलाते हैं। जबकि बसपा ससंद के अंदर और बाहर कांग्रेस और वामपंथ के साथ नहीं है। बसपा इंडिया नामक गठबंधन के साथ भी नहीं है। बसपा संसद के अंदर और बाहर भाजपा के प्रति नरम है। मायावती का बयान भी इसी राजनीतिक समीकरण के ओर देखने के लिए प्रेरित करते हैं।

रमेश विधूडी के शब्द अमान्य है, अस्वीकार हैं और अलोकतांत्रिक हैं। रमेश विधूडी के शब्दों का समर्थन करना मुश्किल है। पर संयम बरतना सभी की जिम्मेदारी है। सच्चाई की कसौटी पर राहुल गांधी, टी राजा, उदयनिधि स्टालिन और स्वामी प्रसाद मौर्या आदि भी दूध के धोये हुए नहीं हैं। सबसे बडी बात यह है इस घटना को मजहबी रूप देना बहुत ही हानिकारक है, अस्वीकार्य है। फारूख अब्दुला, ओवैशी, अखिलेश यादव से लेकर अन्य राजनीतिज्ञों ने इस घटना को मुस्लिमकरण कर दिया और मुस्लिमवाद से जोड दिया। रमेश विधूडी ने सिर्फ दानिश अली के खिलाफ आग उगली थी, उन्होंने इस्लाम के खिलाफ कुछ भी नहीं बोला था।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1340 इंग्लैंड और फ्रांस ने निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर किए। 1396 यूरोप में ओटोमन युद्ध - बेइज़िद इडेफ़के तहत ओटोमन सेनाओं ने एक ईसाई गठबंधन का नेतृत्व किया, जो वर्तमान में निकोपोल, बुल्गारिया के पास निकोपोलिस की लड़ाई में हंगरी के सिगिस्मंड के नेतृत्व में था। 1639 अमेरिका के कैंब्रिज (मेसेचुएट्स) में पहली प्रिंटिंग प्रेस की शुरुआत हुई। 1775 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध नायक एथन एलन को बंदी बना लिया। 1775 मॉन्ट्रियल पर ब्रिटिश सेनाओं से कब्जा करने के अपने प्रयास में एथन एलन और अमेरिकी और क्यूबेक मिलिशिया का एक छोटा बल विफल हो गया। 1777 ब्रिटिश जनरल विलियम होवे ने फिलाडेल्फिया को जीत लिया। 1790 पेकिंग ओपेरा तब पैदा हुआ था जब चार ग्रेटअनहुई मंडलों ने कियानगोंग सम्राट के अठारहवें जन्मदिन के सम्मान में बीजिंग में अनहुइ ओपेरा की शुरुआत की थी। 1790 पेकिंग ओपेरा तब पैदा हुआ जब चार महान अनहुइ ट्रूप्स ने अनियन ओपेरा को कियानलंग सम्राट के अठारहवें जन्मदिन के सम्मान में बीजिंग में पेश किया।

QUIZ TIME

1) गांधी जी को चंपारण आने के लिए किसने प्रेरित किया था?

2) भारत का पहला 5जी सक्षम ड्रोन कौन सा है?

3) भारत में पहली बार किस अनाज के लिए पहचान मानक तय किये गए है?

4) जिसके पास कुछ भी न हो उसे क्या कहते है?

5) हाल ही में किस पैरालंपिक एथलीट ने वर्ल्ड ड्वार्फगेम्स 2023 में गोल्ड मेडल जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बिहार के किसान नेता राजकुमार शुक्ला (2) [illegible] (3) कालानमक चावल (4) अकिंचन (5) मार्क धर्माई

आज का पंचांग (सोमवार, 25 सितंबर)

सूर्य : कन्या, चंद्र : तुला (23:07 से), मंगल : कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मेष, केतु : तुला

सूर्योदय : 06:17, सूर्यास्त: 06:26
चन्द्रोदय: 07:49, चन्द्रास्त: 19:35

अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः : शरद, शक सम्वत: 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल), मास : भाद्रपद, पक्ष : शुक्ल, तिथि : दशमी, नक्षत्र : उत्तराषाढ, योग : ब्रह्म (04:28 से इन्द्र), प्रथम करण : कौलव (11:08 तक), द्वितीय करण : तैतिल (23:57 तक),

॥ गोचर ग्रहा: ॥

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:47 से 12:36, अमृत काल 05:10 से 06:55, द्विपुष्कर योग 10:02 से 11:08, सर्वार्थसिद्धि योग 06:02 से 10:02, अमृतसिद्धि योग 06:02 से 10:02, विजय मुहूर्त 14:14 से 15:03, गोधूलि मुहूर्त 18:20 से 18:44, सायाह्न सन्ध्या 18:20 से 19:31, निशिता मुहूर्त 23:48 से 00:35, ब्रह्म मुहूर्त 04:29 से 05:15

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज के दिन आपको अधिक भाग दौड़ करनी पड़ेगी। लेकिन आज अपनी महात्त्वकांक्षाओ को पूर्ति होने पर प्रसन्न भी रहेंगे।

वृष : आज के दिन आपको अपने बुद्धि विवेक से काम लेना होगा तभी सोची हुई योजनाओ को किसी निष्कर्ष पर पहुचा सकेंगे।

मिथुन : आज का लगभग सारा दिन ही अशांति से भरा रहेगा। दिन का आरंभ परिवार में कलह से होगा आज आपका व्यवहार एवं भाषा बैठे बिठाये झगड़ा मोल लेगी।

कर्क : आज का दिन पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज दिन के आरम्भ से ही आपके समस्त कार्य व्यवस्थित रहेंगे धन प्राप्ति की आशा प्रातः काल से ही लगी रहेगी ।

सिंह : आज के दिन आपको अधिकांश कार्यो में दौड़-धूप के बाद ही सफलता मिलेगी। नौकरी करने वाले लोग आज ज्यादा परेशान रहेंगे।

कन्या : आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। कार्य व्यवसाय अच्छा चलने से धन लाभ के कई अवसर मिलेंगे।

तुला : आज का दिन आपको हानिकर रहेगा। पूर्व में बनाई योजनाए आर्थिक अथवा अन्य कारणों से आरम्भ नही हो सकेंगी।

वृश्चिक : आज के दिन आपकी लाभा-लाभ वाली स्थिति रहेगी। **कार्य क्षेत्र पर विरोधी नतमस्तक होंगे।**

धनु : आज के दिन आप धार्मिक कार्यो एवं गूढ विषयो के प्रति रुचि लेंगे तंत्र-मंत्र टोटको के प्रयोग भी कर सकते है। कार्य व्यवसाय के प्रति भी गंभीर रहेंगे।

मकर : आज के दिन आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी दिन के आरंभ में मन मे आध्यात्मिक भाव रहेगा भजन पूजन में समय देंगे।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए विपरीत फलदायी रहेगा। आज आप सोचेंगे कुछ परन्तु होगा उससे उल्टा।

मीन: आज का दिन आपके लिए विजय दिलाने वाला रहेगा। आज आपकी वाणी में प्रखरता रहेगी आप जिस कार्यो को करेंगे उसे आसानी से पूर्ण कर लेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -196

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 195 का हल

पं	क्ति	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	हु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
धं	व	र	■	■	■	वा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	ट
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	र्या	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

न्यूज गैलरी

बुनकर समिति का अध्यक्ष 5.30 लाख की ठगी का शिकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। नेट बैंकिंग शुरू करने का झांसा देकर कोसा बुनकर सहकारी समिति के अध्यक्ष से दो लोगों ने मिलकर 5.30 लाख की ठगी कर ली। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। बंधवापारा निवासी सतीश कुमार देवांगन (55 वर्ष) लखराम स्थित महामाया कोसा बुनकर सहकारी समिति मर्यादित के अध्यक्ष हैं। उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने उन्हें नेट बैंकिंग शुरू करने के लिए बोला कहा। फोन करने वाले ने कई तरह के फायदे गिनाए। यह सुनकर देवांगन झांसे में आ गए और फोन करने वाले के पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए मोबाइल पर आए कोड की भी जानकारी दे दी। इसके बाद उनके बैंक खाते से 5 लाख 30 रुपए गायब हो गए। बैंक खाते से पैसे निकलने की जानकारी हुई तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ और पुलिस में जाकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

ओपन यूनिवर्सिटी में स्वास्थ्य शिविर, लोगो ने कराई जांच

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी परिसर में शुक्रवार को बैंक ऑफ बड़ौदा व विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया, शिविर में ब्लड, शुगर, बीपी सहित अन्य जांच की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. वंश गोपाल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्टाफ के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी स्वस्थ रहेंगे तो पूरा विश्वविद्यालय दोगुनी रफ्तार से कार्य करेगा व बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करेगा। इस दौरान परीक्षा नियंत्रक मनोष साव, क्षेत्रीय नियंत्रक प्रोफेसर शोभित बाजपेयी सहित अन्य मौजूद रहे।

गाली देने से मना किया तो की पीटाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर महिला से आरोपी युवक ने मारपीट की। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की है। तिफरा के पुराना मन्ना डोल निवासी शिवानी ठाकुर पिता स्वरूप सिंह ठाकुर (33) गृहणी है। उनके घर के सामने मोहल्ले वाले गणेश भगवान की प्रतिमा बिठाए हैं। पूरे मोहल्ले वाले यहां पूजा पाठ करते हैं। शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे वह अपने घर में सिलाई कर रही थी। उसी समय घर के सामने विनोद साहू जोर जोर से गणेश समिति वालों को गाली दे रहा था। घर से बाहर निकल कर मना की तो विनोद उन्हें भी गालियां देने लगा और हाथ मुक्का से मारपीट शुरू कर दी। उसने जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से चोट लगी है। मोहल्ले के कालेश्वर ठाकुर व गंगेश्वर ठाकुर ने बीच बचाव किए। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

मांगों पर नहीं हुआ विचार, आज रायपुर मार्च

बिलासपुर/नवप्रदेश। दिव्यांगों को राहत देने और उनके उत्थान के लिए दिव्यांग सेवा संघ ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन व प्रशासन स्तर पर ज्ञापन दे चुका है। उनका आरोप है कि इस पर शासन ने अबतक कोई फैसला नहीं लिया है। इसलिए संघ के लोग 25 से 27 सितंबर तक रायपुर मार्च करेंगे। यह मार्च मुंगेली से निकलकर पहुंचेंगे। इसके बाद सभी दिव्यांगजन इकट्ठा होकर अपने-अपने साधन से रायपुर के लिए रवाना होंगे। इस दौरान संघ के पदाधिकारी राज्य मेडिकल से दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण कराकर फर्जियो को बर्खास्त करने, दिव्यांग कोटे से कार्यरत समस्त शासकीय कर्मियों के दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण, समस्त विभाग में दिव्यांग कोटे के बैकलॉग पदो पर भर्ती करने, 500 रुपए मासिक पेंशन दिए जाने समेत कई मागे शासन के सामने रखे जाएंगे।

द फिल्म फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष बने योगेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत द फिल्म फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा छत्तीसगढ़ फिल्म उद्योग एसोसिएशन के प्रमुख योगेश अग्रवाल को छत्तीसगढ़ यूनिट का अध्यक्ष मनोनीत किया है। द फिल्म फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. पुनीत बिसारिया ने पत्र जारी किया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय अनंत ने बताया कि नवंबर में राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी।

बटांकन के मामले में गलत प्रतिवेदन, पटवारी सस्पेंड

बिलासपुर/नवप्रदेश। समाजों के भू-बंटन के मामले में गलत प्रतिवेदन देने पर तत्कालीन पटवारी अनिल डोडवानी को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल पटवारी ने जायसवाल समाज को जमीन आवंटित की थी लेकिन उस पर सूर्यवंशी समाज ने आपत्ति व्यक्त करते हुए अपना अधिकार जताया था। पटवारी के बगैर सभी पक्षों के चर्चा किए बिना ही गलत प्रतिवेदन देने को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी ने निलंबन की कार्रवाई की है। राज्य शासन ने सभी समाजों को जमीन आवंटन की घोषणा की थी और समाजों से आवेदन मंगाए थे। आवेदन के बाद सरकारी जमीनों को चिन्हित कर उन्हें आवंटित करने की प्रक्रिया पूरी की गई थी। इसमें बहतराई में जायसवाल समाज को जमीन आवंटन की गई थी जिसे सूर्यवंशी समाज ने अपना बताया था।

ज्ञान की आराधना करेंगे तो मिलेगा लक्ष्य : कुलपति

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज्ञान की आराधना करने से लक्ष्यों को सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होने के साथ ही प्रतिकूल वैश्विक माहौल के बीच अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाएं विकासशील हैं, आधारभूत संरचना विकास, स्वास्थ्य, ट्रांसपोर्ट, कृषि और औद्योगिकीकरण के क्षेत्र में भारत निरंतर प्रगति कर रहा है। यह बातें सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने कहीं। अर्थशास्त्र विभाग एवं सेंटर 0 फॉर बजट एवं गवर्नेंस अकाउंटेबिलिटी (सीबीजीए) नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में पब्लिक फाइनेंस डाटा फॉर पॉलिसी रिसर्च विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि शोध के लिए डाटा की आवश्यकता होती है। साथ ही इसके अध्ययन से आवश्यकता के अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन पर कार्य किया जा सकता है। संगोष्ठी के अंत में प्राप्त होने वाले परिणामों को प्रतिवेदन के रूप में वित्त मंत्रालय को भेजा जाना चाहिए, ताकि राष्ट्र निर्माण एवं विकास के कार्यों में प्रतिवेदन के माध्यम से पहुंचने वाले सुझावों को शामिल किया जा सके।

योगेश ने देहदान करने का लिया संकल्प

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स से पढ़कर डॉक्टर बनने वाले योगेश कन्नोजे ने युवाओं के सामने एक बड़ा उदाहरण रखते हुए खुद के देहदान का संकल्प लिया है। केंद्र सरकार के द्वारा वर्तमान में आयुष्मान भवः अभियान चलाया जा रहा है। इसमें लोगों को कई जानकारियों के साथ देहदान के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इसी दौरान डॉ. योगेश ने भी देहदान करने का संकल्प लिया है। बता दें कि योगेश डॉक्टर होने के साथ-साथ सामाजिक संस्था सेवा एक नई पहल के संस्थापक सदस्य व आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक भी हैं। संस्था के संयोजक सतराम जेठमलानी ने बताया कि इससे जरूरतमंद लोगों को शरीर के भिन्न-भिन्न अंग जैसे कार्निया, स्किन, कार्डियो लेस, हड्डी आदि का पुनः प्रत्यारोपण संभव है।

बच्चों को हेल्दी फूड खाने की दी गई सलाह

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यू हॉरिजन डेंटल कॉलेज व रिसर्च इंस्टीट्यूट सकरी द्वारा दो दिवसीय दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। 10 से 12 प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम ने 656 छात्रों के दांतों का परीक्षण किया। डॉ. नेहा पांडेय ने बच्चों के दांतों को खराब करने में फास्ट फूड्स और डिब्बा बंद खाने की भूमिका को जिम्मेदार माना। उन्होंने बच्चों को रोजाना हेल्थी फूड खिलाने कहा। उन्होंने बच्चो में होने वाले टेढ़े मेढ़े दांतों की समस्या से छुटकारे के लिए दंत चिकित्सक से उचित सलाह लेने की बात कही। इस शिविर में डॉ. आरिदम घोष, डॉ. अभिरुद्र गुप्ता, महेन्द्र, आदित्य, प्राचार्य सूरज प्रकाश आदि मौजूद रहे।

उमस भरी गर्मी के बाद हुई जिले के कई क्षेत्रों में बारिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायधानी में गणेश चतुर्थी का उत्सव जारी है। भक्तों में भारी उत्साह और उमंग है। आसमान में बादल भी झूमने लगे हैं। रविवार को दोपहर तक उमस व गर्मी से लोग परेशान थे। फिर दोपहर बाद बादल की गड़गड़ाहट के बाद बदली मौसम फिर हुई झमाझम वर्षा । जिससे आमजन से लेकर किसानों के चेहरे खिल गए।

मौसम विज्ञानी मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण.पश्चिम झारखंड के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर कोटा टिकमगढ़ सीधी दक्षिण.पश्चिम झारखंड के ऊपर स्थित निम्न दाब का केन्द्रए दीघा और उसके बाद दक्षिण.पूर्व की ओर पूर्व. मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है जिसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में वर्षा हो रही है। बुधवार शाम से जारी वर्षा गुरुवार को तक चलता रहा। फिलहाल अभी 29 एवं 30 सितंबर को हल्की वर्षा की संभावना है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले साल की तुलना में इस साल साहाहांत वर्षा ज्यादा अच्छा है। साल 2022 में 14 से 20 सितंबर के बीच मात्र 39.2 मिलीमीटर पानी गिरा था। इस साल यह स्थिति 145. 3 मिलीमीटर रहा। यानी 106.1 मिलीमीटर अधिक रहा। इधर जिले में इस साल एक जून से अब तक 1277.6 मिलीमीटर पानी गिर चुका है। बीते 10 वर्षों के आंकड़ों की तुलना करें तो औसत वर्षा 1056.5 मिलीमीटर है।

बेटियां लिखेंगी माता-पिता को चिट्ठी और शपथ पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता पोस्टकार्ड लेखन कार्यक्रम हुआ। युवा मतदाताओं को जागरूक करने के साथ अधिकारियों ने बताया कि इस बार वोटिंग प्रतिशत बढ़ाना लक्ष्य है। पिछली चुनाव में 35 प्रतिशत कम वोट पड़ा था।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय अग्रवाल जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन यंत्री बिलासपुर रहे। उन्होंने छात्राओं को कहा कि बिलासपुर जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। इसमें आप सभी की उपस्थति के साथ-साथ परिवार के समस्त सदस्य जो मताधिकार के योग्य हों उसे प्रेरित करें। डा. प्रवीण पांडेय, क्षेत्रीय अपर संचालक एवं प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय, सकरी ने अपने उद्बोधन में पोस्ट कार्ड लेखन की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए कहा कि छात्राएं अपने माता-पिता को मतदान के लिए पत्र लिखेंगे। फिर माता-पिता से शपथ पत्र भरवाएंगे। इसे स्वीप नोडल अधिकारी के माध्यम से जिला पंचायत निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे। सर्वाधिक पत्र जमा करने वाली संस्था को पुरस्कृत किया जाएगा। डा.मनोज सिन्हा, संयोजक रासेयो द्वारा छात्राओं को सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर मेंहदी रंगोली के माध्यम से छात्राओं मतदाता जागरूकता के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नए मतदाता के रूप में साक्षी श्रीवास्तव, लवली चन्द्रा, सोनिया खांडेकर, मोनिका पटेल, मुस्कान डडसेना, आकर्षी नामदेव एवं जमुना लहरे को मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। छात्राओं में एम्बेसडर साक्षी एवं समूह द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। पोस्टकार्ड लेखन गतिविधि कार्यक्रम में, सीपत महाविद्यालय, तखतपुर महाविद्यालय, रतनपुर महाविद्यालय, डी. पी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर, साइन्स कालेज बिलासपुर, लक्ष्मीचंद इंस्टीट्यूट बिलासपुर, शा निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा, डी. पी. विप्र लॉ कालेज बिलासपुर आदि 13 महाविद्यालयों के एम्बेसडर उपस्थित थे।

अभियान निजात से बदली नशा करने वालों की जिंदगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान निजात के जिले में 7 माह पूरे होने पर पुलिस ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें अभियान में साथ देने वाले सामाजिक संस्थानों के अलावा अन्य लोगों को सम्मानित किया। साथ ही साथ निजात को लेकर बनाई गई शार्ट फिल्म व पोस्टर का भी विमोचन किया। एसपी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि निजात अभियान को जिस उद्देश्य से शुरू किया गया था, वह अब पूरा होते नजर आ रहा है। लोगों के सहयोग से यह अपने लक्ष्य तक पहुंच रहा है। अभियान के तहत नशा कारोबारियों पर कार्रवाई तो की गई, साथ ही साथ नशे के गिरफ्त में फंसे लोगों को उससे निकालने की भी कोशिश हुई। जिसमें पुलिस हद तक सफल रही। दर्जनों परिवारों की अभियान ने जिंदगी बदल दी है। हर अपराध के पीछे 40 से 50 प्रतिशत कारण नशा ही होता है।

इस पर नकेल कसने से जिले में हर तरह के आपराधिक घटनाओं में कमी देखने को मिली है। चाकूबाजी में 75 प्रतिशत की गिरावट आई, महिला संबंधी अपराधों में भी कमी हुई। ओवरऑल 11 फीसदी अपराधों में गिरावट दर्ज की गई। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के वजह से हो सका है। कार्यक्रम में एएसपी सिटी राजेंद्र जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर संजीव कुमार झा ने कहा कि वर्तमान समय में नाबालिग नशे के गिरफ्त में आ रहे हैं। इसके लिए परिवार भी बहुत हद तक जिम्मेदार है। परिवार की जबावदारी बनती है कि वे बच्चों पर नजर रखें और समझाएं। कलेक्टर ने एसपी के निजात अभियान की सराहना की और कहा कि इस अभियान के सार्थक नतीजे देखने को मिल रहे हैं। लोगों के सहयोग से यह अभियान अपने तय किए गए लक्ष्यों की तरफ आगे बढ़ रहा है।

कार की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत

बिलासपुर। बुधवार को बाइक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में इसमें सवार दो ग्रामीणों की मौत हो गई और तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना सकरी थाना क्षेत्र के ग्राम दलदलिहापारा के पास हुई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर उसकी पतासाजी शुरू कर दी है। ग्राम जोकी गांव निवासी कुंजराम सूर्यवंशी ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई। उनके अनुसार वे गांव में खेती किसानी करते हैं। बुधवार को सकरी बाईपास से होते हुए अपने गांव जा रहे थे। नेशनल हाइवे रोड पर दलदलिहापारा में भीड़ जमा थी। पास पहुंचे तो वहां पर क्षतिग्रस्त बाइक क्रमांक सीजी 10 एक्स 1427 पड़ी थी और गांव में रहने वाले नारायण सूर्यवंशी की मौत हो चुकी थी। दुर्गा प्रसाद सूर्यवंशी व राम निहोरा यादव घायल थे।

ट्रक सहित करीब 5 लाख रुपए का सामान लेकर हो गए चंपत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर से दिल्ली सामान शिफ्ट कराना डॉक्टर को महंगा पड़ गया। उन्होंने इसके लिए जिस मूवर एंड पैकर को बुक किया था वह उसका करीब 5 लाख रुपये का सामान लेकर गायब हो गया। लिंगियाडीह निवासी इन्द्र कुमार पोर्ते पिता कन्हैया सिंह (27) ईडन कोर्ट सोसाइटी का मैनेजर है। वह डॉ. उमेश शर्मा व उनके बेटे डॉ. मृणाल शर्मा के यहां भी पार्ट टाइम काम करता है।

डा. मृणाल का स्थानांतरण दिल्ली होने के कारण उन्होंने घरेलू सामान दिल्ली भेजने के लिए मूवर्स एवं पैकर्स से संपर्क करने के लिए कहा। ऑनलाइन सर्च किया और आरकेसी मूवर्स एवं पैकर्स के दिए नंबर में संपर्क किया। उसका ऑफिस हैदराबाद में था। फोन रिसीव करने वाले ने अपना नाम राजकुमार बताया और मोबाइल नंबर दिया। उसने पवन नाम के युवक को उसके पास भेजा। वह सामान देखकर गया और 11 सितंबर को बुकिंग करने को कहा। 44 हजार 500 में पूरा सामान दिल्ली तक पहुंचाने की बात कही। 11 सितंबर को तीन युवक आए। इनमें दो ने नाम अनंत राम व पवन बताया। उन्होंने सामान पैक कर गाड़ी सीजी 04पीए9409 में सामान दिल्ली ले जाने के लिए लोड किया। चार से पांच दिन में सामान पहुंच जाने की बात की। पांच दिन बाद बात करने पर मूवर्स एवं पैकर्स आरकेसी राजकुमार ने कहा सामान शाम तक सामान पहुंच जाएगा पर नहीं पहुंचा। बार-बार पूछने पर ड्राइवर का नाम कपिल भारद्वाज बताया और उसका मोबाइल नंबर दिया। फोन करने पर बताया वह ग्वालियर में है। कहा दिल्ली जा रहा है और उसे 18 हजार रुपए मिलेगा तभी वह सामान ग्वालियर से आगे बढ़ेगा।

स्कूल वेन का पाइप फटने से लगी आग 11 छात्र घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। चलती स्कूली वेन में आग लगने से इसमें सवार छात्रा झुलस गईं। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद परिजन बिलासपुर ले गए हैं। वेन में 7 बच्चे सवार थे। सभी को बाहर निकालकर ड्राइवर फरार हो गया।

घटना तखतपुर थाना क्षेत्र की हैं। ये वेन एक साथ 11 बच्चों को स्वामी आत्मानंद स्कूल लेकर जा रही थी। पुराना थाना ताम्रकार ज्वैलर्स के पास गाड़ी पहुंची तो अंदर पेट्रोल की गंध आने लगी। ड्राइवर ने उतरकर देखा तो पाइप फटा हुआ था। पाइप लगाकर उसने जैसे ही वेन को चालू किया झटका लगा और वेन के सामने के हिस्से में आग लग गई। यह देखते ही देखते पूरी गाड़ी में फैलने लगी। देखते ही आसपास के लोग दौड़कर आए और दरवाजा खोलकर बच्चों को बाहर निकाले। वेन के एक तरफ का दरवाजा नहीं खुलने की कारण से उस ओर बैठे हुए बच्चे आग की चपेट में आकर झुलस गए। इनमें से कक्षा 9वीं की छात्रा अनन्या केशरवानी बुरी तरह झुलस गई और उसका हाथ-पैर जल गया। घटना के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आराध्या के पिता अतुल केशरवानी पटवारी हैं, उन्हें आसपास के लोगों ने वेन में आग लगने से आराध्या के झुलसने की जानकारी दी। खबर मिलते ही घबराए अतुल और परिजन आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे। बच्चों की हालत देखने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली। घटना के समय वेन में एक अस्थमा की मरीज बच्ची भी बैठी हुई थी। उसे मुश्किल से निकाला गया। आनन फानन में बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, यहां अनन्या का इलाज के लिए भर्ती कर दिया गया। बाकी दो बच्चों को उनके परिजन प्राथमिक इलाज के बाद अपने साथ ले गए।

कोल्ड स्टोरेज में चोरी, 3.20 लाख नगद और डीवीआर पार

बिलासपुर। सिरगिट्टी क्षेत्र के कोल्ड स्टोरेज से किसी ने 3 लाख 20 हजार रुपए व सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर पार कर दिया। कतियापारा निवासी नितेश कुमार देवांगन अंशु कोल्ड स्टोरेज में मैनेजर हैं। यहां कच्चे केले को पकाकर थोक फल विक्रेताओं को बेचा जाता है। इससे मिले रकम को वह टेबल की दराज में लॉक कर रखते हैं। रोज की तरह 19 सितंबर की रात करीब 10.30 बजे बिक्री की रकम 3 लाख 20 हजार रुपए को काले रंग के हैंडबैग में डालकर टेबल के दराज में रखकर घर चले गए। दूसरे दिन सुबह करीब 9 बजे आए तो पैसे व सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर गायब थे। उसने कोल्ड स्टोरेज के मालिक अनिल सलूजा को फोन से सूचना दी और थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

शालेय क्रीड़ा स्पर्धा की शुरू आदिवासी नृत्य से

बिलासपुर/नवप्रदेश। 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई के इंडोर स्टेडियम में हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान मुख्य अतिथि तो विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेंद्र धीवर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी मौजूद थे। प्रतियोगिता 25 सितंबर तक चलेगी जिसमें पांच संभाग की टीम हिस्सा ले रही हैं। इसमें रायपुर, दुर्ग, , बस्तर, सरगुजा संभाग के खिलाड़ी व प्रशिक्षक शामिल हैं। प्रतियोगिता में क्रिकेट, हॉकी, बेसबॉल, टेबल टेनिस एवं कबड्डी जैसे खेलों में बालक-बालिकाएं अपना हुनर दिखाएंगे। मुख्य अतिथि चौहान ने कहा कि खेल के साथ शिक्षा भी बहुत जरूरी है। विशिष्ट अतिथि धीवर ने कहा कि खेल मानव जीवन के दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहता है। विशिष्ट अतिथि केशरवानी ने कहा कि बरसात के मौसम में थोड़ी असुविधा हो सकती है किंतु खिलाड़ी इन असुविधाओं को पारकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखता है। कार्यक्रम में महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय की छात्राओं ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया।

लालच से मिलता है दुख, संतोष में ही है जीने की कला : शास्त्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंडित ने बताया कि शौच का अर्थ होता है - पवित्रता या सफाई। मद, क्रोधादिक बढ़ाने वाली जितनी दुर्भावनाएं हैं, उनमें लोभ सबसे प्रबल है। इस लोभ पर विजय पाना ही उत्तम शौच है। उन्होंने कहा कि हम लालच आकर न जाने कितने अपराध करके पापों का संग्रह करते रहते हैं। जबकि लालच करने से सिवाय पाप बंध के अलावा कुछ मिलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि संतोष धारण करना ही जीवन जीने की कला है, संतोष ही जीवन में शांति प्रदान कर सकता है। हमारा जीवन कर्माधीन है, अच्छे कर्म करेंगे तो अच्छा फल मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब सब कुछ कर्माधीन है तो लालच नहीं करके अच्छे कर्म करके पुण्य बढ़ाना चाहिए। तभी जीवन भी सरल चलेगा,और मोक्ष का मार्ग भी मिलेगा।

दूसरी प्रस्तुति क्रांतिनगर पाठशाला के बच्चों की रही, इसमें उन्होंने निर्विचिकित्सा अंग में प्रसिद्ध हुए मुनि की कहानी प्रस्तुत की। इस अंग से हमें यह शिक्षा मिलती है कि यह शरीर मल मूत्र आदि अपवित्रताओं का पिटारा है, किंतु इसी शरीर से हम सम्यक्त्व की प्राप्ति कर लें तो फिर मोक्ष ज्यादा दूर नहीं। मानव शरीर ही मोक्ष की प्राप्ति का साधन है, देवता भी इस मनुष्य तन को प्राप्त करने के लिए तरसते हैं। अतः इसकी अपवित्रता पर ध्यान न देकर केवल यही ध्यान रखें कि मनुष्य

शरीर ही मोक्ष साधक है, अन्य देवादिक का शरीर नहीं। इस अनुभूति के साथ रत्नत्रय में प्रीति रखना, मलिन शरीर मे ग्लानि न रखना ही निर्विचिकित्सा अंग है। इस प्रस्तुति का निर्देशन प्रिया, भुवि और रागिनी जैन ने किया। इस नाटिका में सर्वार्थ, अक्की, जीविका, नन्हे, रिद्धिमा, आमर्ष, अणिमा, वेदांत और न्यूमियू ने शानदार अभिनय से सभी का मन मोह लिया। जैन धर्म के तीन प्रमुख रत्न हैं सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र। सम्यक्त्व रूपी बीज से ही मोक्ष रूपी फल की प्राप्ति होती है इसलिए, संसारी प्राणियों के लिए तीनों कालों और तीनों लोकों में सम्यक्त्व के समान सुखकारी, कल्याणकारी अन्य कोई वस्तु नहीं है। सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम की कड़ी में उत्तम आर्जव धर्म के दिन जैन समाज बिलासपुर में संचालित पाठशालाओं के बच्चों द्वारा इन्हीं रत्नों में से एक सम्यक दर्शन के आठ अंगों में प्रसिद्ध हुए साधु, संतों, महापुरुषों की कहानी को नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया। सरकंडा मंदिर पाठशाला के बच्चों आध्या, अनायशा, विद्यानशी, आर्या, परीशा, मिहिरा, शुभि, दिव्यांश, पुण्यांश, शुभ, संस्कार, दिव्यांश द्वारा अँधियारा या दूर किनारा भजन पर मंगलाचरण से किया , जिसका निर्देशन क्षिप्रा, अनी और मोना जैन द्वारा किया गया।

हाथी की मौत से बेखबर था सूरजपुर वन विभाग, मनेन्द्रगढ़ में कार्रवाई से खुलासा

■ घटना स्थल पर मिला कंकाल, अब अफसर पर भी कार्रवाई की सुगबुगाहट

कोरिया/सूरजपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में बीते गर्मी के दिनों में एक जंगली हाथी की मौत के मामले में वन विभाग के अधिकारियों की गंभीर लापरवाही सामने आई है। हाथी की मौत होने के कई महीनों के बाद तक विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इस बात की खबर ही नहीं हुई जो कि बड़ी लापरवाही हैं ! वही अब एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ में चार आरोपियों के पकड़े जाने के बाद इस मामले का खुलासा हुआ जिससे वन विभाग के अधिकारियों में अब हड़कंप मचा हुआ है । वही आरोपियों को घटना स्थल पर ले जाने से इसकी पुष्टि हुई जहा अब भी हाथी के अवशेष हैं ।वही अब मनेन्द्रगढ़ वन मंडल से कार्यवाही कर आगे के जाच के लिए सूरजपुर वन मंडल को दस्तावेज दे दिया गया किन्तु अब इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों पर हाथी के मूवमेंट को लेकर कितनी जानकारी है इसे लेकर सवाल उठना लाजमी हैं ! उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार उच्च अधिकारियों ने इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया है। माना जा रहा है कि मामले में जल्द बड़ी कार्रवाई सामने आएगी।

पेंगोलिन स्कैल व दो नग हाथी दांत के साथ चार गिरफ्तार

दुर्लभ स्तनधारी जीव में होती है गिनती

गौरतलब हैं कि अभी हाल ही में मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में हाथी के दांत के साथ चार आरोपियों पर कार्यवाही हुई हैं जहा मनेन्द्रगढ़ डीएफओ लोकनाथ पटेल के अनुसार जाच में आरोपी राधेलाल ने बताया कि ये सूरजपुर वनमंडल के चांदनी बिहारपुर वन क्षेत्र व गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान के सीमा के नजदीक गर्मी के दिनों में तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य के दौरान जंगल मे हाथी का डेथ हुआ था वहां से मृत हाथी से दांत निकालकर लाया गया था। फिर सूरजपुर जिले के राधेलाल से संपर्क किया। राधेलाल का कहना था कि वे इसे बिकवा देंगे जिस कारण इसे गुरूजी को दिया गया था। गुरूजी ने फिर इन लोगों को जो सोनहत के निवासी राजकुमार और दुबराज को दिया गया जो कि अब पकड़े गए हैं वही गुरुजी स्वयं आरोपी है। आरोपियों ने बताया कि ये जो बृजनंदन जायसवाल गुरूजी हैं। इसके माध्यम से ये लोग बिकवा रहे थे और इन लोगों को दो-चार हजार रूपए का लालच दिया था जो कि जाच में सामने आया था यह वन विभाग के अधिकारियों का कहना है ।वही आरोपी का कहना था कि मरा हुआ हाथी था कब मरा है उसकी जानकारी नही है जब तेंदुपत्ता तोड़ाई का कार्य चल रहा था। उस समय हाथी मर के सड गया था। उससे यह हाथी दांत निकाला गया है ऐसा बयान दिया गया किन्तु सूरजपुर वन विभाग के अधिकारी अब इस मामले में जाच के बाद ही कुछ भी कहने की बात कह कर इतनी बड़ी लापरवाही से अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे वही अब इस मामले में कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने से इंकार कर रहे ।

वनमंडल सूरजपुर के रिकार्ड में मृत हाथी तो दर्ज होगा पूछने पर मनेन्द्रगढ़ डीएफओ ने बताया कि यह जांच का विषय है। इस पर अब सूरजपुर वन मंडल के अधिकारी जांच कर रहे हैं। एक ही हाथी रहा। गुरुजी शासकीय गुरूजी है वर्ग दो मिडिल स्कूल सूरजपुर जिले में है। मनेन्द्रगढ़ वनमंडलाधिकारी और वाइल्ड लाइफ के नेतृत्व में मनेन्द्रगढ़ वन परिक्षेत्र की टीम की सफल कार्यवाही के बाद सूरजपुर वनमंडल के उस क्षेत्र में जाच के बाद हाथी के मौत का सपष्ट कारण पता चल सकता है ।

हाथी की मौत से अब सवाल यह उठता है कि यदि हाथी दफन नही था और जंगल से हाथी दांत लाया गया है तो सूरजपुर वनमंडल के चांदनी-बिहारपुर वनपरिक्षेत्राधिकारी ,डिप्टी रेंजर व मैदानी अमले को पता क्यो नही रहा कि उनके परिक्षेत्र में हाथी कब से मृत हुआ है ! और यदि मृत हाथी दफन था तो सरफेस (भूमि के ऊपर) में कैसे आ गया ! क्या सूरजपुर वनमंडल के द्वारा सही तरीके से दफन नही किया गया था !इस मृत हाथी को कब दफन किया गया था ! क्या सूरजपुर वनमंडल के रिकॉर्ड में दर्ज है हैं या नही वही सूरजपुर वनमंडल में और कितने मृत हाथी रिकार्ड में दर्ज हैं ! क्या सूरजपुर वनमंडल के चांदनी बिहारपुर परिक्षेत्र के परिक्षेत्राधिकारी को जानकारी है कि उनके परिक्षेत्र में मृत हाथी दफन है ! अथवा मृत हाथी सरफेस में पड़ा हुआ है ! यह बिंदु गहन जांच के विषय हो सकते हैं।जिस पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही सामने न आये ।

हाथी की मौत पर दांत गायब अब अवशेष शेष

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार तेंदूपत्ता तोड़ाई के समय गर्मी के दिनों में हाथी की मौत हुई जो कि सड़ रहा था किंतु इसकी जानकारी वन विभाग सूरजपुर को नही थी जहा आरोपियों ने इसकी दांत निकाल ली व बेचने की फिराक में पकड़े गए किन्तु यह हाथी मरा था या तस्करी के लिए मारा गया ऐसे कई बिंदु हैं जो कि अब जाच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा वही हाथी की मौत को लेकर इस कारण भी संदेह है क्यो की इसके पूर्व भी इस सूरजपुर वन मंडल में वर्ष 2021 में एक हाथी की मौत के बाद हाथी के दांत गायब थे जबकि उस समय हाथी की मौत शव मिलने के कम से कम 10 या बारह दिन पहले मौत हुई थी। राज्य सरकार ने उस मामले को उस समय इसलिए अत्यंत गंभीरता से लिया था , क्योंकि इतने दिनों बाद भी वन विभाग के अमले को इस घटना की जानकारी क्यों नहीं मिली। सूत्रों के अनुसार मामले की जांच रिपोर्ट में भी इस तथ्य को उस समय गंभीर माना गया था दूसरी बात ये कि उस समय वर्ष 2021 में हाथी के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई लेकिन बड़ा सवाल ये है कि हाथी के दांत कैसे गायब हुए! वही एक बार फिर वर्ष 2023 में हाथी की मौत उसके बाद भी जानकारी नही वही अब दांत 17 सितंबर को बरामद होने के साथ मौके पर मृत हाथी के अवशेष मिलने से यह हाथी की मौत भी संदेहजनक माना जा रहा है।वही विभाग अब विभाग के लैब में भेजकर इस हाथी की मौत की जाच करने की बात कह रहा वही फील्ड स्तर के जिम्मेदार अधिकारी फोन नही उठा रहे वही फोन तक बंद रखे हैं ।

पूरा अमला है तैनात, फिर क्यों नहीं मिली जानकारी

सूत्र से मिली जानकारी अनुसार वन विभाग द्वारा मामले की जांच के संबंध में जो तथ्य सामने आए हैं, उन्हें लेकर माना जा रहा है कि पहली नजर में यह मामला विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही का है। सूरजपुर वन मंडल के चांदनी बिहारपुर वन परिक्षेत्र के बीट के कक्ष क्रमांक 1108 में हाथी का शव पड़ा होने की सूचना वन विभाग को क्यो नही मिली वही अब हाथी के दांत चार आरोपियों के पकड़े जाने व बरामद होने से इस मामले का खुलासा होने से विभाग में भी हड़कंप है वही यह इलाका चांदनी बिहारपुर का है जो कि गुरुघासीदास के सीमा के नजदीक है जो कि बीच के जंगल क्षेत्र का बताया जा रहा है।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा का हसौद ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

जांजगीर/नवप्रदेश। महानदी के बरेकेल पुल को जर्जर के वजह से पिछले 5 सालों से बैरिकेट लगाकर बड़ी वाहनों पर प्रतिबंध किया गया था।लेकिन भाजपा के परिवर्तन यात्रा से पहले पुल के बैरिकेट को रात्रि में लगभग 10 : 30 बजे के आसपास खोल दिया गया था।जिसकी जानकारी कांग्रेस के हसौद ब्लॉक अध्यक्ष कुशल कश्यप को हुई तब,उनके द्वारा सक्ती अनुविभाग के अधिकारी को तत्काल बैरिकेट लगाने का पत्र दिया गया और रविवार को सुबह लगभग 10 बजे बैरिकेट नहीं लगाने पर कांग्रेसियों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर विरोध प्रदर्शन किया।जहाँ एडिशनल एसपी गायत्री सिंह व पुलिस की टीम मौके पर पहुँची,पहुंचकर एडिशनल एसपी ने समझाइस दी और बैरिकेट को फिर से लगवाया गया,बैरिकेट लगाने के बाद कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन को समाप्त किया। प्रदर्शन के चलते भाजपा ने परिवर्तन यात्रा के रूट को चेंज करना पड़ा।इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुरेन्द्र भार्गव,भोजराम राम हरवंश, विजय चन्द्रा, ओमप्रकाश बर्मन, रमेश कश्यप,सतीश महेश, शत्रुघन चन्द्रा, मोहन धीरहे, द्वारिका चन्द्रा,

दशरथ कर्ष,अनुज बंजारे, प्यारे साहू, कृष्णा पटेल, रवि आदित्य, रम्हैया खुंटे, नीरज कश्यप, मनोज पटेल, दिलसाय लहरे, निखिल कश्यप, रामकिशन घृतलहरे, प्रभात लहरे, घासीराम भारद्वाज, सहित कांग्रेसी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

डेंगू नियंत्रण के लिए रविवार को भी फील्ड में डटे रहे अफसर

■ वार्ड पर्यवेक्षण के लिए कलेक्टर सिन्हा ने किया अधिकारियों को नियुक्त

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में डेंगू नियंत्रण के कार्य में आज रविवार को भी जिला स्तरीय अधिकारी फील्ड में डटे रहे। शहर में बढ़ते डेंगू प्रकरण के मद्देनजर कलेक्टर सिन्हा ने डेंगू सोर्स रिडक्शन एवं जागरूक करने के उद्देश्य से शहर के सभी वार्डो के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की ड्यूटी लगाई गई है। जो आज रविवार को भी शहर के विभिन्न वार्डो में निरीक्षण एवं सोर्स रिडक्शन कार्य में डटे रहे।

इसकी मॉनिटरिंग स्वयं कलेक्टर श्री सिन्हा कर रहे हैं, उनके द्वारा उत्तरदायी अधिकारियों से डेंगू नियंत्रण पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की लगातार जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा के निर्देशन में जहां नगर पालिका द्वारा बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चला रही है, वहीं स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग घर-घर जागरूकता सर्वेक्षण कर कार्य किया जा रहा है। गत दिवस बैठक में कलेक्टर श्री सिन्हा ने सफाई दरोगा एवं सफाई कर्मियों को आगामी पखवाड़े भर मिशन मोड पर सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे डेंगू नियंत्रण पर बेहतर कार्य किया जा सके। जिससे फलस्वरूप शहर के वार्डो में

फॉगिंग, सफाई, कचरा उठाव एवं दवाई का छिड़काव लगातार जारी हैं।

एमएमयू के माध्यम से फौरन जांच

कलेक्टर सिंह के निर्देशन में किरोड़ीमल शासकीय जिला अस्पताल में डेंगू वार्ड में उपचार के लिए आवश्यक बेड, मेडिसीन एवं पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) स्लम इलाकों में जाकर तत्काल जांच भी कर रही हैं। जिससे वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में हैं, एवं पूरी तैयारी के साथ जिला प्रशासन विशेष परिस्थिति से निपटने के लिए भी तैयार हैं।

नर्सिंग स्टूडेंट भी अभियान में शामिल

कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर वार्ड सर्वे के लिए पूर्व में अधिकारियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आज से 50 नर्सिंग स्टूडेंटस की टीम ने भी शहर के हण्डी चौक, लालटंकी, हटरी, गांजा चौक, गौशाला पर जैसे विभिन्न डेंगू प्रभावित वार्डो में सर्वे, सोर्स रिडक्शन, पोस्टर चस्पा एवं लोगों को डेंगू से बचाव के संबंध में जागरूक किया।

पुलिस ने 10 जुआरियों से किया 34 हजार नगद बरामद

सूरजपुर/नवप्रदेश। अवैध शराब, जुआ, नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्व कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में बीते दिन जयनगर पुलिस ने ग्राम बीरपुर जंगल में हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलने के मामले में 4 जुआड़ियों को रंगे हाथों पकड़ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। बीते दिन थाना प्रभारी को मुखबीर ने सूचना दिया कि बीरपुर जंगल में कुछ जुआडियान रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जुआ खेल रहे 4 व्यक्ति

तनवीर, बिहारी राम राजवाड़े, विनोद विश्वकर्मा व सुखदेव सिंह को पकड़ा जिनके कब्जे व जुआ फड से 33100 रूपये जप्त कर चारों के विरूद्व छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, आरक्षक दिनेश ठाकुर, श्याम सिंह, सैनिक नोहर, अकबर व जहांगीर सक्रिय रहे।

निर्वाचन कार्य की वीडियोग्राफी के लिए 6 अक्टूबर तक निविदा आमंत्रित

कोरिया/नवप्रदेश। कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया द्वारा निविदा जारी कर आगामी आम निर्वाचन 2023 एवं 2024 हेतु निर्वाचन क्षेत्रों में प्रशिक्षण, नामांकन कार्यवाही, सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केन्द्र, मतदान केन्द्र, मतगणना, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों में वीडियोग्राफी किए जाने हेतु पंजीकृत तथा अनुभवी संस्थाओं, फर्मों से प्रति 1 घंटे प्रति वीडियो कैमरा प्रति दिन के दर निर्धारण हेतु कोरिया जिले के लिए निविदा एक वर्ष के रेट कांट्रेक्ट हेतु आमंत्रित की गई है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नंदिनी साहू ने बताया कि आगामी आम चुनाव हेतु वीडियोग्राफी कार्य मे कुशल व दक्ष फर्म/ संस्थाओं से निविदा के माध्यम से दर उक्त कार्यों के लिए दर निर्धारित की जाएगी। श्रीमती साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 1 बजे तक, निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर को अपरान्ह 2 बजे तक और निविदा खोलने की तिथि 6 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया निर्धारित है।

मोदी सरकार का महिला आरक्षण बिल सिर्फ जुमला : सांसद महंत

■ मोदी सरकार और भाजपा के लोग लूट रहे झूठी वाहवाही

कोरबा/नवप्रदेश। देशभर की लगभग 50 प्रतिशत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण वाले बिल के लोकसभा व राज्यसभा में पास हो जाने के बाद कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा है कि यह देश भर की महिलाओं के लिए सुखद समाचार है लेकिन महिला आरक्षण देश में कब लागू होगा इसे मोदी सरकार को स्पष्ट करना चाहिए।

श्रीमती महंत ने कहा कि मोदी सरकार का यह भी एक जुमला बिल है जो चुनाव के ठीक पहले पास किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि देश भर के लगभग 70 करोड़ महिलाओं के लिए यह तब हर्ष की बात होती जब उक्त बिल 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व लागू हो जाता। उन्होंने बताया कि महिला बिल के नाम पर मोदी सरकार और भाजपा के लोग झूठी वाहवाही लूट रहे हैं। दरअसल उक्त

बिल भले ही लोकसभा और फिर राज्य सभा में पास हो गया लेकिन इसे देश की जनगणना व परिसीमन के बाद ही लागू किया जा सकेगा। ऐसे में यह मुश्किल है कि उक्त महिला आरक्षण बिल 2029 तक पूर्ण रूप से लागू हो जाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार 2014 से जब से सत्ता में आई है तब से महिला आरक्षण बिल को लेकर मौन क्यों थी, अब जबकि इसी साल पांच राज्यों में चुनाव है और वर्ष 2024 में लोकसभा का चुनाव है उसे देखते हुए देशभर की 50 प्रतिशत महिलाओं को लुभाने के लिए उनका मत लेने के लिए यह जुमला बिल प्रस्तुत किया है। यदि इस महिला आरक्षण बिल के प्रति मोदी सरकार सही मायने में महिलाओं की चिंता करती है तो इसे लोकसभा चुनाव 2024 से पूर्व लागू करें।

न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202204160100016/अ-21/2021-22

ग्राम- आंवराभाटा

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुनीर अहमद पिता मोहम्मद इशहाक उम्र 55 वर्ष जाति मुसलमान मोबाईल नंबर 9425594270 आधार कार्ड नंबर 68091862175 निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के द्वारा नगरीय क्षेत्र आंवराभाटा, प.ह. न. 14 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नं. 27/1/106 रकबा 0.0090 है. / 1000 वर्गफीट प्लाट नंबर 30 को क्रेता कु. सुप्रभा महाराणा पिता स्व. आर. एन. महाराणा उम्र 41 वर्ष जाति महाराणा मोबाईल नंबर 9424278052 आधार कार्ड नंबर 548209517121 निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/09/ 2023 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 31/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दंतेवाड़ा

प्रथम पृष्ठ का शेष...

देश को 9 नई वंदे ...

लोग इसमें सफर करते हैं, उतनी तो कई देशों की आबादी भी नहीं है।

आज हरी झंडी दिखाकर रवाना की जाने वाली सभी नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सूची-

उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस

तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस

हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस

विजयवाड़ा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस

पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस

कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस

राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस

रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस

जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस

कितने घंटे में तय होगा सफर

राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम रूट पर नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मौजूदा ट्रेनों से लगभग तीन घंटे तेज होंगी। हैदराबाद-बेंगलुरु और तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई मार्गों पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें क्रमशः ढाई घंटे और दो घंटे अधिक तेज होंगी। रांची-हावड़ा, पटना-हावड़ा और जामनगर-अहमदाबाद रूट करीब एक-एक घंटे तेज होगी। वहीं, उदयपुर-जयपुर मार्ग पर चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मौजूदा सेवाओं की तुलना में आधे घंटे पहले गंतव्य पर पहुंच जाएगी।

गौरतलब है कि मेक इन इंडिया के तहत साल 2019 में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत की गई थी। पीएम मोदी ने उसी साल 15 फरवरी को दिल्ली और वाराणसी के बीच पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई थी।

भाजपा से हाथ मिलाया ...

(शिवमोग्गा) एम श्रीकांत और यूटी आयशा फरजाना समेत कई नेताओं ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की जनता दल (सेक्युलर) ने शुक्रवार को कर्नाटक में भाजपा के साथ गठबंधन की घोषणा की और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले औपचारिक रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल हो गई।

जेडीएस नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद यह घोषणा की। जेडीएस ने 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा ने कर्नाटक की 28 में से 25 सीटें जीत लीं।

महाकाल अब अरबपति...

माह 2 माह का था, जिसमें कई हस्तियां जैसे क्रिकेटर फिल्म स्टार सेलिब्रिटी उद्योगपति राजनीतिक सहित कई वीआईपी के साथ सामान्य श्रद्धालु भी महाकाल के दर्शन को पहुंचे, इन दो माह में ही 2 करोड़ 39 लाख 58 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए हैं। पिछले 8 महीनों में 3 करोड़ 50 लाख श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन कर बाबा महाकाल को दान किया है।

इन स्त्रोतों से आय

महाकाल मंदिर समिति को सावन और भादो माह में भस्म आरती, दान और अन्य साधनों से 25 करोड़ 10 लाख रुपये की आमदनी हुई है। इन 8 महीनों में लड्डू प्रसादी खरीदने का भी श्रद्धालुओं ने रिकॉर्ड बनाया है। इस दौरान 38 करोड़ 56 लाख 34 हजार रुपये से अधिक की लड्डू प्रसादी खरीदी है। अगर बीते 1 साल का रिकॉर्ड देखें तो 1 सितंबर 2022 से 12 सितंबर 2023 तक दान से आय 1 अरब 29 करोड़ 44 लाख 16 हजार 849 रुपये की आय हुई है। लड्डू प्रसादी से 51 करोड़ 28 लाख 97 हजार 749 रुपये की आय हुई है। इस प्रकार महाकाल को दान में 1 अरब 80 करोड़ 73 लाख 14 हजार 642 रुपये मिले हैं।

राहुल आएंगे प्लेन से...

दोपहिया वहां की सवारी करते उनकी फोटो, वीडियो खूब सुर्खियां बटोर चुकी हैं। भारत जोड़ो यात्रा करके उन्होंने जनता से सीधे जुड़ने का एक कामयाब प्रयास किया जिसे मतदाताओं का उन्हें अटेंशन भी मिलने की उम्मीद है।

कार्यालय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पण्डरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) Email: Lspsskm@gmail.com

// ई - निविदा सूचना // Contact No. 07987900070, 7869855731

निविदा सूचना क्रमांक 148034, 148228 — दिनांक 23/09/2023

2500 टी. सी. डी. शक्कर कारखाना पण्डरिया में ई-निविदा सूचना क्र. 148034 शक्कर एस-30 विक्रय करने तथा विभिन्न जनरल सामाग्री (मैन्यूफैक्चरिंग एवं इंजीनियरिंग सामाग्री) कय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो/निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर अलग-अलग ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- (1000 /- रु. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) में फार्म pload किया जाना है।

क्र.	विवरण	निविदा प्रपत्र विक्रय/जमा तिथि एवं समय	निविदा खोलने तिथि एवं समय
1	ई-निविदा सूचना क्रमांक 148034 एस-30 शक्कर 25,000 क्विंटल विक्रय हेतु (उत्पादन वर्ष 2023-24)	दिनांक 25/09/2023 से 03/10/2023 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 03/10/2023 समय दोपहर 12.30 बजे से
2	ई-निविदा सूचना क्रमांक 148228 विभिन्न सामग्री क्रय करने हेतु (मैन्यु एवं इंजी. सामग्री क्रय हेतु)	दिनांक 25/09/2023 से 06/10/2023 को समय दोपहर 12.00 बजे तक फार्म भर कर/अपलोड करने पर मान्य होगा।	निविदा 06/10/2023 समय दोपहर 12.30 बजे से

निविदा की शर्तें व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेबसाइट www.spssk.co.in में भी अवलोकन कर सकते है।

महाप्रबंधक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

सड़क निर्माण और मरम्मत में भ्रष्टाचार की बू

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर के भीतरी और बाहरी इलाकों में सड़कों का बुरा हाल है। कोई सड़क पिछले एक साल से उधड़ी है तो कई सड़कें ऐसी भी हैं, जहां पेचवर्क तो हुआ लेकिन वो भी गत दिनों हुई बारिश में बह गया। दरअसल पालिका और पीडब्ल्यूडी शहर में जहां से वीआईपी गुजरते हैं, उन सड़कों पर तो ध्यान देता है, लेकिन भीतरी शहर में उनकी नजर तक नहीं जा रही है और कई बाहरी इलाकों में सड़क के लिए लोग इंतजार कर रहे हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। जबकि खुद मुख्यमंत्री ने शहर की सड़कों को सुधारने के लिए निर्देश दिए थे। गौरतलब है कि शहर के सड़कों के निर्माण व मरम्मत के लिए सरकार ने हाल मे बजट जारी किया है लेकिन मरम्मत के नाम पर खुलकर हुए भ्रष्टाचार की मिसाल शहर की बारिश से लबालब गड्ढेनुमा सडकें खुलकर जाहिर कर रही हैं। इन सड़कों पर राहगीरों के कपड़े खराब होने से लेकर दुर्घटना तक हो रही है।

परेशानी का सबब बना पण्डरिया रोड-शहर में सर्वाधिक यातायात का दबाव झेलने वाले पण्डरिया रोड की हालत ऐसी हो गई है कि सामान्य मौसम में भी इस रास्ते से गुजरना दुश्कर हो गया है। जहां वाहनों की संख्या बढ़ते ही दिन में कई बार जाम की स्थिति बन रही है। सड़कों की दुर्दशा इतनी है कि थोड़े से पानी गिरने के बाद सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। बड़े-बड़े गड्ढ़ों से निकलना दुश्कर हो जाता है यही स्थिति करही से जिला अस्पताल जाने वाले नहर रोड की है। जिला अस्पताल जहां पहुंच मार्ग सुव्यवस्थित होना चाहिए वही गड्ढ़ों से भरे पड़े इस शहर पर आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्यजनक बात यह है कि यही सड़क पुलिस लाईन भी जाती है। सड़कों की स्थिति को देखते हुए अब पुलिस ने भी आने-जाने के लिए सड़क मार्ग बदल दिया है लेकिन सड़क का मरम्मत नही हो पाया है। जिला अस्पताल का पहुंच मार्ग हो या बाइपास की सड़क या नेशनल हाइवे की सड़क हो, सड़को पर गड्ढ़ो एवं पानी भरे रहने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के मुख्य मार्ग में बडे-बडे गढ्ढे हो गये है जिस कारण आये दिन दुर्घटना कि आशंका बनी रहती है। लोगों को आवागमन करने में कॉफी परेशानीयों का सामना करना पड रहा है।मुख्य मार्ग स्थित पर जगह-जगह गढ्ढे होने के कारण पानी निकासी नहीं होने से लोगो का जिना दुश्वार हो गया है। शहरवासियों को कापी मशक्कत के बाद मुरूम डालने के बजाय मिट्टी डाल दिये जाने के कारण परेशानिया और भी बड़ गयी है। मुंगेली मुख्य मार्ग बड़े बड़े गढढे मे तबदिल हो गये है। पडावपारा नहर रोड सहित शहर के हजारो लोगो को जिला मुख्यालय पहुचाता है फ्रि वापस लाता है यह मार्ग शासन प्रशासन की उपेक्षा के चलते गढ्ढों मे तबदिल हो गयी है। सड़क में जगह जगह बडे बडे गढ्ढे होने के कारण आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगो को जोखिम में डालकर यात्रा करना पडता है। मुख्य मार्ग में बडे-बडे गढ्ढे होने से लोगों को आवागमन करने में तकलीफ होती है। समस्या के निदान हेतु जनप्रतिनिधी एवं संबंधित अधिकारीयों को अनेक बार अवगत कराया जा चुका है। उपरांत आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कि गई है।

मानकों के अनुरूप नहीं बनी सड़कें

तकनीकी जानकारों के मुताबिक शहर की विभिन्न सड़कें मानकों के अनुरूप न बनने के कारण यहां स्थिति यह है कि सड़क पर पेचवर्क किया गया और फ्रि भी जगह-जगह गड्ढे हो गए। इधर पेचवर्क भी बारिश के कारण जगह जगह से उखड़ गया है। जबकि सड़कों पर पेचवर्क के नाम पर सरकारी एजेंसियां करोड़ों रुपए व्यय कर स्तर की है। हालांकि पीडब्ल्यूडी ने इस सड़क पर पेचवर्क करवाया, लेकिन ज्यादातर सड़क की सेहत अभी भी ठीक नहीं है। कार्य की मंथर गति के कारण एकतरफा यातायात से रोजाना वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। भीतरी शहर पर नहीं दिया ध्यान- शहर के भीतरी भाग में कई माह से सड़कें क्षतिवारत है। पालिका की ओर से इन सड़कों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भीतरी शहर में अलग-अलग स्थानों पर सड़क क्षतिवास्त पड़ी है। जबकि इस पूरे क्षेत्र में लाखों की आबादी है। इसके अलावा सड़क पर जानलेवा गहे कोढ़ मे खाज का काम कर रहे है। आए दिन दुपहिया चालक और स्कूली बच्चे सडक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

कार्यशाला में बड़ी संख्या में आई महिलाएं

मुंगेली/नवप्रदेश। आयुष्मान भवः अभियान के तहत 23 सितंबर को आयुष्मान भारत दिवस मनाया गया। जिसके तहत जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मितानिन, चिकित्सकीय स्टॉफ एवं हितग्राहियों की उपस्थिति में आयुष्मान भारत योजना संबंधित समस्त जानकारी प्रदाय की गई। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गिरिश कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में आयुष्मान पंजीयन एवं वितरण तथा आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन अंतर्गत आभा कार्ड पंजीयन का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही अंग दान महादान का शपथ भी दिलाया गया। आयुष्मान भवः के अंतर्गत 17 सितंबर से 31 दिसंबर तक आयुष्मान कार्ड का पंजीयन एवं वितरण किया जाएगा तथा 2 अक्टूबर को समस्त ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। आयुष्मान दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोरमी, पथरिया एवं सरगांव, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगेली तथा समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी मनाया गया।

108 में गूंजी किलकारी

मुंगेली/नवप्रदेश। संजीवनी स्टाफ की सूझबूझ से 108 एम्बुलेंस में गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव हुआ। महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। 108 में गूंजी किलकारी, ईएमटी दिलेश ने अपनी सूझबूझ से गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। बीते मंगलवार की सुबह गर्भवती महिला खिलेश्वरी पति राजकुमार बंजारे के जीवन में नई खुशियां लेकर आई। लोरमी ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम बैगाकांपा निवासी 24 वर्षीय गर्भवती महिला खिलेश्वरी बंजारे, पति राजकुमार बंजारे को प्रसव पीड़ा बढ़ने पर परिजनों ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस को सूचना दी। सूचना मिलते ही 108 के पायलट सूरज धृतलहरे और ईएमटी दिलेश यादव गर्भवती महिला को लेकर हॉस्पिटल जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। इस पर ईएमटी दिलेश ने अपने सूझबूझ का परिचय देते हुए ईआरसीपी डॉ. वजस की मदद लेते हुए उनके सलाहनुसार मितानिन की मदद और परिजनों की सहमति उपरांत एम्बुलेंस में प्रसव कराने का निर्णय लिया। इसके पश्चात एम्बुलेंस को सुरक्षित किनारे पर खड़ी की गई। तत्पश्चात ईएमटी ने मितानिन की मदद से गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। इसके बाद मां और बेटे को जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया। परिजनों ने सुरक्षित प्रसव हेतु 108 संजीवनी एक्सप्रेस टीम को धन्यवाद दिया।

रूचिता तिवारी का भजन गायन प्रस्तुत

मुंगेली/नवप्रदेश। बाबा रामदेव जन्मोत्सव के अवसर पर 24 सितंबर रविवार को सुबह 5 बजे से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया था। तत्पश्चात प्रातः 7.15 बजे से सायं 7.15 बजे तक बाबा की अखण्ड फेरी लगायी गयी। 16 सितम्बर से प्रारंभ बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर प्रतिदिन रात्रि 8 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। 25 सितम्बर को ध्वजारोहण, आरती एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। रात्रि 7 बजे महाआरती के पश्चात भजन संध्या में रूचिता तिवारी एवं ग्रुप के द्वारा भजन गायन किया जायेगा। बाबा रामदेव के जन्मोत्सव पर पुराना बस स्टैण्ड स्थित बाबा रामदेव मंदिर में भादवा मेला का आयोजन किया जा रहा है। 16 सितंबर सुदी एकम पर भजन संध्या जन्मोत्सव महाआरती का आयोजन, 17 सितंबर भादवा सुदी दुईज पर सुबह 9 बजे से बाबा का अभिषेक पूजन आरती एवं सायं 7 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के पश्चात जम्मा जागरण मुंगेली मण्डल के द्वारा प्रस्तुत किया गया। 24 सितंबर रविवार को सुबह 5 बजे प्रभात फेरी, 7.15 बजे से सायं 7.15 बजे तक बाबा की अखण्ड फेरी का आयोजन किया गया है। 25 सितंबर को ध्वजारोहण, आरती, भव्य शोभायात्रा, प्रसादी, महाआरती के पश्चात रात्रि 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

प्रतियोगिता महाकुंभ का आगाज

कोरबा/नवप्रदेश। महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में अग्रसेन जयंती समारोह प्रतियोगिताओं का महाकुंभ का शुभारंभ किया गया । महाराज अग्रसेन जयंती समारोह प्रतियोगिता का महाकुंभ का शुभारंभ के अवसर पर सर्वप्रथम माता सरस्वती व महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना के साथ हुआ इस अवसर पर अग्रवाल सभा व सभी सहयोगी सस्थाओं के द्वारा गुब्बारे छोडे गये । प्रतियोगिता में सर्व प्रथम प्रतियोगिता में सीनियर क्रिकेट का आयोजन किया गया जिसमें चार टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें अग्रवाल सभा अग्रसेन कन्या महाविद्यालय व अग्रसेन पब्लिक स्कुल व अग्रसेन गोशाला ने हिस्सा लिया देर रात्री तक मैच चलता रहा है इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने कहा कि आज से अग्रसेन जयंती समारोह प्रतियोगिता का महाकुंभ का शुभारंभ किया जा रहा है।

महापौर ने विघ्नहर्ता से की दु:ख हरने की कामना

कोरबा/नवप्रदेश। गुरुवार को मिनी माता कन्या महाविद्यालय घंटा घर चौक के पिछे छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अपना घर सेवा आश्रम में कोरबा के प्रथम नागरिक राजकिशोर प्रसाद, महापौर, नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा विघ्नहर्ता गणपति बप्पा के पूजन कार्यक्रम में पहुंचकर कोरबा शहर की सभी विपदा को गणपति जी हर ले एसी कामना की एवं आश्रम में रह रहे सभी प्रभु जन से मुलाकात की तथा छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित अपना घर सेवा आश्रम की व्यवस्था की प्रशंसा की। इसके लिए आश्रम के अध्यक्ष श्री संदीप सिंह द्वारा श्री राजकिशोर प्रसाद को धन्यवाद प्रेषित किया गया। संचालक द्वारा जानकारी उपलब्ध कराई गई कि शहर में घुमने वाले विक्षिप्त महिला/पुरुष एवं असहाय को एक परिवारीक वातावरण एवं सुरक्षित माहौल प्रदान करते हुए कोरबा के सम्मानित नागरिकों के सहयोग से अपना घर सेवा आश्रम छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाईटी संचालित करती हैं।

शालेय शिक्षक संघ ने की डीईओ से सौजन्य मुलाकात

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अजय शतरंज के कार्यभार ग्रहण पश्चात सौजन्य मुलाकात कर बुके भेंट किया गया। तत्पश्चात शिक्षको की समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसमें प्रमुख रूप से एकल शिक्षिकीय स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था पर शीघ्र ही सार्थक पहल की बात कही गई। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी के स्वागत करने में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष दीपक वेंताल, ब्लॉक अध्यक्ष नेमिचंद भास्कर, दुर्गेश देवांगन, मोहन उपाध्याय, संतोष बघेल, राजेंद्र नेताम, प्रकाश श्रीवास, दिनेश साहू उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण शिविर में ग्राम जल बजट पर की चर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम उद्योग संस्थान द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय दिवस का प्रारंभ संजय संतोष प्रसाद द्वारा किया गया। जिसमें उन्होंने ग्राम जल बजट पर विस्तार से चर्चा की।

साथ ही साथ विगत दिवस में किए गए कार्यो की समीक्षा भी की। घनश्याम साहू द्वारा जल जीवन मिशन लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा निर्धारण नियमावली पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें जल समिति गठन उसके कार्य तथा उसके उद्देश्य कर वसूली निर्धारण जल स्त्रोतों का संरक्षण संधारण संवर्धन विषय पर विस्तार से सहभागी चर्चा की गई। सुधीर परिवार द्वारा जल जीवन मिशन का एक प्रमुख विषय 4एस पर चर्चा की गई। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिवकुमार द्वारा जल संरक्षण के महत्व जल की उपयोगिता विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने अपनी समस्याएं भी इस विषय पर रखी तथा उनका निवारण भी शिवकुमार द्वारा किया गया। घनश्याम साहू द्वारा जल परीक्षण कराया गया। जिसमें विभिन्न ग्रामों से प्रतिभागियों ने अपने साथ जल लेकर आया तथा उनके जल का परीक्षण एफ्टीके के माध्यम से किया गया। साथ ही जल जनित बीमारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसकी पक्ष संजय संतोष प्रसाद द्वारा आने वाले दिवस की कार्य योजना बनाई गई। इसी विषय पर समस्त प्रतिभागियों को पीआरए विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को ट्रांजिट वॉक सोशल मैप रिसोर्स मैप टाइमलाइन इत्यादि विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। अतः प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस की समाप्ति हुई।

एनटीपीसी द्वारा धनरास में विभिन्न कार्यक्रम

कोरबा/नवप्रदेश। एनटीपीसी कोरबा द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के तहत परियोजना प्रभावित ग्राम धनरास में तीन दिवसीय महिलाओं के लिए प्रोजेक्ट पवित्र का कार्यक्रम चलाया गया। सीएसआर एनटीपीसी कोरबा और व्यक्तित्व विकास केन्द्र कोरबा आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रोजेक्ट पवित्र के समापन समारोह दिनांक 20/09/23 को संपन्न हुआ, जिसमें मधुमति राव मैडम, अध्यक्षा, मैत्री महिला समिति एनटीपीसी कोरबा की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं जिसके निदान वा राहत के उपाय पवित्र प्रोजेक्ट शिविर में बताये गयेद्य साथ ही महिलाओं को योग आसन मुद्रा, भस्त्रिका, मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। शिविर में लगभग 70 युवतियां व महिलाएं लाभान्वित हुए।

पत्रकार समाज के सामने लाते हैं सच्चाई : कमल किशोर

जांजगीर-चाम्पा। हम पत्रकारों को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में संवैधानिक मान्यता नहीं है लेकिन सार्वभौमिक मान्यता है इसे देश और विश्व ने भी स्वीकार किया है। हम सबको गर्व है कि हम लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्य कर रहे है। हमारे संगठन में अध्यक्ष का पद मठाधीशी वाला नहीं है इस संगठन में हर दो साल में अध्यक्ष व कार्यकारिणी का बदलाव होता है चाहे चुनाव के रूप में हो या निर्विरोध के रूप में हो। मैं पांचवें अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहा हूं यह आगे भी इसी क्रम में चलेगा हम लोगों के दिलों में राज करते है यही हमारे संघ की विशेषता है। उक्त बातें छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष आशिफ इकबाइल ने कही।

श्री इकबाल शनिवार को चाम्पा स्थित रंगमहल रिसार्ट में छ.ग. श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जांजगीर-चांपा इकाई द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ के जांजगीर-चांपा इकाई ने एक बड़ा कदम उठाया है और भव्य कार्यक्रम संपन्न कराया है आप सब बधाई के पात्र है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ.ग.हाईकोर्ट बिलासपुर अधिवक्ता संघ के सचिव कमल किशोर पटेल रहे। उन्होंने मंच से इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है जो की समसामयिक घटनाओं का सही चित्रण समाज के लोगों के सामने रखकर अपनी दायित्व का निर्वहन करती है। प्रदेश भर में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में काम कर रहे पत्रकारों के समूह को यदि कानूनी सहायता की आवश्यकता पड़ती है तो मैं उनका केस निःशुल्क लडूंगा। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि बी निजामी प्रदेश महासचिव कल्याण संघ, कृषि उपज मंडी नैला-जांजगीर के अध्यक्ष ब्यास कश्यप, युवा समाज सेवी अमर सुल्तानिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने भी संबोधित किया।

नवगठीत जिले में फुट क्लब बीमारी का पहला केस का सफल उपचार

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। मनेद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेद्रगढ़ में आरबीएस के टीम के द्वारा लाए गए जन्मजात विकृत बच्चे जो कि क्लब फुट नाम की बीमारी से ग्रसित था। क्लब फुट का हिंदी में अर्थ है - जन्म से पैर अंदर की ओर मुड़ा होना। इसे टेलिप्स भी कहा जाता है। यह जन्म दोष एक या दोनों पैरों को प्रभावित कर सकता है।

यह मामला जनपद पंचायत जनकपुर के ग्राम च्यूल के एक गरीब परिवार का था। उसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में डॉ. प्रकाश जायसवाल एवं उनके सहयोगी द्वारा सफलतापूर्वक उपचार कर प्लास्टर लगाया गया। संभवत उससे बच्चों को एक नई जीवन मिला। जिससे वह भविष्य में आम जीवन व्यतीत कर सकेगा। यह इस नवीन जिला के लिए एक प्रारंभिक उपलब्धि है। भविष्य में इस तरह के मामलों को और अधिक गंभीरता से करने का लक्ष्य भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस एस सिंह द्वारा निर्देशित किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक से सुलेमान खान द्वारा अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियो को अवगत कराया गया है।

स्वयंसेवी संस्था ने दिया कैंसर पीड़ितों को आर्थिक सहयोग

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रयास अ स्माल स्टेप फाउंडेशन के द्वारा आर्थिक सहयोग कर कैंसर पीड़ित के दुःख को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। तीन वर्ष पहले कोरोना ने पति छिना, फ्रि एक वर्ष बाद ब्रेस्ट कैंसर हुआ। फ्रि अब सर के दोनों तरफ ब्रेन ट्यूमर हो गया है। दो छोटे मासूम बच्चे ऊपर से गरीबी। ये हैं कैंसर पीड़ित प्रमिला की कहानी, इनका मायका लोरमी है।

इस कठिन घड़ी में प्रयास अ स्माल स्टेप फाउंडेशन के द्वारा आर्थिक सहयोग कर उनके दुःख को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इलाज तो मुफ्त हो रहा, पर बाहरी जांच दवा, बच्चों की परवरिश के लिए इनको सहयोग की सख्त आवश्यकता है। पहली किश्त के रूप में दस हजार का चेक प्रदान किया गया है। हर माह जरुरत के अनुसार संस्था के द्वारा पीड़िता को चेक के माध्यम से सहयोग राशि दी जायेगी।

तीन दिवसीय चुनाव संबंधी प्रशिक्षण का शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय चुनाव संबंधी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में मतदान दिवस में पुलिस की भूमिका, मोबाईल पार्टियों के कार्य, मतदान केन्द्र में तैनात सुरक्षाकर्मियों के लिए आवश्यक निर्देश, आदर्श आचरण संहिता के संबंध में जानकारी दी गई। आगर सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय द्वारा आगामी निर्वाचन संबंधी कार्यों में पुलिस की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होने निर्वाचन संबंधी कार्यों, मतदान के पूर्व की योजना, चुनाव के मद्देनजर विभिन्न प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट के तहत कार्यवाही, आचार संहिता लगने के बाद कार्यवाही, चुनाव के दौरान वाहनों के दुरूपयोग पर नियंत्रण, शराब विक्रय पर प्रतिबंध, सभाध्जूलस से संबंधित नियमों, नामांकन दिवस में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही आदि के संबंध में जानकारी दी। मतदान दिवस में पुलिस की भूमिका, मोबाईल पार्टियों के कार्य, मतदान केन्द्र में तैनात सुरक्षाकर्मियों के लिए आवश्यक निर्देश, आदर्श आचरण संहिता, चुनाव नियंत्रण कक्ष तथा पुलिस को क्या करना चाहिए एवं क्या नहीं करना चाहिए, के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उप पुलिस अधीक्षक डीके सिंह ने लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के विभिन्न धाराओं, भारतीय दण्ड संहिता की विभिन्न धाराओं, चुनाव के दौरान आई.टी. एक्ट के तहत किये जाने वाले कार्यवाही के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आचार संहिता के लागू होने के पश्चात् जिले में गठित एफएस.टी. एवं एस.एस.टी. द्वारा किये जाने वाले कार्यों एवं उसके महत्व के सबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती साधना सिंह, उप पुलिस अधीक्षक एम.एम.मिंज, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुंभकार, रक्षित निरीक्षक श्रीमती ख्रीस्त नरगिश तिग्गा, जिले के थाना/चैकी प्रभारी, विवेचक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक सम्मिलित हुए।

सीएम के सपनों को चूर-चूर कर रहा सी-मार्ट

■ मार्केट से ढेड़ गुना दर पर बचे रहे है खाद्य सामाग्री

सुकमा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय में आज से एक वर्ष पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटित सी मार्ट अब लोगो की सुविधा का कम और मैडम के लिए कमाई का जरिया ज्यादा बन गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उक्त योजना को इस उद्देश्य के साथ लागु किया था। जिससे कि महिला स्वसहायता समुहो को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके,पर समुह का तो पता नही पर यहां पदस्थ महिला अधिकारी वर्षा नायडू मोटी रकम जहां वेतन के तौर पर ले रही है। वरिष्ठ अधिकारियों का धौंस दिखा कर आश्रम शालाओं में भी मनमाने मुल्यो पर खाद्य सामाग्री लेने पर मजबुर कर रही है।

दरों में भारी अनियमितता

सी-मार्ट को अगर ठग मार्ट कहे तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नही होगी। सी मार्ट द्वारा विक्रय की जाने वाली सामाग्री बाजार से बहुत ही अत्यधिक दर पर बेची जा रही है। क्रायकर्ता सुत्रो ने बताया कि उक्त सी मार्ट में दिन भर मे दो चार नागरिक भी ग्राहक बन कर आ जाये तो बड़ी बात होगी। बताया जाता है कि उक्त सी मार्ट में दरो का ज्यादा होना व सरकारी तरीके से संचालन होने के कारण आम जनता से इसकी दुरी बढ़ गई है।

ऐसे बना रहे दबाव

विभागीय सूत्रों ने बताया की सुकमा जिले के लगभग सभी आश्रम, पोटाकेबिनों में सी मार्ट से खाद्य सामाग्री क्रय करने के लिए वर्षा नायडू द्वारा प्रशासन का डर दिखाकर दबाव बनाया जाता है। एक अधीक्षिका ने नाम ने छापने की शर्त पर बताया कि बाजार मुल्य से भी ज्यादा दर होने के कारण कई बार शिकायत करने के बाद उक्त सी मार्ट की प्रमुख वर्षा नायडू कलेक्टर का रौब दिखाती है। इतना ही नही उक्त सी मार्ट की सामाग्री भी गुणवत्ताविहिन पाई जाती है। इस मामले को लेकर उच्च अधिकारियों को भी शिकायत की गई लेकिन आज पर्यन्त तक मामले में जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही हुआ हैं।

पवन शाहा नवप्रदेश सुकमा।

सी-मार्ट बना कोतुहल का विषय

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वर्ष 2022 को सुकमा प्रवास के दौरान सी मार्ट का शुभारंभ किया था। उक्त सी मार्ट के शुभारंभ के बाद आम नागरिकों के साथ साथ महिला स्वसहायता समुहो मे हर्ष का वातावरण बना हुआ था। लोगो को लगने लगा था कि उक्त सी मार्ट के शुभारंभ के बाद शहर में खाद्य सामाग्री कम दरों पर मिलेगी और महिला स्वसहायता समुह को रोजगार के साथ साथ आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। लेकिन सी मार्ट अपने प्रारंभिक दिनों मे ही अपने उद्देश्य से भटकते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सपनो को चुर चुर करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखा।

डीएमएफ मद से मैडम को सैलेरी

सुकमा जिले मे डीएमएफमद का दुर्पयोग कोई नई बात नही है। इस बार तो जिला प्रशासन ने सारी हदें पार करते हुए सी मार्ट की प्रमुख को पहले 30 हजार व बाद में 45 हजार रूपये प्रति माह सैलेरी दी जा रही है। विभागीय सुत्रो का कहना है, की उक्त सी मार्ट प्रमुख वर्षा नायडू को वाहन सुविधा के साथ साथ नियमाविरूद्ध सरकारी आवास तक उपलब्ध कराया गया है। सुत्रो की माने तो डीएमएफजैसे मद का उपयोग स्वास्थ्य व शिक्षा एवं निर्माण कार्यो में खर्च किया जाना था। लेकिन यहां सी मार्ट की प्रमुख पर खर्च किया जा रहा है।

सीएम प्रवास के दौरान मिडिया और पुलिस के बीच हुआ विवाद

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा के छिंदगढ़ में 24 सितंबर रविवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रवास रहा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले को करोड़ों का सौगात दिया। कई निर्माण कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी सीएम भूपेश बघेल ने किया।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुकमा जिले के छिंदगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में 273 करोड़ 28 लाख से अधिक राशि के 137 विकास कार्यों का लोकार्पण- शिलान्यास किया। लेकिन इस सीएम प्रवास के पूरे कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन में अव्यवस्थायों की बानगी का आलम नजर आया।

अव्यस्थाओं के साथ निपटा सीएम प्रवास

सीएम प्रवास के दौरान जिला प्रशासन की सबसे बड़ी अव्यवस्था सामने नजर आया हैं। जिला प्रशासन की व्यवस्था इतनी लचर हो चुकी है, की सीएम प्रवास के कार्यक्रम को जिला प्रशासन ने बिना जिला जनसंपर्क अधिकारी के ही निपटा डाला। ज्ञात हो कि बीते लंबे अरसे से सुकमा जिला प्रशासन बिना जनसंपर्क अधिकारी चल रहा हैं। ऐसे में जब 2023 विस चुनाव सर पर है,लेकिन इसको लेकर जिला प्रशासन अब भी पंगु बना बैठा हैं। जिसके लिए जिला प्रशासन ने जगदलपुर से जिला जनसंपर्क अधिकारी को बुलाकर सीएम प्रवास के कार्यक्रम को कवरेज दिया।

वही जहां एक तरफ जिला प्रशासन की तरफ से अव्यवस्थाओं का आलम नजर आया। वही दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन मीडिया से दुर्व्यवहार कर भिड़ गया। जिसमे सुकमा पुलिस के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आम सभा के बाद साक्षात्कार के लिए रोकने का पुरजोर प्रयास किया। मीडिया कर्मियों के विरोध के बाद पुलिस अधिकारी और मीडियाकर्मियों के बीच बहस छिड़ गया। आनन फानन में पुलिस ने चंद चुनिंदे पत्रकारों को साक्षात्कार करने का लिए जाने दिया गया। ड्यूटी में लगे पुलिस के अधिकारियों ने मीडिया कर्मियों के विरोध के बाद मीडिया कर्मियों की भीड़ ज्यादा होने की दलील में बेतुका तर्क देते हुए नजर आए। जबकि स्थानीय मीडिया कर्मियों का कहना है, यह कोई संजोग नही बल्कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा प्रायोजित मंसूबा था। चूंकि जिला प्रशासन के जिम्मेदारों को अपने नाकामियों के खिलाफ सीएम से होने वाले सवालों का डर सता रहा था।जबकि ताड़मेटला मुठभेड़ ज्वलंत मुद्दा हैं। और पुलिस प्रशासन ताड़मेटला में कथित नक्सली मुठभेड़ के कारनामे के विवादो में घिरा हुआ हैं। जिसको लेकर सीएम भूपेश बघेल से साक्षात्कार के दौरान सुकमा पुलिस द्वारा ताड़मेटला में फर्जी मुठभेड़ के आरोपों को लेकर होने वाले सवालों से दूर रखने के लिए सारा तामझाम रहा।

आज से रास गरबा का नि:शुल्क प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। नवरात्र में गरबा को लेकर कांकेर शहर में पिछले कुछ वर्षो से उमंग और उत्साह में खासी वृद्धि देखने को मिली है। इसी संदर्भ में कांकेर में गरबा का वृहद आयोजन वर्ष 2019 से रास गरबा कांकेर की समिति द्वारा किया जा रहा है जिसको क्रमबद्ध तरीके से इस वर्ष भी नया कम्युनिटी हॉल में करने का आयोजन तय किया गया है। 25 सितंबर से पोस्ट ऑफिस के पीछे स्थित नया कम्युनिटी हॉल में कांकेर एवं धमतरी के पारंगत प्रशिक्षकों द्वारा कांकेर क्षेत्र के सभी आयु, वर्ग के लोगों को गरबा के विभिन्न गीतों में सभी स्टेप्स पर प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाना समिति ने तय किया है। आगामी नवरात्रि में समिति द्वारा नया कम्युनिटी हॉल के ग्राउंड में वृहद आयोजन 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक किया जाना है जिसमें प्रतिभागी बनने के लिए पंजीयन करवाने हेतु जैकी आहूजा, बंटी रामानी, ममता प्रसाद, नेहा आहूजा, वनिक पिल्लई, साहिल मोटवानी, करण देवनानी एवं स्वाति पट्टावी से संपर्क किया जा सकता है।

जप्त चावल की नीलामी सूचना

बीजापुर/नवप्रदेश। माननीय न्यायालय एन.आई.ए. / अनुसूचित अपराध राजस्व जिला बीजापुर स्थान दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ0ग0) के आदेश के परिपालन में थाना सिटी कोतवाली बीजापुर के अपराध क्रमांक 59/2023, धारा-120 (बी) भा.द.सं. 4,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 की धारा छ0ग0 13 (1), (ख) , 23 के प्रकरण में जप्तशुदा चांवल (निलकंठ) 100 बोरी, वजनी (प्रत्येक बोरी 26 किलोग्राम) कीमत 91000.00 रूपये (910 रूपये प्रति बोरी) को निलाम किया जाना है। इच्छुक खरीददार दिन सोमवार 25 सितम्बर 2023 को थाना सिटी कोतवाली बीजापुर में प्रातः 11.00 बजे उपस्थित हो सकते हैं।

महिला आरक्षण भाजपा का चुनावी हथकंडा : शोरी

कांकेर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि संसद एवं विधानसभा में महिलाओं के लिए सीट आरक्षण कोई नया मुद्दा नहीं है। वर्ष 1996 से लेकर 2014 तक प्रधानमंत्री श्री एच.डी. देवगौड़ा, अटल बिहारी वाजपेयी एवं मनमोहन सिंह के द्वारा अपने प्रधानमंत्रीत्व काल में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की कोशिश की गई थी, 2010 में महिला आरक्षण विधेयक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सरकार द्वारा राज्यसभा में प्रस्तुत किया गया था, जिसे दो तिहाई बहुमत से पारित कर लोकसभा को भेजा गया था जो विभिन्न कारणों से लोकसभा में रखा नहीं जा सका। वर्तमान में मोदी सरकार द्वारा जो विधेयक लाया गया है उसमें 02 शर्त रखे गये है पहला यह है कि जनगणना के पश्चात ही महिला आरक्षण विधेयक लागू होगा। दूसरा शर्त यह है कि लोकसभा एवं

विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के पश्चात विधेयक लागू होगा। यह दोनों ही शर्तें फिलहाल पूरा होता नहीं दिख रहा है भारत की जनगणना 2021 से लंबित है जो विभिन्न कारणों से अभी तक संभव नहीं हो पाया है एवं 2025 के पूर्व प्रारंभ होने की संभावना भी दिखायी नहीं दे रहा है। यदि 2026 में जनगणना प्रारंभ भी होता है तो उसे पूर्ण होने एवं अधिकृत आकड़ों के प्रकाशन में कम से कम 05 वर्ष का समय लगेगा, तब तक लोकसभा चुनाव 2029 पूर्ण भी हो चुका होगा ऐसी स्थिति में महिला आरक्षण का लाभ न तो 2014 और ना ही 2029 के लोकसभा निर्वाचन में मिल पायेगा। लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों की परिसीमन में भी वक्त लगेगा। ऐसी स्थिति में मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत एवं संसद द्वारा पारित विधेयक ''दूर के ढोल सुहावने'' कहावत का चरितार्थ करता है। असल में मोदी सरकार नहीं चाहता कि महिलाओं को उनके अधिकार मिले इसीलिए विधेयक में उक्त शर्ते रखी गई है, जबकि 2010 में कांग्रेस सरकार के द्वारा राज्यसभा में पारित प्रस्ताव में तत्काल आरक्षण की व्यवस्था थी। यदि मोदी सरकार महिला आरक्षण के संबंध में जरा सी भी गंभीर होता तो उनके पास 09 वर्ष का समय था। अब चला-चली के बेला में विधेयक लाया गया है। संसदीय इतिहास में यह पहला विधेयक हैं जिसमें लागू होने की तिथि स्पष्ट नहीं है। यह भी उल्लेखनीय है कि नवम्बर 2023 में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम राज्यों में चुनाव होने वाले है इन राज्यों में भाजपा की स्थिति दयनीय है इन चुनावों में महिला वोटरों को रिझाने के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित कराये जाने की नोटंकी की जा रही है। विधेयक में अन्य पिछडा वर्ग के महिलाओं के आरक्षण की भी व्यवस्था नहीं है इससे मोदी सरकार का पिछड़ा वर्ग विरोधी चेहरा उजागर हो रहा है।

वास्तविकता यह है कि विधेयक तत्काल प्रभाव से लागू किया जा सकता था, जनगणना एवं परिसीमन से महिला आरक्षण विधेयक का कोई सीधा संबंध नहीं है। वर्तमान में लोकसभा एवं विधानसभा में जितने सीटे है उनमें 33 प्रतिशत सीटे लॉटरी अथवा किसी अन्य पद्धति से आरक्षण किये जा सकते थे क्योंकि पंचायती राज व्यवस्था में भी यही पद्धति लागू है। यदि भाजपा सही में नारी शक्ति का सम्मान करना चाहती है तो अन्य पिछड़ा वर्ग महिलाओं के लिए भी आरक्षण का प्रावधान करे एवं तत्काल नारी शक्ति वंदना विधेयक लागू करे ।

एनएसएस स्थापना दिवस में तनाव से मुक्ति पर गोष्ठी

कांकेर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पटौद में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर तनाव मुक्त रहने विचार गोष्ठी का आयोजन कर समुदाय को संगठित और समाज को सशक्त बनाने संकल्प लिए । संस्था के प्राचार्य डी एस निषाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के द्वारा प्रारंभ की गई। कार्यक्रम अधिकारी व्याख्याता श्रद्धा सेन ने बच्चों को विवेकानंद के जीवन से जुड़ी रोचक पहलुओं को प्रस्तुत करते हुए समाज को सशक्त और समृद्ध बनाते हुए नव सृजन की ओर ले जाने अपना शत प्रतिशत योगदान देने प्रेरित किया। संस्था प्रमुख निषाद ने कहा की समाज में आपकी भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है समुदाय की ज़रूरतें, समस्याओं और जिम्मेदारियां को पूर्ण करने में योगदान देवे। समाधान के कौशल विकसित करें। आगामी परीक्षाओ को देखते हुए बच्चों में मानसिक तनाव से दूर रहने शारीरिक व्यायाम, योग और रोचक गतिविधियों में सहभागिता देने कहा । तनाव मुक्त वातावरण निर्माण करने बच्चों ने भी अपने अपने विचार गोष्ठी के माध्यम से प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चला कर आसपास के स्थान की सफाई स्वच्छ वातावरण निर्माण करने संदेश दिया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख डी एस निषाद, कार्यक्रम अधिकारी श्रद्धा सेन, दल नायिका साहनी बंजरग , रामदेव हनुमान, खुशबू , रूद्र प्रताप साहू , शाला नायक चाणक्य मंडावी एवं स्वयंसेवको की भागीदारी रही।

सीईओ बाबा साहेब कंगाले ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली समीक्षा बैठक

बीजापुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले ने 21 सितंबर को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आदर्श आचरण संहिता अनुपालन, संपत्ति विरूपण, मीडिया संबंधी विषय, फेक न्यूज, साईबर सेल, सोशल मीडिया सेल एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में कलेक्टर्स की बैठक ली।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण को हटाने के लिए दल का गठन करें। प्रथम 24 घंटे में सभी शासकीय संपत्तियों में से विरूपण हटाया जाएगा। प्रथम 48 घंटे में सभी सार्वजनिक संपत्तियों से विरूपण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

प्रथम 72 घंटे में सभी निजी संपत्तियों से विरूपण हटाया जाएगा। आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही 24 ङ्ग 7 कंट्रोल रूम प्रारंभ किया जाएगा। सभी एफएसटी क्रियाशील हो जाएंगे। मीडिया सेंटर का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। सरकारी वाहनों का गैर सरकारी उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सभी निगम मंडल के राजनीतिक पदाधिकारियों के वाहनों को अधिग्रहित कर लिया जाएगा। सरकारी खर्चे पर लगाए गए सभी विज्ञापन, होर्डिंग हटाए जाएंगे।

विडिओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के संबंध में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज के मामलों की निगरानी एवं कार्रवाई करने का कार्य करेंगी।

सोशल मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन का कार्य भी करेंगी। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मीडिया मानिटरिंग का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व कोई चुनाव संबंधी सामग्री इलेक्ट्रानिक एवं संबंधित मीडिया पर प्रदर्शित नहीं की जाएगी। एग्जिट पोल पर एवं उनके परिणामों पर 48 घंटा पहले प्रतिबंधित रहेगा।

प्रदेश के कल्याण के लिए 'आप' की सरकार चुने जनता : अमोलक

■ विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी तैयार, प्रत्याशियों की घोषणा जल्द

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के छत्तीसगढ़ सह चुनाव प्रभारी व पंजाब सरकार में विधायक अमोलक सिंह रविवार को भानुप्रतापपुर पहुंचे एवं रेस्ट हाउस में स्थानीय पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के द्वारा पूरे 90 विधानसभा सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ने जा रही है। वर्तमान में 10 प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है शेष जल्द ही घोषित कर दी जाएगी। चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए हम यहाँ आये हैं। दिल्ली और पंजाब के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी आप पार्टी सरकार बनाने प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनता

से अपील करते हुए कहा कि आपके व प्रदेश के कल्याण के लिए इस बार आप पार्टी की सरकार चुनें।

ज्ञात हो कि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी को उम्मीदवार बनाया गया है। तैयारी के सम्बंध में उन्होंने बताया कि भानुप्रतापपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में अच्छी तैयारी चल रही है। हमारे कार्यकर्ता भी अच्छे से जनसम्पर्क कार्य मे लगे हुए हैं। वही आम आदमी पार्टी के प्रति लोगो मे उत्साह देखा जा रहा है। यदि प्रदेश में हमारी सरकार आएगी तो स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सहित मूलभूत सुविधा मुहैया कराएगी।

कोमल हुपेंडी ने कहा कि कांग्रेस एवं भाजपा से लोग त्रस्त हो चुके है, अब जनता भी तीसरा विक्लप चाह रही है। छत्तीसगढ़ में हम भारी मतों से विजय होकर सरकार बनाएंगे।

मोबाईल वेटनरी यूनिट वाहन को नगर पालिका अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

■ जिले के सभी ब्लाकों में पशुओं के उपचार हेतु मोबाईल वेटनरी वाहन उपलब्ध

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले में आज मोबाइल वेटनरी यूनिट का शुभारंभ बेनहूर रावतिया ,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के द्वारा किया गया, उन्होने हरी झंडी दिखाकर चार ब्लाक में मोबाइल वेटनरी यूनिट की गाड़ी रवाना किया। जिले में पशुओं की स्वास्थ्य हेतु शासन द्वारा मोबाइल वेटनरी यूनिट की शुरूआत हुई है। जो कि सर्विस प्रोवाईडर के माध्यम से संचालित है संचालन का समय प्रातः 08:00 से शाम 4 बजे तक होगा इनका उद्देश्य गौठान ग्रामों में वेटनरी सेवा प्रदाय करना है।

मोबाइल वेटनरी यूनिट प्रतिदिन प्रत्येक विकासखण्ड के दो गौठानों में चिकित्सा शिविर का आयोजन करेंगे , राज्य स्तर पर काल सेंटर (टोल फ्री नम्बर 1962) की स्थापना की गई है। जिसमें कोई भी पशु-पालक पशुओं के स्वास्थ्य संबंधित सहायता प्राप्त कर सकता है। मोबाइल वेटनरी यूनिट के शुभारंभ के दौरान पशुधन विकास विभाग से उप संचालक डॉ. एस.एस राजपुत , डॉ. करनम शिवशंकर ,डॉ. मिथिलेश उप्पल, श्री एन. समरथ एवं विभाग के अन्य लोग मौजूद थे।

पत्रकार संघ के फिर अध्यक्ष बने अजय साहू

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष फिर से अजय साहू बन गए हैं। चुनाव के लिए 24 सितम्बर को मतदान संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी राजकुमार दुबे द्वारा संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया भानुप्रतापपुर स्थित प्रेस क्लब में संपन्न कराई गयी। चुनाव अधिकारी द्वारा परिणाम घोषित कर विजयी उम्मीदवार अजय साहू को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सभी सम्मानित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए चुनावी प्रक्रिया में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन पत्रकारों ने नामांकन पत्र लिया था जिसमें एक पत्रकार संतोष तिवारी ने अजय साहू का समर्थन करते हुए नामांकन पत्र

दाखिल नही किया। पत्रकार अजय साहू और अनुज तिवारी के बीच मुकाबला हुआ जिसमें अजय साहू को कुल 12 मत प्राप्त हुए जबकि अनुज तिवारी को मात्र एक ही मत मिले। इस तरह अजय साहु फिर से भानुप्रतापपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

चुनाव परिणाम के बाद पत्रकार संघ के निर्वाचित अध्यक्ष ने अजय साहू संघ के महत्वपूर्ण पदाधिकारीयों सहित कार्यकारणी की घोषणा की। चुनाव कार्यक्रम के दौरान संघ के संरक्षक राजू कुमार दुबे एवं सुमंत सिन्हा ने सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार अपनी परंपरा का निर्वहन कर रहे है। लोकतंत्र की रक्षा के दौरान आम लोगों की आवाज बनने के लिए अपना जीवन खपा दे रहे है। ऐसे दौर में अपने हक अपने अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे संघ संगठन वर्तमान दौर में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए बहुत जरूरी है और इन्ही संघ संगठनों से नव विचारों का सृजन होता है। इसलिए संगठन में चुनाव और नई कार्यकारिणी पत्रकारों के हितों और विचारों के सृजन के लिए नया जोश लेकर आएगी।

निर्वाचित अध्यक्ष अजय साहू ने कहा इस परिवार ने मुझे फिर से अध्यक्ष का दायित्व दिया है। इसे स्वीकार कर भानुप्रतापपुर प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकारो के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश पर कार्य किया जायेगा। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि भानुप्रतापपुर के सक्रिय पत्रकार संघ के विचारों पर चलता रहा है और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए निर्णायक भूमिका के लिए अहम योगदान आगे भी देता रहेगा। सिर्फ एक संगठन ही नहीं एक परिवार भी है जिम्मेदारी के साथ पत्रकार साथियों की उम्मीदों पर सौ प्रतिशस खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार राज कुमार दुबे, सुमन्त सिन्हा दीपक शर्मा, अजय साहू, संजय सोनी, अखिलेश शुक्ला,राजेश रंगारी,यशवंत चक्रधारी , संतोष तिवारी, मयंक सोनी,अनुज तिवारी, आकाश साहू, देवव्रत टांडिया,अभिषेक ठाकुर सहित पत्रकार साथी मौजूद रहे।

रायपुर/नवप्रदेश। जय भोले ग्रुप सेवा समिति गणेश उत्सव कालीबाड़ी में चंद्रयान चंद्रयान-3 के अकार में गणेश पंडाल की सज्जा की गई।

रायपुर/नवप्रदेश। श्री बालाजी युवा गणेशोत्सव बुढ़ा पारा

रायपुर/नवप्रदेश। बुढ़ेश्वर मंदिर चौक गणेशोत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। श्रमजीवी गणेश उत्सव समिति टिकरापारा हतरी बाजार चौक

विधायक राय ने निकाली भरोसे की पदयात्रा

हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता हुए शामिल

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। संसदीय सचिव छ.ग.शासन एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय आज जैतपुर सरसींवा से भटगांव तक निकाले विशाल पद यात्रा इस भरोसे के पद यात्रा में प्रमुख रूप से शामिल हुए बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हज़ारों महिला पुरूष एवं युवा किसान, मजदूर, नोजवान, स्कूली छात्र/छात्रायें एवं समस्त क्षेत्रवासी इस पद यात्रा में क्षेत्रीय विधायक चंद्रदेव राय के नेतृत्व में जैतपुर के प्रशिद्ध शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात जैतपुर से सरसींवा पीपर डुला भिनोदि खम्हरिया गोपालपुर गिरिसा झुमरपाली फ़िर नगर पंचायत भटगांव तक वर्तमान सरकार भुपेश सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक कर योजना के बारे में बताई गयी इस यात्रा के दौरान पूरी यात्रा में भुपेश है तो भरोसा है।भुपेश सरकार भरोसे की सरकार की नारा से पूरा क्षेत्र गूंज उठा क्षेत्रीय विधायक चन्द्रदेव राय के नेतृत्व में यह यात्रा जैतपुर (सरसींवा)से भटगांव कुल 15 किलोमीटर तक निकली इस भरोसे के पद यात्रा में विधानसभा बिलाईगढ़ के युवा कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एन एस यू आई के छात्र संगठन,राजीव युवा मितान,एवं कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के जिम्मेदारियों के साथ कुशल नेतृत्व में यह यात्रा संपन्न हुई।

यात्रा में मुख्य रूप से ये रहे शामिल : संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्र देव राय, जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ-बिलाईगढ़ के जिला अध्यक्ष अरुण मालाकार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसींवा पंकज चंद्रा बिलाईगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू , सोनाखान कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, नगर पंचायत भटगांव के नगर अध्यक्ष नर्मदा अमित कौशिक नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे,कृषि उपज मंडी भटगांव के अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, सहकारी समिति बिलाईगढ़ के अध्यक्ष द्वारिका देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाम मुर्तजा खान, साहू समाज के जिलाध्यक्ष तोष राम साहू, सहकारी समिति भटगांव के अध्यक्ष छेदीलाल साहू, सहकारी समिति सलौनीकला के अध्यक्ष रामकुमार साहू, जनपद पंचायत सभापति भागीरथी चन्द्रा, राजकुमार सोनवानी, सहदेव सिदार, एल्डरमेन सूधराम यादव एवं कांग्रेस दल के दायित्वान कार्यकर्ता एवं बिलाईगढ़ विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज की निकली हुई भरोसे के पद यात्रा में सामिल हुए।

पूर्व मंत्री की मौजूदगी में साहू दंपत्ति ने जन्मदिन पर किया देहदान

भिलाई/नवप्रदेश। मानवता की भलाई के लिए देहदान की अनुकरणीय मिसाल कायम करने वालों में ग्राम रिसामा के साहू दंपत्ति का नाम भी शामिल हो गया है। कृषक लेखुदास साहू और उनकी पत्नी चन्द्रिका साहू के देहदान हेतु प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के द्वारा उनके घर जाकर पूर्व मंत्री रमशीला साहू एवं अनेक ग्रामवासियों की मौजूदगी में काउंसलिंग की गई. इसके पश्चात् समीपस्थ चंदखुरी स्थित राजीवलोचन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के नाम मरणोपरांत अपना मृत देह दान करने की वसीयत जारी की गई. देहदान हेतु चन्द्रिका साहू और उनके पति ने लेखुदास साहू ने अपने जन्मदिन के खास मौके को और ज्यादा यादगार बना दिया.

देह्दानी साहू दंपत्ति ने एक दुसरे की वसीयत में साक्षी रिश्तेदार के रूप में हस्ताक्षर किया! इस दौरान प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के अलावा राकेश साहू,डॉ. रामदास हिरवानी, हेमू दास साहू, राजेंद्र कुमार साहू, लक्ष्मी नारायण सेन, ललित कुमार पांडे, मन्नू साहू, गुहाराम निर्मलकर, मंसाराम क्षत्रिय, जोधन साहू, दिलेश साहू, मानसिंह निषाद, खोरबहरा निर्मलकर, सतनारायण गुप्ता, छेरकुराम साहू, केजू राम साहू,फत्तेलाल वर्मा, अजीत चंद्राकर और चोवाराम चौहान सहित बड़ी संख्या में देहदान के इस पुनीत कार्य में अपनी विशेष सहभागिता प्रदान की। मानवता की भलाई के लिए विगत 15 सालों में प्रनाम के माध्यम से करवाई गई अधिकारिक संख्या 1900 के करीब पहुंच चुकी है. देहदान के इच्छुक संस्था प्रनाम के भिलाई स्थित कार्यालय 6बी/सड़क-19/सेक्टर-5 में या मोबाइल नंबर. 9479273500 में कभी भी संपर्क कर सकते हैं।

जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में मनाई गई सांस्कृतिक संध्या

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित कल्चरल प्रोग्राम मे बस्तर डिवीज़न जे.एन.वी.एल्मुनाई असोसिएशन) के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री धर्मेंद्र यादव जी (प्रचार्य बारसूर) मुख्य अतिथि श्री लेखराज मीणा जी(उपायुक्त) ,विशिष्ट अतिथि श्री संजय कुमार मंडल (प्रचार्य नारायणपुर) एवं श्री संजय कुमार सिंह (प्रचार्य कोंडागांव) का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।।

जय नवोदय, जय-जय नवोदय जैसे नारों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत पूरे जोश और उत्साह के साथ हुई । विद्यालय मे पढ़ रहे छात्रों ने अपने शानदार प्रदर्शन से अतिथियों का दिल जीता। श्री लेखराज मीणा जी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा नन्हे-मुन्हे बच्चों के प्रदर्शन मे छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं संस्कृति साफ झलकती है। जो की बेहद ही संतोष और आनन्द की अनुभुति देने

वाला क्षण है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत माइग्रेशन मे जवाहर नवोदय विद्यालय बेलगांव (कर्नाटक) से आये कक्षा 9वीं के छात्रों द्वारा गोंडी भाषा मे बस्तर नृत्य का प्रदर्शन रहा। श्री धर्मेंद्र यादव जी ने बताया छात्रों की यह प्रस्तुति अनेकता मे एकता का प्रतीक है।

वहीं श्री संजय कुमार मंडल जी वर्षों बाद पुनः एक बार विद्यालय प्रांगण मे आकर काफी भावुक हो गये और बच्चों के साथ बीते पुराने मीठे अनुभवों को मंच मे साझा करते हुए भूतपूर्व छात्रों के लिए कहा- मेरे द्वारा लगाए हुए पौधे आज पेड़ बनकर तैयार हो गये हैं। इतना कहकर करुणा से उनकी आखों से आंसू छलक पड़े।

पूरे कार्यक्रम के दौरान श्री चिन्मय सरकार(उपाध्यक्ष) ,श्री मनोज गुप्ता(सहायक परियोजना अधिकारी), श्री प्रेम बड़ा (डेवलपमेंट ऑफिसर), डॉक्टर निधि कुजूर, श्रीमती शैलेष पिसदा (इंजीनियर, पी डब्लू डी) श्री प्रशांत सिवना (ड्रग ऑफिसर) श्री शशि जी (शिक्षा विभाग) सुश्री सलोनी ((शिक्षा विभाग), सूरज एवं नवोदय परिवार के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

हेमन्त श्रीवास को मिला कबाड़ से जुगाड़ में पहला स्थान

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। नगर पंचायत बिलाईगढ़ के सामुदायिक भवन में शिक्षा विभाग के द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंर्तगत वि.खं. के 63 संकुलों से विज्ञान प्रदर्शनी एवं कबाड़ से जुगाड़ मेला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ विधायक एवं संसदीय सचिव श्री चन्द्रदेव रॉय (गुरुजी) उपस्थित थे, मेला का अवलोकन करने के बाद अपने उदबोधन में कहा की शिक्षक राष्ट्र निर्माता हैं शिक्षकों को हमेशा अच्छा अविष्कारक माना गया है व अपने सोलह वर्ष की शिक्षकीय जीवन पर भी चर्चा किया गया। इस मेला आयोजन में हेमन्त कुमार श्रीवास सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मड़कडी संकुल परसाडीह, वि.खं. बिलाईगढ़ को लगातार दूसरे वर्ष प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड स्रोत्र समन्वयक नेत राम रात्रे व समन्वयक हेमचन्द्र साहू ,विनोद भैना ,नारायण चौधरी व अन्य समन्वयक उपस्थित थे ।हेमन्त कुमार श्रीवास को कबाड़ से जुगाड़ में लगातार दूसरे वर्ष प्रथम पुरस्कार मिलने पर वि.खं.शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ श्री एस.एन.साहू , वि.खं श्रोत समन्वयक श्री एन.आर.रात्रे,संकुल प्राचार्य श्री एम.आर. कुर्रे संकुल समन्वयक अशोक कुमार साहू शाला परिवार से राजकुमार वर्मा प्रधान पाठ्क एवं गाँव वालों ने इस सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

सट्टा कारोबार का आरोपी कीर्तन जिला बदर

डोंगरगावं/नवप्रदेश। थाना डोंगरगावं के प्रतिवेदन पर ,मान0कलेक्टर ने दिया जिला बदर का आदेश साथ ही आरोपी कोजिलाच्ष्टत्र,रूस्ष्ट,राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, गोंदिया(महाराष्ट्र) व बालाघाट(म0प्र0) के रहने मे लगा प्रतिबंध ।

डोंगरगांव रूद्रपथक्ङ्क वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक , जिला राजनांदगांव अभिषेक मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, आईयुसीएडब्ल्यु राज0 नेहा वर्मा, के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी डोंगरगांव निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे शासन के नियमों का पालन करते हुये कई मामलो मे संलिप्त आदतन आरोपी के विरूद्ध वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत कराते हुये थाना प्रभारी डोंगरगांव, के द्वारा माननीय न्यायालय जिला दण्डाधिकारी राजनांदगांव,छ0ग0 को थाना डोंगरगांव के आदतन आरोपी कीर्तन सोनकर पिता स्व0 केजउ राम सोनकर उम्र- 53 साल, पता ग्राम अमलीडीह , थाना डोंगरगावं जिला राजनांदगांव, छ0ग0, जिसके नाम से पिछले वर्ष 2003 से अब तक 19 अपराध 09 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही दर्ज है एवं उक्त आरोपी से क्षेत्रार्गत काफी आक्रोश होने के संबंध मे उल्लेखकर न्यायालय जिला दण्डाधिकारी महोदय ,राजनांदगांव,छ0ग0 को जिला बदर हेतु प्रतिवेदन पेश किया गया था जो उक्त आरोपी के अपराधिक रिकार्ड का अवलोकन करते हुये माननीय दण्डाधिकारी महोदय राजनांदगांव के द्वारा म0प्र0/ छ0ग0 सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा- 3,5,6 के तहत 01 वर्ष के लिये जिला KCG, MMC, राजनांदगांव,दुर्ग, बालोद, गोंदिया व बालाघाट के निवासरत मे प्रतिबंध लगाने आज दिनांक 22.09.2023 को आदेश दिया गया है।

लायंस क्लब द्वारा सेजबहार में फ्री हेल्थ कैंप

रायपुर/नवप्रदेश। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, इंडियन सोसायटी ऑफ पेरिनेटोलाजी एंड रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी रायपुर चेप्टर एवं लायंस क्लब शिखर रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 24 सितंबर को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सेजबहार रायपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अधिष्ठाता चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर डॉ. तृप्ति नागरिया हैं।

कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योति जायसवाल , डॉ. सुमा वेलजीन एक्का, डॉ. सुप्रिया गुप्ता, डॉ. गीता अग्रवाल, सर्जरी एवं स्तन रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजू सिंह, मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. अर्चना टोप्पो, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश लालवानी, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. हंसा बंजारा एवं चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद कोसले अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ज्योति जायसवाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लेकर सभी चिकित्सक अपने व्यस्ततम दिनचर्या से समय निकाल कर इस स्वास्थ्य शिविर में अपनी सेवाएं दे रहें हैं। इसमें सामाजिक संगठन लायंस क्लब शिखर, रायपुर एवं आइसोपार्ब रायपुर की भी उत्तम भागीदारी होगी।

इस शिविर में विशेष सुविधा के अंतर्गत निशुल्क हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड शुगर, सिकलिंग स्क्रीनिंग, वजन जांच एवं अन्य जांच की आवश्यकता अनुसार व्यवस्था रहेगी।

खैरागढ़ से बीजेपी प्रत्याशी विक्रांत कर रहे हैं जनसंपर्क

खैरागढ़/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह जनसंपर्क कार्यक्रम में शहर मंडल के तहत ग्राम मुस्का, सर्रागोंदी, अकरजन, पेंड्रीकला एवं भरदाकला पहुँचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने श्री सिंह का जोरदार स्वागत किया बता दें कि भाजपा विधायक प्रत्यासी विक्रांत सिंह जनसम्पर्क कार्यक्रम के तहत निरतंर दौरा कर रहे है तथा जनता से मिलकर विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं।भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह को क्षेत्र में भारी जनसमर्थन मिल रहा है साथ ही लोगो मे खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कराने के लिए विक्रांत सिंह को समर्थन देने की बात कह रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान 20 से अधिक युवाओं ने ग्राम अकर्जन में भाजपा प्रवेश किया।

सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के लिए जेईई व नीट की दी जाएगी निःशुल्क कोचिंग

- **कलेक्टर ने ली शिक्षा अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों की बैठक**
- **कोचिंग केंद्र और नोडल अधिकारी नामांकित**

बेमेतरा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद स्कूलों की सफलता को देखते हुए और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप अब आगामी 25 सितंबर से स्वामी आत्मानंद कोचिंग की भी शुरुआत हो जाएगी, जिसमें विषय विशेषज्ञ प्री मेडिकल और प्री इंजीनियरिंग की ऑनलाइन कोचिंग देंगे। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 12 वीं के अध्ययनरत छात्रों को छत्तीसगढ़ सरकार जेईई, नीट के लिए मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। इस कोचिंग में 60त्न या उस से अधिक के साथ दसवीं उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा, साथ ही अभ्यर्थी को शासकीय विद्यालयों में 12 वीं

का नियमित विद्यार्थी होना चाहिए। जीव विज्ञान तथा गणित संकाय के विद्यार्थी ही इसके लिए पात्र माने जाएंगे। ज़िले के हर विकासखंड से 50 -50 छात्र की संख्या भी निर्धारित की गई हैं और उससे अधिक संख्या में आवेदन आने पर मेरिट क्रम के हिसाब से छात्रों को मौका मिलेगा। इसमें छात्रों को विषय विशेषज्ञों की ओर से गाइडेंस दी जाएगी। साथ ही छात्रों की पूरी तरह से तैयारी कराई जाएगी कि वे जेईई और नीट की परीक्षा निकाल सकें और अच्छे कॉलेजों में दाखिला ले सकें।

इसी को लेकर कलेक्टर पीएस एल्मा ने आज यहां ज़िला शिक्षा कार्यालय में 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग' की शुरुआत के संबंध में ज़िला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित स्टाफ, चयनित कोचिंग सेंटर शालाओं के प्रचार्य, बीईओ, बीआरसी एवं गणित, जीव विज्ञान, भौतिक रसायन विषय के विशेषज्ञ व्याख्याताओं की बैठक ली। उन्होंने सभी ज़रूरी व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर पीएस एल्मा ने कहा कि राज्य सरकार आगामी 25 सितंबर से इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग' का शुभारंभ होगा। बैठक में इसे लेकर विचार-विमर्श हुआ। कलेक्टर ने कहा कि विकासखंड मुख्यालयों में बीआरसीसी सेंटर या नजदीकी हायर सेकेंडरी स्कूलों में क्लासेस संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि कोचिंग की तैयारी के लिए सरकार की ओर से जिला अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। कलेक्टर श्री एल्मा ने विकासखण्डवार कोचिंग केन्द्रों का चयन एवं नोडल अधिकारियों का नामांकित किया। जिसमें विकासखंड बेमेतरा में यह योजना शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में संचालित होगा। इस केन्द्र की नोडल अधिकारी प्राचार्य श्रीमती कविता बाजपेयी होंगी। विकासखंड बेरला में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरला केन्द्र होगा, जिसके नोडल अधिकारी प्राचार्य एसपी कोशले होंगे। वही विकासखंड नवागढ़ में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कोचिंग संचालित होगा, जिसके नोडल अधिकारी सिलोचन साहू व्याख्याता होंगे। इसी प्रकार विकासखंड साजा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साजा में इस योजना का संचालन किया जाएगा। इस केन्द्र के नोडल अधिकारी मनीष वर्मा व्याख्याता सह प्राचार्य सेजेस साजा होंगे। ज़िले में वर्तमान में स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का संचालन आफ्लाईन किया जाएगा। जिसके लिए शाम 4.30 से 6.30 का समय निर्धारित किया गया है। हर केन्द्रों में 50 विद्यार्थी नीट की तैयारी के लिए तथा 50 विद्यार्थी प्री-इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी के लिए चयनित किए जायेंगे। बैठक में कलेक्टर ने इस योजना को निर्धारित तिथि आगामी 25 सितंबर से प्रारंभ करने के लिए बैठक व्यवस्था, विद्यार्थियों का चयन, विषय विशेषज्ञों का चयन एवं समय सारणी के निर्धारण का दायित्व नोडल अधिकारियों को सौंपा गया है। कोचिंग के लिए चयनित सभी शालाएं आईसीटी लैब एवं इंटरनेट सुविधायुक्त है। कोचिंग के दरम्यान इन डिजिटल सेवाओं को भी उपयोग में लाया जाएगा। कोंचिंग केन्द्रों में प्रबंधकीय व्यवस्था की देखरेख के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा में पदस्थ सुनील तिवारी सहायक सांख्यिकीय अधिकारी को एवं तकनीकी सहायता के लिए खिरामन वर्मा एमआईएस प्रशासक को नियुक्त किया गया हैं।

नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

सियासी सौगात | छिंदगढ़, सुकमा को बनाएंगे सुंदर और सुविधाजनक : सीएम

छत्तीसगढ़ परब मनाने सरपंचों को भी मिलेगा 10-10 हजार

बनेंगे रेस्ट हॉउस, स्कूल और सर्वसुविधायुक्त अस्पताल

बस्तर/नवप्रदेश। छिंदगढ़, सुकमा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आमसभा में अपने उद्बोधन में कहा हमारी बोली, संस्कृति, परंपरा और भाषा को सहेजने का काम हमने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ परब मनाने के लिए हम सरपंचों को भी 10-10 हजार दे रहे हैं।

सुकमा जिला हमारे दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार है। ये पीछे नहीं रहना चाहिए, लोग आएं और देखें कि सुकमा हमारा सबसे सुंदर जिला बने। यहां अच्छे स्कूल, चिकित्सालय बने और सुविधाएं बढ़े। हम लगातार आपके हित में कार्य कर रहे हैं। विकास के काम हो रहे हैं। आप सबको विकास कार्यों की बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं। जिस प्रकार से सुकमा विकास के पथ पर चल रहा है, इस गति को रुकने नहीं देता है। आने वाले समय में भी विकास होता रहेगा।

हितग्राही मूलक योजनाओं के सामग्रियों का किया वितरण

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुकमा छिंदगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में विभागीय स्टॉल का निरीक्षण के दौरान हितग्राही मूलक योजनाओं के सामग्रियों का वितरण किया। जिसमें 70 हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र, वन संसाधन अधिकार मान्यता पत्र समुदाय को दिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा सोलर चलित मोटर ट्राई सायकल प्रदान किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिलेट्स से बने पोषण आहार का वितरण की जानकारी देते हुए पोषण वाटिका में उपलब्ध स्थानीय फल व सब्ज़ियों को प्रदर्शित किया गया। श्री बघेल ने असंगठित कर्मकार मंडल सहायता योजना के तहत 2 लोंगों एक-एक लाख रुपए सहित श्रम विभाग के अन्य योजना के हितग्राहियों को राशि वितरण किया गया। उन्होंने राजस्व एवं आपदा के द्वारा आरबीसी 6-4 के और स्वेच्छानुदान की राशि और वन विभाग द्वारा प्रतिभावान छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 4 बच्चों को, कृषि विभाग द्वारा बीज मिनी किट,पशुधन विभाग के हितग्राही मूलक योजना का वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 99 स्टॉफ नर्स की नियुक्ति पत्र और हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इसके अलावा रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के उत्पादों का अवलोकन कर महिला स्व-सहायता समूह और उद्यमियों को प्रोत्साहित किया।

आमसभा, छिंदगढ़, सुकमा में सीएम ने की घोषणा

- छिंदगढ़ में रेस्ट हाउस के निर्माण की घोषणा।
- तालनार में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए 30 बिस्तर अस्पताल निर्माण की घोषणा।
- आमजनों की सुविधाओं में वृद्धि करते हुए पोरदेम मार्ग में नवीन पुल का निर्माण होगा।
- मनकापाल से पुसेर मार्ग में मलगेर नदी में पुलिया का निर्माण।
- हम्मीरगढ़ से लिटीरास के बीच बारू नदी में पुल निर्माण की घोषणा।
- सुकमा जिले के मनकापाल, किस्टाराम, जगरगुंडा, बस्तर जिले के पोटानार, धुरागांव गूमड़पाल में धान खरीदी केंद्र की घोषणा।
- रोकेल से पेदारास के मध्य बारू नदी पर पुल निर्माण की घोषणा।
- केरलापाल से पोंगा भेज्जी मार्ग स्थित रेवड़ी नाला में पुलिया निर्माण की घोषणा।

देखते हैं कल जिस ट्रेन से राहुल जी जायेंगे वो आती है या नहीं : भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम भूपेश बघेल ने रेल मंत्रालय और दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे की व्यवस्था को लेकर मिडिया के सामने तंज कैसा है। उन्होंने मुस्कुराते हुए रेलवे की लेट लतीफी पर तंज कसते हुए कहा कि, कल राहुल गांधी रायपुर से बिलासपुर जाएंगे...देखते हैं लेट ट्रेन वक्त पर आती है या नहीं। सीएम भूपेश बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह पर निधाना साधते हुए कहा कि, अभी भी प्रदेश में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह से ओडीएफनहीं हुए हैं। जबकि भाजपा सरकार के वक्त क्षेत्रों को ओडीएफ घोषित कर दिया था। लेकिन शौचालय में ही करीब डेढ़ हजार करोड़ के घोटाले हुए हैं। मुख्यमंत्री ने डॉ. रमन सिंह से पूछा कि क्या इसकी ईडी और सीबीआई जांच होगी या नहीं ?

रेलवे की टाइमिंग पर ली चुटकी

मुख्यमंत्री बघेल ने रेलवे की लेट लतीफी पर तंज कसते हुए कहा कि, कल राहुल गांधी रायपुर से बिलासपुर जाएंगे अब तक राहुल गांधी का दौरा रेलवे रूट से बना है। वैसे भी ट्रेनें रद्द हो रही हैं और कहीं ऐसा तो नहीं होगा कि लेट चल रही ट्रेन कल भी लेट हो जाए..!

कांग्रेस ने छग को बनाया धर्मांतरण, अपराध, नशे और माफिया का गढ़ : साव

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा के परिवर्तन यात्रा के 13वे दिवस के प्रातः कालीन समय में पत्रकार वार्ता संपन्न हुई जिसमें विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव , यात्रा प्रभारी शिवरतन शर्मा, रायपुर सांसद सुनील सोनी, यात्रा सह प्रभारी महेश गागड़ा ,प्रदेश मंत्री निरंजन सिन्हा अशोक बजाज, अमित चिमनानी विमल चोपड़ा, गरियाबंद जिला अध्यक्ष राजेश साहू , उपस्थित हुए । परिवर्तन यात्रा के 13वें दिवस राजिम में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि यात्रा का आज 13वा दिन है यात्रा का अनुभव यह है कि छत्तीसगढ़ की जनता परिवर्तन चाहती है छत्तीसगढ़ में परिवर्तन किसलिए छत्तीसगढ़ की तरक्की के लिए, छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए, छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए, छत्तीसगढ़ में महिलाओं की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में हो रहे घोटाले दर घोटाले से मुक्ति के लिए यह परिवर्तन आवश्यक है परिवर्तन यात्रा जहां से भी हो करके गुजरी है वहां की जनता ने इस यात्रा को अपना अपार आशीर्वाद और स्नेह प्रदान किया है । अरुण साव ने आगे कहा की छत्तीसगढ़ में शराब के घोटाले कोयला घोटाले निरंतर हो रहे हैं साथ ही साथ युवा पीढ़ी को बर्बाद करने के लिए दुबई से युवाओं प्रशिक्षित करके उन्हें सट्टा के कारोबार में उतारा जा रहा है छत्तीसगढ़ धर्मांतरण का, अपराध का, नशे का, माफिया का गढ़ बन गया है। उनका परिवार उनके लिए अच्छा सोचता है परंतु यह सरकार नौजवानों को नशे सट्टा जैसे असामाजिक बीमारियों की ओर धकेल रही युवाओं के लिए रोजगार नहीं है।

इस सरकार के पास और रोजगार के नाम पर भी उनसे छल किया जा रहा है पीएससी जैसे व्यापक परीक्षा में कांग्रेस की सरकार घोटाला करती है कांग्रेस के करीबियों को कांग्रेस के रिश्तेदारों के बच्चों को पैसे लेकर के नौकरियां दी जा रही इस सरकार में यह सरकार भूपेश अकबर और ढेबर की सरकार है जो तुष्टिकरण की राजनीति छत्तीसगढ़ में कर रहे हैं वोट बैंक की राजनीति छत्तीसगढ़ में कर रहे हैं नित प्रतिदिन धर्मांतरण का मामला छत्तीसगढ़ में बढ़ रहा है सनातन पर निरंतर हमले हो रहे हैं भुनेश्वर साहू की निर्मम हत्या बिरनपुर में कर दी जाती है मलकीत सिंह की हत्या भिलाई में होती है हजारों की संख्या में कवर्धा शहर में एक वर्ग विशेष के लोग तलवार लहरा करके समाज में लोगों के बीच में आतंक और भय पैदा करते हैं सरकार को ढाई करोड़ जनता की फिक्र नहीं है। सरकार को केवल अपने वोट बैंक की फिक्र है ।

छत्तीसगढ़ में विकास, खुशहाली के लिए परिवर्तन जरूरी

भाजपा की सरकार आने पर भाजपा का उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ में किसान , महिला, युवा सब खुशहाल हो छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ के लोगों की सरकार बने यही हमारा लक्ष्य है । महिला आरक्षण पर अरुण साव ने कहा कि भाजपा ने हमेशा से महिला हित की बात की है और महिलाओ के हित के लिए काम किया है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिला स्व सहायता समूह ऐसी महती योजनाएं जिससे महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य बीजेपी की सरकार ने किया है साथ ही साथ भाजपा संगठन ने अपने संगठन की नियुक्तियों में 33त्न आरक्षण पहले से ही लागू करके रखा हुआ है ।

धान खरीदी का पैसा केंद्र की मोदी सरकार का

रविंद्र चौबे 3600 रुपए समर्थन मूल्य की बात कहते हैं परंतु 55 से 60 साल तक कांग्रेस की सरकार देश में रही इन्होंने कभी भी गांव गरीब किसान के लिए कोई बात नहीं की ना ही कार्य किया है इस सरकार ने किसानों से धोखा किया है 2003 के पूर्व उनकी सरकार प्रदेश में थी तब भी यह पानी में डूबो डूबो करके धान खरीदी का कार्य करते रहे आज भी उनकी सरकार में रकबा काटकर गिरदावरी बनाया जा रहा ट्यूबवेल के लिए खाद के लिए किसानों को परेशान किया जा रहा है किसानों के साथ छल किया जा रहा है यह सरकार धान खरीदी पर केवल कोरा झूठ बोलती है किसानों से केंद्र की सरकार धान खरीदी के समर्थन मूल्य के साथ-साथ ट्रांसपोर्टिंग का मिलिंग का बारदाना का सुतली तक का पैसा केंद्र सरकार दे रही है ।

मोदी सरकार देश के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकानें में लगी है : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि संसद का विशेष सत्र समाप्त हो चुका है। इस सत्र को लेकर एक बात बिल्कुल साफ़ है। मोदी सरकार देश को कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों - अडानी घोटाला, जाति जनगणना और विशेष रूप से बढ़ती बेरोज़गारी, बढ़ती असमानता और आर्थिक संकट आदि से भटकाने की कोशिश कर रही थी। मोदी सरकार आंकड़ों को चाहे कितना भी छिपा ले, हक़ीक़त यह है कि बड़ी संख्या में लोग परेशान हैं।

ये पिछले सप्ताह रिपोर्ट किए गए कुछ तथ्य हैं जिन्हें दबा दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतें तेज़ी से बढ़ रही हैं। इसका सबसे ज़्यादा असर आम परिवारों के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। टमाटर की कीमतों में अनियंत्रित उछाल को सबने देखा। जनवरी 2023 से तुअर दाल की कीमतें 45 प्रतिशत बढ़ गई हैं। कुल मिलाकर दालों का इंफ्लेशन (मुद्रास्फीति) 13.4 प्रतिशत तक पहुंच गया है। अगस्त से आटे की क़ीमतें 20 प्रतिशत बेसन की कीमतें 21 प्रतिशत गुड़ की क़ीमतें 11.5 प्रतिशतऔर चीनी की क़ीमतें 5 प्रतिशत बढ़ी हैं। आवश्यक घरेलू क्षेत्र में अनियंत्रित महंगाई अर्थव्यवस्था को मैनेज करने में मोदी सरकार की अक्षमता को दर्शाती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि सितंबर 2023 का आरबीआई का नवीनतम बुलेटिन, कोविड-19 महामारी से उबरने में मोदी सरकार की पूरी तरह से विफलता को दर्शाता है। फरवरी 2020 में 43 प्रतिशत लोग लेबर फोर्स में थे। 3.5 से अधिक वर्षों के बाद, यह भागीदारी दर 40 प्रतिशत के आस पास बनी हुई है। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि 25 वर्ष से कम आयु के 42 प्रतिशत से अधिक ग्रेजुएट 2021-22 से बेरोज़गार है। यह गंभीर चिंता का विषय है। महामारी से पहले 2022 में भी महिलाओं को उनकी वास्तविक आय का केवल 85 प्रतिशत ही मिल पा रहा था। हम यह भी जानते हैं कि महामारी की शुरुआत से पहले ही भारत में बेरोज़गारी 45 वर्षों में सबसे अधिक थी। यह एक ऐसा आँकड़ा था जिसे मोदी सरकार ने बहुत छिपाने की कोशिश की थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि मोदी सरकार की पूंजिपतियों को फ़ायदा पहुंचाने वाली नीतियों ने आर्थिक लाभ को कुछ चुने हुई कंपनियों तक केंद्रित कर दिया है।

इस वजह से डैडम् के लिए प्रतिस्पर्धा करना लगभग असंभव हो गया है। मार्सेलस की एक रिपोर्ट में सामने आया कि 2022 में कुल मुनाफे का 80 प्रतिशत सिर्फ 20 कंपनियों के पास गया। इसके विपरीत, छोटे व्यवसाय की बाज़ार हिस्सेदारी भारत के इतिहास में सबसे निचले स्तर पर थी; 2014 से पहले छोटे व्यवसाय की बिक्री कुल बिक्री का लगभग 7 प्रतिशत थी, लेकिन 2023 की पहली तिमाही में यह गिरकर 4 प्रतिशत से भी कम हो गई।

कांग्रेस कभी भी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में थी ही नहीं : चंदूलाल

राजिम/नवप्रदेश। महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस के दोहरे रवैये को लेकर भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि कांग्रेस कभी भी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में थी ही नहीं । वर्ष 2010 में तो कांग्रेस ने केवल सत्ता (यूपीए गठबंधननीत सरकार) के लिए महिला आरक्षण बिल को राज्यसभा से पास होने के बावजूद लोकसभा में पेश ही नहीं किया क्योंकि उस वक्त सहयोगी दल के नेता लालू प्रसाद यादव, शरद यादव और मुलायम सिंह यादव, महिला आरक्षण बिल में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर अड़ गए थे । सारा देश इस हकीकत को जानता है लेकिन इसके बावजूद हैरानी की बात यह है कि कांग्रेस आज महिला आरक्षण बिल को कांग्रेस की देन कहकर, हमेशा की तरह मोदी सरकार की इस ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बिल का झूठा श्रेय लेने का असफल प्रयास कर रही है ।

श्री साहू ने ओबीसी वर्ग को लेकर उमड़े कांग्रेस के झूठे प्रेम पर भी कांग्रेस को आधे हाथों लेते हुए कहां की वर्ष 1953 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा ओबीसी आरक्षण के लिए ÷काका कालेलकर आयोग÷ का गठन किया था, जिसने वर्ष 1955 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी । लेकिन उस रिपोर्ट पर नेहरू सरकार ने किसी प्रकार की कोई कार्रवाई करना जरूरी ही नहीं समझा । इसी प्रकार वर्ष 1978 में मोरारजी देसाई की नेतृत्व वाली जनता पार्टी की सरकार ने ÷ बीपी मंडल आयोग÷ का गठन किया था, जिसने वर्ष 1980 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी । लेकिन अचानक देसाई सरकार 1980 से बेदखल हो गई। इसके बाद एक बार फिर से इंदिरा गांधी के हाथ में सत्ता आई और 1984 में उनकी हत्या के बाद राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने भारी बहुमत के साथ सरकार बनाई । लेकिन इसके बावजूद मंडल आयोग की रिपोर्ट पर कोई कार्यवाही नहीं की गई ।

उल्टे 6 सितंबर 1990 में विपक्ष में रहते हुए राजीव गांधी ने लोकसभा में ओबीसी आरक्षण का पुरजोर विरोध किया था । श्री साहू ने कहा कि इन बातों से स्पष्ट है कि कांग्रेस या गांधी परिवार, हमेशा से ओबीसी आरक्षण का विरोधी रहा है । इसके बावजूद आज कांग्रेस पार्टी द्वारा ओबीसी आरक्षण को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कहना अपने आप में हास्यास्पद है।

अडानी की मालगाड़ी चलाने जनता की ट्रेन को रद्द कर रही रेलवे

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे द्वारा फिर यात्री ट्रेनों को रद्द करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों को ट्रेन की सुविधा दिलाने के लिए कांग्रेस ने आंदोलन किया तब भाजपा के सांसद आंदोलन के खिलाफ बयानबाजी कर रेलवे की काली करतूत को पर्दा करने में लगे थे। अब रेलवे ने फिर कई ट्रेनों को रद्द करने की घोषणा की है।तब भाजपा के बयानवीर सांसदो के मुंह में दही जमा है रेलयात्रियों की समस्यों पर दो लाईन बोलने की साहस नही कर पा रहे है। दुर्भाग्य की बात है भाजपा के प्रचार करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह भी रेल यात्रियों के समस्याओं पर मौन थे और मोदी सरकार के दर्जनों मंत्री बीते 6 माह से छत्तीसगढ़ में घूम रहे हैं लेकिन रेल यात्रियों की समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रेलवे अडानी की मालगाड़ी ट्रेनों को चलाने के लिए जनता की ट्रेनों को रद्द कर रही है और मेंटेनेंस का हवाला दे रही है जो किसी को समझ में नहीं आ रहा है अगर मेंटेनेंस के चलते हैं यात्री ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है फिर मालगाड़ी ट्रेन उस ट्रैक पर कैसे चल रही है? रेलवे कब तक झूठ बोलकर अडानी कि मालगाड़ी को बेरोक टोक चलाएगी और मुनाफा कमायेगी? लोकल ,एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेन रद्द होने से आम जनजीवन प्रभावित होता है। आम लोग समय पर यात्रा नहीं कर पाते हैं किसी के सुख-दुख में शामिल नहीं हो पा रहे हैं डीजल पेट्रोल की कीमतों में हुई मनमानी वृद्धि सड़कों यात्रा के दौरान लगने वाला भारी भरकम टोल टैक्स के चलते यात्रा इतनी महंगा हो गया है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रेलवे जिसका काम जनता की सेवा करना है वो सेवा छोड़कर मुनाफाखोरी में लगी हुई है। आजादी के बाद पहली बार रेल यात्रियों को इतनी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है इसका मुख्य कारण है मोदी सरकार की रेलवे को निजीकरण करने की मंशा और छत्तीसगढ़ के खनिज संपदा को अदानी जैसे लोगों तक पहुंचाना इसके लिए भले ही छत्तीसगढ़ के निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़े। उसे केंद्र की सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। भाजपा नेताओं को भी प्रदेश की जनता की समस्याओं से फर्क नही पड़ता है।

रोइंग में 3 और शूटिंग में 2 मेडल; महिला क्रिकेट टीम फाइनल में, मेंस हॉकी टीम 16-0 से जीती

एशियन गेम्स में भारत को 5 मेडल

हांगझोऊ। चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स में रविवार को भारत ने शानदार शुरुआत की। भारतीय खिलाड़ियों ने मेडल इवेंट्स के पहले ही दिन तीन सिल्वर और दो ब्रॉन्ज समेत कुल पांच मेडल जीते। इसके अलावा भारतीय महिला क्रिकेट बांग्लादेश को 8 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। यानी क्रिकेट में भी मेडल पक्का हो गया है।

महिला क्रिकेट इवेंट के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच आज ही भिड़ंत होनी है। इस मैच में जीत हासिल करने वाली टीम 25 सितंबर को भारत के साथ फाइनल खेलेगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने भी जीत के साथ शुरुआत की है। भारत ने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराया।

शूटिंग में भी सिल्वर मिला

भारत को दूसरा मेडल 10 मीटर एयर राइफल में विमेंस टीम ने दिलाया। मेहुली घोष, रमिता और आशी चौकसी ने सिल्वर मेडल जीता। तीनों ने 1880.0 का टीम स्कोर हासिल किया। रमिता ने 631.9 पॉइंट हासिल किए, जबकि मेहुली ने 630.8 का स्कोर किया। वहीं आशी ने 623.3 अंक बटोरे। भारतीय टीम को तीसरा मेडल रोइंग के पेयर इवेंट में बाबूलाल यादव और लेखराम ने दिलाया। भारतीय जोड़ी ने 6:50:41 के समय के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया। वहीं चौथा मेडल रोइंग-8 इवेंट में मिला। रोइंग-8 में नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार, आशीष और धनंजय उत्तम पांडे ने भारत को सिल्वर दिलाया।

अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह 2017 से एक साथ कर रहे हैं रोइंग

अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह 2017 से एक साथ लाइटवेट डबल स्कल्स इवेंट कर रहे हैं। दोनों ने आर्मी जॉइन करने के बाद रोइंग खेल के बारे में जाना। अर्जुन लाल जाट राजस्थान के जयपुर में शाहपुरा के गांव नया बास के रहने वाले हैं। उनके पिता किसान हैं जबकि दो और भाई उन्हीं की तरह आर्मी में हैं। वहीं अरविंद उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के खबरा गांव से आते हैं। उन्हें खेलों में पहले से ही रुचि थी। आर्मी में भर्ती होने के साथ ही उन्होंने रोइंग की भी ट्रेनिंग शुरू कर दी। 2019 के साउथ कोरिया में हुए एशियन चैम्पियनशिप में इन दोनों ने सिल्वर मेडल हासिल किया था। इसके अलावा नेशनल लेवल पर भी ये दोनों एक साथ गोल्ड और सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। रोइंग को 1982 नई दिल्ली एशियन गेम्स से शामिल किया गया है। शुरुआत में सिंगल स्कल को शामिल किया गया था। 1990 सियोल एशियाई गेम्स से डबल्स स्कल को शामिल किया गया है। भारत को अभी तक इसमें एक भी मेडल नहीं मिला था। वहीं सिंगल स्कल में भारत को 3 मेडल मिले थे। इसमें एक गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल है।

रमिता ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

रमिता ने 10 मीटर राइफल में ब्रॉन्ज जीता। रमिता ने 230.1 स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहीं। जबकि मेहुली घोष चौथे स्थान पर रही। स्विमिंग- 4 गुणा 100 मीटर फ्री स्टाइल रिले में भारतीय स्विमिंग विमेंस टीम फाइनल में पहुंच गई है। टीम में ढींडी, राजीव माना, जान्हवी और शुवांगी शामिल है।

पहला मेडल रोइंग के लाइट वेट डबल्स स्कल में मिला

रविवार को भारत के लिए पहला मेडल रोइंग के लाइट वेट डबल्स स्कल में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह ने दिलवाया। इस जोड़ी ने फाइनल में 6 मिनट, 28.18 सेकेंड का समय लेकर सिल्वर मेडल जीता।

इंग्लैंड ने आयरलैंड को 48 रन से हराया

नॉटिंघम। इंग्लैंड ने आयरलैंड को वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 48 रन से हरा दिया। नॉटिंघम में पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 334 रन बनाए। विल जैक्स (94 रन) और सैम हैन (89 रन) सेंचूरी चूक गए।

335 रन के टारगेट के जवाब में आयरलैंड टीम 46.4 ओवर में 286 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम का कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका, वहीं इंग्लैंड से लेग स्पिनर रेहान अहमद ने 4 विकेट झटके।

दूसरे वनडे में जीत के साथ इंग्लैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहला वनडे बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। वहीं तीसरा वनडे 26 सितंबर को ब्रिस्टल में खेला जाएगा। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड को फिल सॉल्ट और विल जैक्स ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने छठे ओवर में ही टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा दिया। 7वें ओवर में सॉल्ट 28 रन बनाकर आउट हो गए। इसी ओवर में कप्तान जैक क्रॉले खाता खोले बगैर ही विल यंग का शिकार हो गए।

डकेट-जैक्स ने सेंचुरी पार्टनरशिप की- 7वें ओवर में 2 विकेट गंवाने के बाद बेन डकेट और जैक्स ने सेंचुरी पार्टनरशिप की। डकेट 48 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 102 रन की साझेदारी टूटी। विल जैक्स ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया, लेकिन 94 रन बनाकर वह स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल का शिकार हो गए।

उज्बेकिस्तान से भिड़ंत के साथ भारतीय पुरुष हॉकी अभियान की शुरुआत

हांगझोउ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने के लिए रविवार को हांगझोउ में उज्बेकिस्तान के खिलाफ हल्के मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

भारत एफआईएच विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है जबकि उज्बेकिस्तान 66वें स्थान पर है इसलिए भारतीय रविवार के मैच में अधिक से अधिक गोल करना चाहेंगे क्योंकि इससे अंतिम विश्लेषण में उनका गोल अंतर बढ़ जाएगा। स्वर्ण पदक के साथ-साथ, एशियाई खेलों के विजेता को अगले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में सीधे प्रवेश भी मिलेगा। यहां खिताब और ओलंपिक कोटा जीतने का मतलब है कि टीमों को अपनी जगह पक्की करने के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से नहीं गुजरना होगा। भारत, जापान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान को पूल ए में रखा गया है। कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया पूल बी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यहां मैदान में सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम, कागजों पर, भारत के बिना किसी परेशानी के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद है।

चीन और ईरान पुरुष वॉलीबॉल टूर्नामेंट के अंतिम चार में

हांगझोउ। चीन और ईरान की पुरुष वॉलीबॉल टीमें हांगझोउ एशियाई खेलों में क्रॉस मैच चरण में जीत के साथ सीधे अंतिम चार में पहुंच गईं।

रिपोर्ट के अनुसार, ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाले चीन ने इंडोनेशिया को 3-1 (25-17, 25-17, 23-25, 25-22) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। मैच की शुरुआत में दोनों टीमें बराबरी पर थीं, चीन ने नेट पर अधिक गलतियां कीं। जियांग चुआन की सर्विस के दौरान चीन ने चार अंकों की बढ़त बना ली। अपनी गति को आगे बढ़ाते हुए, चीन ने 25-17 पर सेट जीतते हुए पहले अपना लाभ बढ़ाया। दूसरा सेट चीन के लिए अधिक

आसानी से चला गया, लेकिन इंडोनेशिया ने तीसरे सेट में वापसी की और एक बार चीन पर पांच अंकों की बढ़त बना ली। हालाँकि चीन ने झांग जिंगयिंग की सर्विस से अंतर कम कर दिया, फिर भी मेज़बान टीम 23-25 से हार गई। चीन ने पूरे चौथे सेट में थोड़ी बढ़त बनाए रखी और अंततः 3-1 से जीत हासिल की।

प्लेइंग 11 में चांस नहीं मिला तो हताश न हो रोटेशन कोई बुरी चीज नहीं : शमी

नईदिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है कि किसी भी खिलाड़ी को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलने पर हताश नहीं होना चाहिए और उन खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहिए जिनको टीम में जगह मिली है।

शमी से जब पूछा गया कि उन्हें वनडे क्रिकेट में कम मौके मिल रहे हैं तो उन्होंने कहा,जब मैं नियमित तौर पर क्यों खेल रहा था, तब किसी ने किसी को बाहर बैठना पड़ा होगा और उसके लिए मैं दोषी नहीं था। इसलिए यदि आपको टीम में जगह नहीं मिलती तो हताश नहीं होना चाहिए क्योंकि टीम जीत रही है। भारतीय टीम

प्रबंधन ने संकेत दिए हैं कि आगामी विश्व कप के दौरान जब वह अपनी सबसे मजबूत टीम के साथ खेलेगा तो जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज उसके दो प्रमुख तेज गेंदबाज होंगे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 51 रन देकर पांच विकेट लेने वाले शमी ने हालांकि कहा कि जब आप बहुत अधिक मैच खेल रहे होते हैं तो फिर 'रोटेशन' बुरी चीज नहीं होती। शमी ने भारत की जीत के बाद संवाददाताओं से कहा,यह टीम की रणनीति है और इस पर कायम रहना महत्वपूर्ण है। आप हमेशा अंतिम एकादश में जगह नहीं बना सकते हैं तथा काफी कुछ टीम के संयोजन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा,अगर आप अच्छा खेल रहे हैं और अगर आपको अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलती है तो आपको उन खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहिए जो खेल रहे हैं। मेरा मानना है कि हताश होने का कोई मतलब नहीं है।

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन दर्शकों के लिए लेकर आया एक प्रेरणादायक आईएएस अधिकारी की दिलचस्प कहानी

काव्या : एक जज़्बा, एक जुनून

9 एक मजबूत महिला के आईएएस अधिकारी बनने के उद्देश्य की इस प्रगतिशील कहानी में शामिल हैं एक्टर्स सुम्बुल तौकीर खान, मिश्कत वर्मा और अनुज सुलेरे 9 शो का प्रीमियर 25 सितंबर को होगा और यह हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7.30 बजे प्रसारित होगा

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ऐसे दमदार किरदारों की कहानियां पेश करने में सबसे आगे रहा है, जो देश में प्रचलित रूढ़िवादिता को चुनौती देते हैं। और अब, काव्या - एक जज़्बा, एक जुनून के साथ, यह चैनल दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायक किरदार काव्या - एक आईएएस अधिकारी की एक दिलचस्प कहानी लेकर आया है, जिसकी महत्वाकांक्षा देश की सेवा करना और आम आदमी के लिए सही काम करना है।

टेलीविजन स्टार सुम्बुल तौकीर खान ने इस शो में टाइटल रोल निभाया है, जो आत्मविश्वास और पक्के इरादों से भरी है, और एक आईएएस अधिकारी बनने के लिए निडर होकर अपने लिए मुश्किल राह चुनती है। उनके साथ शामिल हैं मिश्कत वर्मा, जो महिलाओं के सच्चे समर्थक आदिराज प्रधान की भूमिका निभा रहे हैं, जो पूरे दिल से अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं और सिविल सेवा अकादमी में काव्या से मिलते हैं। अनुज सुलेरे ने काव्या के मंगेतर, शुभम की भूमिका कुशलता से निभाई है। काव्या के प्रति उसके गहरे लगाव और उसकी आईएएस अधिकारी बनने की आकांक्षा के बावजूद, वो उससे अपने रिश्ते और अपने करियर के बीच किसी एक को चुनने के लिए कहता है। इस चुनौती का सामना करने पर, काव्या एक आईएएस अधिकारी बनने के अपने संकल्प पर अटल रहती है। जब उसे अपने मकसद को छोड़ने के विकल्प का सामना करना पड़ता है, तब वो अपनी सगाई तोड़ने की हद तक चली जाती है। काव्या - एक जज़्बा, एक जुनून÷ का प्रीमियर 25 सितंबर को होगा और यह हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7.30 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

सुम्बुल तौकीर खान, एक्ट्रेस - जिस बात ने मुझे काव्या की ओर आकर्षित किया, वो यह है कि वह एक प्रेरणादायक किरदार है। काव्या की जिंदगी का एक मकसद है÷ एक आईएएस अधिकारी बनना और यह मकसद उसे जीवन में आने वाली सभी चुनौतियों का सामना करने की हिम्मत देता है। काव्या सिर्फ एक किरदार नहीं है, वो ऐसी कई महिलाओं का प्रतिनिधित्व करती है जो ऐसे अनुभवों से गुजरती हैं जो उनके सब्र का इम्तेहान लेते हैं, लेकिन यह उसका अटूट उद्देश्य है जो उसे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित करता है मैं आदिराज का रोल निभाने के अवसर को लेकर बहुत उत्साहित हूं, एक ऐसा किरदार जो भारतीय टेलीविजन पर दिखाए जाने वाले पुरुष किरदारों से बहुत अलग है।

बिजनेस

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भी अर्थव्यवस्था की चाल बेहतर

वित्त मंत्रालय को भरोसा, एफवाई24 में 6.5 प्रतिशत रह सकती है वृद्धि दर

नईदिल्ली। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में नरमी की आशंका को दरकिनार करते हुए वित्त मंत्रालय ने भरोसा जताया कि वित्त वर्ष 2024 में देश सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.5 फीसदी की वृद्धि दर हासिल कर लेगा। मगर मंत्रालय ने वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और अगस्त में मॉनसूनी बारिश की कमी के खरीफ एवं रबी फसलों पर असर जैसे जोखिमों का जिक्र भी किया। उसके मुताबिक इन जोखिमों का आकलन करने की जरूरत है। अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में वित्त मंत्रालय ने कहा कि कंपनियों के मुनाफे में सुधार, निजी क्षेत्र के पूंजी निर्माण, बैंक उधारी तथा निर्माण क्षेत्र में गतिविधियों में वृद्धि ने नरमी का जोखिम कुछ हद तक कम कर दिया है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'वित्त वर्ष 2024 के लिए देश की आर्थिक तस्वीर उजली बनी हुई है। आर्थिक गतिविधियों ने अपनी रफ्तार बरकरार रखी है। उच्च आवृत्ति वाले संकेतकों से पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भी अर्थव्यवस्था की चाल बेहतर है। यह सब देखकर हमें पूरा भरोसा है कि जोखिमों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में हम 6.5 फीसदी का वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान हासिल कर लेंगे।'

संकट का कोई अलार्म नहीं दिख रहा

वित्त मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक बाजार में गिरावट के बीच शेयर बाजार में नरमी का जोखिम हमेशा बना रहता है। समीक्षा में कहा गया है, 'तेल की कीमतों में तेजी एक बड़ी चिंता है। हालांकि अभी संकट का कोई अलार्म नहीं दिख रहा है मगर अमेरिका में 10 वर्षीय बॉन्ड का प्रतिफल 4.3 फीसदी से अधिक हो गया है। एसऐंडपी 500 सूचकांक भी अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से अधिक दूर नहीं है।' मगर मंत्रालय को भरोसा है कि भारत की आर्थिक गतिविधियों पर इन घटनाओं का प्रभाव अपेक्षाकृत कम होना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक तमाम संकेतकों से पता चलता है कि बैंकिंग क्षेत्र में गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में गिरावट, पूंजी बनाम जोखिम वाली परिसंपत्तियों के अनुपात (सीआरएआर) में सुधार, परिसंपत्तियों पर रिटर्न (आरओए) में बढ़ोतरी और इक्विटी पर रिटर्न में इजाफे के कारण इस क्षेत्र की मजबूती बढ़ रही है।

अर्थव्यवस्था में निजी खपत को बढ़ावा देने में योगदान

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही थी। इसके बाद कई अर्थशास्त्रियों ने पूरे वित्त वर्ष के लिए अपना अनुमान बढ़ाकर 6.5 फीसदी के आसपास कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार देश में उपभोग की मजबूत मांग और निवेश ने पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'शहरी बेरोजगारी दर में लगातार गिरावट ने अर्थव्यवस्था में निजी खपत को बढ़ावा देने में योगदान किया है। वस्तुओं और सेवाओं की मांग बढ़ने से विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों के उत्पादन और मूल्यवर्धन में वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में जबरदस्त इजाफा हुआ है।' अगस्त में मॉनसूनी बारिश में कमी रही थी मगर उसकी कुछ हद तक भरपाई सितंबर में हो गई है और जिन खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने की वजह से जुलाई में मुद्रास्फीति 7 फीसदी से ऊपर पहुंच गई थी।

लैपटॉप आयात पर रोक की तारीख तय नहीं

नईदिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने प्रस्ताव दिया है कि लैपटॉप, टेबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और छोटे सर्वर का आयात करने वाली कंपनियों को 1 नवंबर से विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की वेबसाइट पर पंजीकरण करना चाहिए। बेवसाइट पर पंजीकरण कराने वाली कंपनियों को एक निश्चित अवधि के लिए इन उत्पादों का आयात करने से रोका नहीं जाएगा। मगर आयात पर पाबंदी कब लागू होगी, इस पर अब भी विचार ही चल रहा है।

मंत्रालय ने पहले इसके लिए 1 अप्रैल, 2024 की समयसीमा का सुझाव दिया था मगर उद्योग एक साल की मोहलत पर जोर दे रहा है। उद्योग को लगता है कि उस समय तक उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की पात्र कंपनियों में से कई देश में इस तरह के उत्पाद बनाना शुरू कर देंगी और संभव है कि तब तक भारत से इसका निर्यात भी शुरू हो जाए।

आयात पर प्रतिबंध लगने के बाद इन उत्पादों का आयात तीन पैमानों पर कसा जाएगा ङ्क पिछले साल आयात किए गए आईटी हार्डवेयर की कीमत, देश में उत्पादन की कीमत और निर्यात किए गए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की कीमत। इसका सीधा अर्थ यह है कि कंपनियों को उनके द्वारा किए गए निर्यात और देश में किए गए उत्पादन के एवज में क्रेडिट मिलेगा, जिसका इस्तेमाल ऐसे उत्पादों के आयात में किया जा सकेगा।

भविष्य में सेमीकंडक्टर की मांग बढ़कर पांच लाख करोड़ पहुंचेगी

नई दिल्ली। अमेरिकी चिप निर्माता माइक्रोन ने 23 सितंबर (शनिवार) को गुजरात के साणंद औद्योगिक क्षेत्र में 2.75 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर परीक्षण और पैकेजिंग संयंत्र के पहले चरण के निर्माण को हरी झंडी दिखाने के लिए एक ग्राउंडब्रेकिंग समारोह आयोजित किया।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि कहा कि अगले छह महीनों में अहमदाबाद और साणंद के बीच एक हाई-स्पीड ट्रेन चलना शुरू हो जाएगी।

सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रॉन के संयंत्र के शिलान्यास समारोह में वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें साणंद में भी रुकेंगी।

रेल मंत्री ने कहा कहा, अहमदाबाद से साणंद के बीच एक विश्व स्तरीय ट्रेन शुरू होगी। हाई-स्पीड ट्रेन बहुत जल्द, अगले छह महीनों में शुरू हो जाएगी।÷ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में बात करते हुए, वैष्णव, जिनके पास संचार और आईटी विभाग भी है, ने कहा, अगले कुछ वर्षों में सेमीकंडक्टर की मांग बढ़कर 5 लाख करोड़ रुपये होने जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण डिजाइन और मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर के साथ देश के भविष्य का निर्माण करना है।

ईवी की बिक्री को नहीं मिल रही गति

नईदिल्ली। इस महीने की शुरुआत में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गर्व से भारत में फलते-फूलते इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण उद्योग के बारे में बताया था।

उन्होंने अब तक 30 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बेचने को उपलब्धि करार देते हुए इसमें 600 से अधिक स्टार्टअप कंपनियों की भूमिका पर जोर दिया और उम्मीद जताई कि साल 2030 तक बर साल 1 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री होगी।

देश में शांति से हो रही ईवी क्रांति काफी प्रशंसनीय है मगर आंकड़ों के पीछे की कहानी

आशाजनक नहीं है। सूत्रों से पता चलता है कि देश में 640 कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहन बनाती हैं। लेकिन 345 कंपनियों ने बताया कि उन्होंने 100 से कम गाड़ियां बेची हैं।

इसके विपरीत, सड़क परिवहन एवं वाहन राजमार्ग मंत्रालय के वाहन डैशबोर्ड पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2023 से 10 लाख वाहनों की बिक्री में शीर्ष 20 कंपनियों की 70 फीसदी हिस्सेदारी रही। 460 कंपनियां इलेक्ट्रिक तीन पहिया वाहन बनाती है यानी उद्योग के कुल 640 विनिर्माताओं में से 76 फीसदी मगर इस श्रेणी को सर्वाधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।


अब घर का सपना साकार
कर रही छत्तीसगढ़ सरकार
आवास न्याय सम्मेलन
25 सितम्बर 2023, दोपहर 2 बजे
फायर एवं एसडीआरएफ मैदान, परसदा (सकरी)
विकासखंड तखतपुर, बिलासपुर
माननीय सांसद
श्री राहुल गांधी जी
की गरिमामयी उपस्थिति में
छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना के 30,000 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण
पीएमएवाय (ग्रामीण) के 1 लाख हितग्राहियों को 25-25 हजार रु के मान से प्रथम किस्त का वितरण
मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के 500 हितग्राहियों को 1-1 लाख रु की राशि का वितरण
विभिन्न जिलों के 2,594 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र
नगरीय क्षेत्रों में 1,117 वन अधिकार पत्रों का वितरण
बिलासपुर जिले में 524.33 करोड़ रु की लागत वाले 185 विकास व निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
संवाद – 38653
छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in